राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 27
लखनऊ, गुरुवार 12 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विनोबा भावे ने गांधी जी के साथ मिलकर देश सुधारने का काम किया : डिप्टी सीएम 03

देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना कांग्रेस की आदत : शाह 12


## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में लगे 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को करीब एक बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान बताया जा रहा है। पाकिस्तान के साथ हरियाणा और पंजाब सहित भारत के कई राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में लोग घरों से बाहर निकल आए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार आज दोपहर 12.58 मिनट पर रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता वाला भूकंप आया। इस भूकंप का केन्द्र पाकिस्तान में जमीन से 33 किलोमीटर नीचे था। पाकिस्तानी समाचार पत्रों के अनुसार भूकंप का केन्द्र डेरा गाजी खान था। इससे अब तक किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है। स्थानीय समाचार पत्रों के अनुसार अधिकारियों का कहना है कि भूकंप के बाद किसी भी तरह के नुकसान से निपटने के लिए पाकिस्तान सरकार पूरी तरह से तैयार है। इस भूकंप के झटके के बाद दिल्ली और एनसीआर में भी बहुत से लोग दहशत के कारण अपने-अपने घरों और आफिसों से बाहर निकल आए।

### तलाशी में हथियार व गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**कुपवाड़ा।** कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने बुधवार को तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद का एक बहुत बड़ा जखीरा बरामद किया है। सेना ने जानकारी दी कि विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर आज कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। संकेतित क्षेत्र में तलाशी के दौरान हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ जिसमें एके 47 राउंड, हैंड ग्रेनेड, आरपीजी राउंड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और अन्य युद्ध जैसा सामान बरामद हुआ हैं। सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की संभावना के चलते तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है।

### फर्जी एनकाउंटर : पुलिसवालों पर एफआईआर के आदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस इन दिनों लगातार बदमाशों का एनकाउंटर कर रही है। इसके साथ ही पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर का आरोप लग रहा है। इसी बीच कोर्ट ने कौशांबी के चरवा थाने की पुलिस, एसओजी प्रभारी और उनकी टीम पर अपहरण कर हत्या करने की एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। बता दें कि प्रयागराज के एक युवक को कौशांबी पुलिस ने मुठभेड़ में गोली मार दी। बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ कांड पर सवाल खड़े हो गए। पुलिस पर घर से अपहरण कर ले जाने, फिर फर्जी मुठभेड़ में गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा। मृतक युवक की मां ने याचिका दायर किया था जिसकी सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शशि कुमार ने किया। इस मामले में कोर्ट ने कहा- जो दस्तावेज हमारे सामने रखे गए हैं। उससे ऐसा लगता है कि कौशांबी पुलिस की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध है। इसलिए संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश दिया जाता है कि एफआईआर दर्ज कर मामले की सही जांच की जाए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा दस्तावेज के मुताबिक, घटना 10 सितंबर, 2023 को सुबह 7 बजे हुई।

# सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही सरकार : प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सेमीकंडक्टर से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत फोकस कर रहे हैं। भारत के लिए चिप का मतलब सिर्फ टेक्नोलॉजी भर नहीं है, हमारे लिए यह करोड़ों एस्पिरेशंस को पूरा करने का माध्यम है। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं। भारत इस क्षेत्र में 360 डिग्री एप्रोच के साथ काम कर रहा है।

हमारी सरकार भारत में पूरे सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन इकोसिस्टम को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से किए अपने संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा, भारत वो सब करने वाला है। भारत का सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सिर्फ भारत के नहीं बल्कि ग्लोबल चैलेंजेस को भी सॉल्यूशंस प्रोवाइड करेगा। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्हें विभिन्न सेमीकंडक्टर आधारित उपकरणों एवं इनोवेशंस के विषय में जानकारी दी गई।



### सीएम ने इन्वेस्टर्स को हर संभव मदद का दिया भरोसा

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के बुधवार को हुए उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्लोबल लीडर्स और इन्वेस्टर्स के साथ वन टू वन मुलाकात भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर्स को प्रदेश में सुरक्षित निवेश के साथ-साथ हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इन्वेस्टर्स ने भी इस इवेंट को महत्वपूर्ण बताया, जबकि उन्होंने उत्तर प्रदेश को निवेश का बेहतरीन गंतव्य करार दिया। देशी और विदेशी दोनों इन्वेस्टर्स ने माना कि भारत में सेमीकंडक्टर का काफी स्कोप है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर का हब बन सकता है।

### स्टूडेंट्स व प्रोफेशनल्स को बनाएंगे सेमीकंडक्टर, इंडस्ट्री रेडी

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के डिजाइनर्स और उनके जबर्दस्त टैलेंट को तो आप भलीभांति जानते हैं। डिजाइनिंग की दुनिया में 20 प्रतिशत टैलेंट का योगदान भारत करता है और इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। हम 85 हजार टेक्नीशियंस, इंजीनियर्स और आरएंडडी एक्सपर्ट्स की सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है। हाल ही में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की पहली बैठक हुई है। इस फाउंडेशन से भारत के रिसर्च इकोसिस्टम को एक नई दिशा भी मिलेगी, नई ऊर्जा भी मिलेगी। इसके अलावा भारत में वन ट्रिलियन रुपये का स्पेशल रिसर्च फंड भी बनाया गया है।

### भारत सेमीकंडक्टर चिप और उनके फिनिश गुड्स भी बनाएगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया मिशन का लक्ष्य देश को एक ट्रांसपेरेंट, इफेक्टिव और लीकेज फ्री गवर्नेंस देना था और आज हम इसके मल्टीप्लायर इफेक्ट को महसूस कर रहे हैं। एक दशक पहले हम मोबाइल फोन्स के बड़े इंपोर्टर्स में एक थे और आज हम दुनिया के नंबर 2 प्रोड्यूसर और एक्सपोर्टर हैं। अभी एक ताजा रिपोर्ट आई है कि आज भारत 5जी हैंडसेट्स का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। दो साल पहले ही हमने 5जी रोलआउट शुरू किया था और आज देखिए हम कहां से कहां पहुंच चुके हैं। आज भारत का इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर 150 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा का हो चुका है और अब तो हमारा लक्ष्य और भी बड़ा है।

# धर्मांतरण केस में मौलाना कलीम समेत 12 दोषियों को मिली उम्रकैद

### चार दोषियों को सुनाई गई 10-10 साल की सजा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के मामले में एटीएस-एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने 12 दोषियों को उमकैद की सजा सुनाई है। चार दोषियों को दस-दस वर्ष की सजा सुनाई है। उम्रकैद की सजा पाने वालों में मदरसा जामिया इमाम वलीउल्लह इस्लामिया का संचालक मौलाना कलीम सिद्दकी भी शामिल है। धर्मांतरण मामले में कुल 17 आरोपित थे। इसमें एक आरोपित इदरीश कुरैशी को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया।

एटीएस के लोक अभियोजक एमके सिंह ने बताया कि एनआईए-एटीएस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने अवैध रूप से मतांतरण का दोषी मानते हुए मंगलवार को फैसला सुरक्षित कर लिया था। बुधवार को सजा का ऐलान किया। इसी को ध्यान में रखते हुए कड़ी सुरक्षा में सभी दोषियों को कोर्ट में पेश किया गया। न्यायधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए मो. उमर गौतम, सलालुद्दीन जैनुद्दीन शेख, मुफ्ती जहांगीर कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, मौलाना कलीम सिद्दकी, भुप्रियबंदो मानकर उर्फ अरसलान मुस्तफा, प्रसाद रामेश्वर कांवरे, कौशर आलम, डॉ. फराज शाह, धीरज गोविंद, सरफराज अली जाफरी, अब्दुला उमर को उम कैद की सजा सुनाई है। वहीं, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल, राहुल भोला राहुल अहमद, मो. सलीम, कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ को दस-दस साल की सजा सुनाई गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रलोभन देकर लोगों को धर्म परिवर्तन कराये जाने के मामले में एटीएस नोएडा यूनिट के दारोगा विनोद कुमार ने लखनऊ के गोमतीनगर थाना में 20 जून 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद मौलाना कलीम सिद्दकी, उमर गौतम समेत कई लोग गिरफ्तार भी किये गए। इनके खातों की जांच की गई और हाथ लगे कई साक्ष्यों से पता चला कि धर्म परिवर्तन के लिए विदेश से फंडिंग होती थी। इस्लामिक संस्था में आने वाले विदेशी फंडिंग से लोगों को लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराते थे।

### गांधी मैदान बम ब्लास्ट मामला : चार दोषियों की मौत की सजा उम्रकैद में बदली

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने बुधवार को गांधी मैदान बम ब्लास्ट मामले में चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। चारों दोषियों को अब फांसी नहीं होगी। दरअसल, 27 अक्टूबर 2013 को पटना में तत्कालीन पीएम पद उम्मीदवार नरेंद्र मोदी की एक रैली में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इस मामले में चार आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, बुधवार को पटना हाई कोर्ट ने चारों आरोपियों की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। आरोपियों के वकील इमरान गनी ने बताया कि गांधी मैदान बम ब्लास्ट मामले में छह याचिकाओं पर सुनवाई पहले ही हो चुकी थी। आज पटना हाई कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया है।

### अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता ने बिल्डिंग से कूदकर की आत्महत्या

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता ने एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बांद्रा इलाके में स्थित अल्मेडा पार्क बिल्डिंग से अभिनेत्री मलायका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने बुधवार सुबह 9 बजे सातवीं मंजिल की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि अनिल अरोड़ा ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया। अनिल अरोड़ा के निधन की खबर मिलते ही मलायका अरोड़ा के पूर्व पति अरबाज खान उनके घर पहुंचे हैं। अभिनेत्री मलाइका पुणे में थीं। पिता के निधन की खबर सुनकर वह मुंबई के लिए रवाना हो गईं हैं।

## यूपी में भारी बारिश का अनुमान, कई जिलों के लिए रेड-ऑरेंज अलर्ट जारी

### प्रभावित जिलों में अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 'रेड और 'ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले 48 घंटों में भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मथुरा और आगरा को 'रेड अलर्ट के तहत रखा गया है, जिसके तहत संभावित प्राकृतिक आपदाओं के लिए उच्चतम स्तर की तैयारियां करने के लिए कहा जाता है।

राज्य के एक दर्जन से अधिक अन्य जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मथुरा और आगरा के लिए रेड अलर्ट बुधवार सुबह से बृहस्पतिवार सुबह तक वैध है। इसके अलावा, फर्रुखाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर को भी बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जी.एस. नवीन कुमार ने कहा, प्रभावित जिलों में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

### हत्यारोपी गिरफ्तार, यूपी एसटीएफ ने पकड़ा

**लखनऊ ।** वाराणसी एसटीएफ ने मिर्जापुर में कैश वैन के गार्ड की हत्या करने वाले हत्यारोपी राजीव कुमार साहनी को गिरफ्तार कर लिया है। स्पेशल टास्क ने बिहार के वैशाली में दबिश देकर हत्यारोपी को उसके घर से पकड़ा है। वारदात को अनजाम देने के बाद हत्यारोपी कई शहरों में पनाह लेने के लिए भटक रहा था, दो दिन पूर्व वह घर आया था। गौरतलब है कि 12 सितंबर 2023 को एक्सिस बैंक के बाहर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत भी फैलाई थी। इस दौरान बदमाशों ने कैश वैन के गार्ड जय सिंह की हत्या कर 35 लाख रुपये लूट लिए थे।

## महंत नृत्य गोपाल दास की सेहत में सुधार, मेदांता अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मेदांता अस्पताल लखनऊ में भर्ती अयोध्या के महंत नृत्य गोपाल दास की सेहत में सुधार हो गया है। वह चार दिनों से मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें यूरिनरी इंफेक्शन, सेप्टीसीमिया के खतरे के अलावा मुंह के रास्ते कम आहार लेने की समस्या थी। उन्हें बेहोशी के दौरे आ रहे थे। इस दौरान वह तीन दिन आईसीयू में भी भर्ती रहे।

बुधवार को उन्हें मेदांता अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।महंत श्री दास को बीते 8 सितंबर की शाम 6.30 बजे मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें मूत्र मार्ग (यूरिन ट्रैक) में संक्रमण की समस्या हो रही थी और मुंह से खाना निगलने में भी उन्हें दिक्कत हो रही थी।इस कारण शरीर निढाल हो गया था। मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया। इलाज से दूसरे दिन से ही उनकी सेहत में काफी सुधार होने लगा। महंत श्री दास आहार ग्रहण करने लगे। मेदांता अस्पताल के इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के निदेशक डॉ. दिलीप दूबे व क्रिटिकल केयर के सीनियर कंसल्टेंट व इंचार्ज डॉ. पुष्पेन्द्र सांगवान ने बताया कि बीते आठ सितंबर को महंत श्री दास को बेहद नाजुक हालत में मध्यप्रदेश के ग्वालियर से लाया गया।यूरिन ट्रैक में संक्रमण बढ़ रहा था।

## सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी विकास पर जोर

### सरकार व सेना सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध : राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत की भौगोलिक स्थितियों में अलग-अलग सुरक्षा चुनौतियों की चर्चा करते हुए सीमावर्ती इलाकों के बुनियादी विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत दक्षिण में तीन ओर समुद्र से घिरा हुआ है, जहां की परिस्थितियां अलग हैं।

पश्चिम में कच्छ के रण से लेकर, राजस्थान और पंजाब में चुनौतियां अलग हैं। उत्तर में कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक हिमालय के होने के कारण



वहां चुनौतियां अलग हैं। यानी हर जगह अलग-अलग तरीके का भूगोल होने से उनकी अलग-अलग चुनौतियां हैं और उसके अनुसार हमें वहां के विकास पर ध्यान देना होता है। नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आयोजन दिखाता है कि हमारी सरकार और हमारी सेनाएं देश के सीमावर्ती इलाकों के विकास को लेकर कितनी प्रतिबद्ध हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस कॉन्क्लेव के दौरान हम सब इससे संबंधित सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेंगे। यहां से ऐसी बातें निकलेंगी, जो देश के सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे देश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगी।

पिछले 10 वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों में साढ़े आठ हजार किमी से भी अधिक सड़कों का निर्माण हुआ है। लगभग चार सौ किलोमीटर से अधिक स्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र विकास के लिए हमारी सरकार ने 220 किलो वोल्ट की श्रीनगर-लेह बिजली लाइन चालू की है, जिससे लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड से जुड़ पाए।

### आभूषण व्यवसाई से लूट में चार इनामी गिरफ्तार करोड़ों का सोना बरामद

**सुल्तानपुर ।** नगर मे सर्राफा व्यवसाई भरतजी सोनी से करोड़ों की लूट में जिले की एसओजी टीम व कोतवाली नगर टीम ने चार बदमाशों को कोतवाली नगर के दुबेपुर के पास से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करोड़ों रुपए क़ीमत का सोना बरामद किया है। कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में दिन दहाड़े 28 अगस्त को आभूषण व्यवसाई से सवा करोड़ के जेवरात गन प्वाइंट पर लूट कर पांच बदमाश फरार हो गए थे। जिसका लाइव वीडियो सामने आया था। घटना के अनावरण के लिए एसटीएफ समेत सात टीमें लगाई गई। वारदात का मास्टरमाइंड अमेठी के बदमाश विपिन सिंह ने अगले दिन रायबरेली कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

## हाइवे पर अब 20 किमी तक आने-जाने पर निजी वाहन मालिकों को नहीं देना होगा टोल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** निजी वाहन मालिकों के लिए एक अच्छी खबर सामने आयी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बदले नियम के बारे में अधिसूचना जारी कर दी है। ग्लोबल नेविगेशन सैटलाइट सिस्टम का इस्तेमाल करने वाले निजी गाड़ी मालिकों से हाइवे और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर तक की यात्रा पर कोई टॉल नहीं लिया जाएगा।

नई प्रणाली के तहत, यदि आप राजमार्गों या एक्सप्रेसवे पर 20 किमी तक की यात्रा करते हैं, तो आपको किसी भी टोल शुल्क का सामना नहीं करना पड़ेगा, बशर्ते आपके वाहन में ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (त्नहस्स्) हो। यह परिवर्तन संशोधित राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2024 का हिस्सा है। यह बदलाव सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 को अपडेट करने के बाद आया है। अब से, यदि यात्रा की गई दूरी 20 किलोमीटर से अधिक है, तो शुल्क की गणना वास्तविक यात्रा की गई दूरी के आधार पर की जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि आप राजमार्ग पर 30 किलोमीटर की यात्रा करते हैं, तो आपसे मुफ़्त 20 किलोमीटर से आगे केवल 10 किलोमीटर के लिए शुल्क लिया जाएगा।



## थर्ड जेंडर को यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल करने की उठी मांग

### यूपी बोर्ड सचिव ने गंभीरता से विचार करने का दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** देश और दुनिया में सबसे बड़ी परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) में अब थर्ड जेंडर के बारे में बच्चों को शिक्षा देने की मांग उठने लगी है। यूपी किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) ने यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह से मिलकर मांग की है कि यूपी बोर्ड में थर्ड जेंडर के विषय को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

उन्होंने इस बाबत बोर्ड के सचिव को ज्ञापन भी सौंपा है। महामंडलेश्वर ने ज्ञापन में मांग की है कि प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं को थर्ड जेंडर के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में हाईस्कूल व इण्टर के पाठ्यक्रम में थर्ड जेंडर को शामिल किया जाये जिससे कि समाज में थर्ड जेंडर को उचित सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज में दो लिंग यानी महिला और पुरुष की बात तो होती है लेकिन थर्ड जेंडर के बारे में कोई बात नहीं करना चाहता, जिससे थर्ड जेंडर खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं। टीना मां ने कहा कि थर्ड जेंडर के बारे में देश-प्रदेश के करो?ों छात्र-छात्राओं को कोई जानकारी नहीं है। जबकि वह भी समाज के किसी न किसी परिवार के सदस्य होते हैं। वह परिवार हमारा या आपका भी हो सकता है। ऐसे में अब जरूरी हो गया है कि थर्ड जेंडर को समाज के लोग जानें और समझें।

गाइडलाइन | उत्तर प्रदेश सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

## रिटायर्ड फौजी करेंगे अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों की सुरक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में पैरा मेडिकल स्टॉफकी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संबंध में गाइडलाइन जारी की है। अस्पतालों में कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए रिटायर्ड फौजी नियुक्त होंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने केजीएमयू लखनऊ, यूपीयूएमएस सैफई इटावा के अलावा राज्य के राजकीय मेडिकल संस्थानों को गाइडलाइन भेज दी है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लेख करते हुए बताया है कि देश में हरे नागरिक की सुरक्षा से लेकर



उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार देना राज्य का कर्तव्य है। उन्होंने अस्पतालों में नर्सिंग कर्मियों और पैरा मेडिकल स्टॉफ के साथ होने वाली मारपीट पर चिंता जताई है। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए कुछ प्रावधान किए हैं।इसमें कहा है कि सबसे पहले अस्पताल में एक नोटिस डिस्प्ले किया जाए, जिसपर स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किसी तरह की हिंसक वारदात करने पर लगने वाली भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के साथ सजा जिक्र हो। हर अस्पताल में सुरक्षा समिति का गठन होना चाहिए। समिति समय के मुताबिक सुरक्षा की रणनीति बनाएगी।

मुख्य सचिव ने अस्पतालों में मरीजों व उनके परिजनों के लिए रिस्ट्रिक्टेड एरिया तय करने को कहा है। अस्पताल में मरीजों को बिना पास के एंट्री न दी जाए। रात के समय डॉक्टर या नर्सिंग कर्मियों को आम तौर पर एक ब्लाक से दूसरे में और दूसरे से तीसरे में जाना होता है। आवाजाही के दौरान उनके साथ सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होनी चाहिए। अस्पताल परिसर में सिक्योरिटी गश्त लगातार होनी चाहिए।उन्होंने अपने आदेश में अस्पताल के अंदर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी, पुलिस चौकी के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में तैनातसंविदा कर्मियों के पुलिस वैरिफिक्रेशन के भी आदेश दिए हैं। आदेश में साफ तौर पर कहा है कि अस्पतालों में सुरक्षा के लिए भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की जानी चाहिए। इमरजेंसी और आईसीयू वार्ड जैसे हिंसा संभावित स्थानों को चिन्हित करने के साथ समुचित इंतजाम होने चाहिए कि कोई व्यक्ति हथियार लेकर अंदर न आ सके। अस्पताल के एंट्रीगेट पर सुरक्षा जांच के इंतजाम होने चाहिए।

## अलग-अलग पैन कार्ड मामले में आजम खान पर 10000 का हर्जाना

समृद्धि न्यूज

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान पर रामपुर की एमपी एमएलए विशेष अदालत मैजिस्ट्रेट ट्रायाल में उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान के दो अलग-अलग पैन कार्ड का मामला विचाराधीन है। इस मामले में बचाव पक्ष द्वारा एक गवाह को दोबारा जिरह करने के लिए अदालत से प्रार्थना की थी। उनके इस प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने अदालत में दलील रखी कि इस गवाह के साथ पहले भी काफी विस्तार से जिरह हो चुकी है और केवल अदालत का समय नष्ट करने के लिए यह प्रार्थना पत्र दिया गया है।

अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलील को मानते हुए न केवल आजम खान पक्ष के प्रार्थना पत्र को निरस्त कर



दिया बल्कि उन पर 10000 हर्जाना भी आरोपित कर दिया। इस मामले में अगली सुनवाई अब 13 सितंबर को होगी। इस विषय पर वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया,, अब्दुल्लाह आजम खान के डबल पेनकार्ड से संबंधित मामला जो विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए के न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें विवेचक की गवाही हो गई है बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा पीडब्ल्यू 8 एसआई परवीन कुमार को पुना जिरह करने हेतु तलब करने के लिए प्रार्थना पत्र 311 सीआरपीसी का प्रस्तुत किया गया था।

# प्रभारी नदारद पुलिस चौकी चला रहे वानर राज, चोर उचक्के दे रहे वारदातों को अंजाम

- पुलिस चौकी प्रभारी की कुर्सी पर बैठा दिखा बन्दर, सोशल मीडिया पर दिन भर वायरल हुई फोटो

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




जहां एक ओर भीरा पुलिस लगातार हो रही वारदातों पर नियंत्रण लगाने में असमर्थ है। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र की बिजुआ पुलिस चौकी पर जिम्मेदार नदारद रहते हैं। जिसका उदाहरण बुधवार को देखने को मिला जब पुलिस चौकी बिजुआ में एक बंदर चौकी प्रभारी की कुर्सी पर बैठा दिखाई दिया।किसी ने प्रभारी की कुर्सी पर बैठे बंदर की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

थाना भीरा क्षेत्र की पुलिस चौकी बिजुआ में प्रभारी की कुर्सी पर बैठे बंदर की फोटो बुधवार को सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल होती रही। इन दिनों भीरा थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही वारदातों को लेकर भीरा पुलिस सुर्खियों में है। एक वारदात का खुलासा नहीं हो पाता है कि कहीं ना कहीं दूसरी वारदात हो जाती है। बुधवार दोपहर बिजुआ पुलिस चौकी का स्टाफ नदारद था।

पुलिस चौकी प्रभारी की कुर्सी पर कहीं से एक वानर राज आकर प्रभारी की कुर्सी पर बैठ गए। रास्ते से गुजर रहे किसी राहगीर ने प्रभारी की कुर्सी पर बैठे वानर राज का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रभारी की कुर्सी पर बैठे वानर राज को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण क्षेत्र में चोर, उचक्के बेखौफ होकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते हैं।

## एक दिवासीय रोजगार मेला 19 सितम्बर को

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जिला सेवायोजन कार्यालय / मॉडल कॅरियर सेन्टर के संयुक्त तत्वाधान में शासन के निर्देशानुसार 19 सितम्बर को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर लखीमपुर-खीरी में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की 05 कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त रोजगार मेले में सभी शैक्षिक योग्यता के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। निजी क्षेत्र की कम्पनियों का विवरण रोज़गार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर उपलब्ध है, अतः उक्त पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है, जिससे आप अपनी योग्यता अनुसार, प्रतिभाग कर रही कम्पनियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगें। जिला रोज़गार सहायता अधिकारी सुश्री साक्षी डागुर ने बताया कि शिक्षित युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार संगम पोर्टल की शुरूआत की गयी है। मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि को अपने बॉयोडाटा, के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर लखीमपुर-खीरी में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मेले का लाभ उठा सकते हैं। उक्त रोजगार मेले में कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों की चयन प्रकिया निःशुल्क रहेगी।

### हरिद्वारी वैश्य महासभा के महासम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से चर्चा

# संगठन के विस्तार के लिए सौंपी जिम्मेदारियां

- समूचे प्रदेश से एकत्र हुए वैश्य समाज के सजातीय बंधु

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**




श्री हरिद्वारी वैश्य महासभा (पंजी) के तत्वाधान में वैश्य समाज का विशाल महासम्मेलन शहर के एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष केके गुप्ता ने की। यहां प्रदेश संरक्षक प्रकाश गुप्ता, प्रदेश संयोजक शरद गुप्ता सोनू, प्रदेश अध्यक्ष कपिल मोहन गुप्ता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच का संचालन शिवगोपाल गुप्ता एवं आदित्य गुप्ता आदि ने किया।

सम्मेलन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो से समां बांध दिया। संगठन के प्रदेश संरक्षक प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सभी सजातीय बंधुओं को एक मंच पर लाने पर जोर दिया। संगठन के संयोजक शरद गुप्ता सोनू ने समाज को एकजुट होने के लिए सजातीय बंधुओ का आवाह्न किया। सम्मेलन में बुजुर्गों, समाज सेवियो का माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष कपिल मोहन गुप्ता ने सभी सजातीय बंधुओ से अपील की। कि हरिद्वारी वैश्य समाज में आपस में एक दूसरे की मदद कर सहयोग व एकता बनाए रखें।

इसी कडी में प्रदेश संगठन के विस्तार में कौशल किशोर गुप्ता (औरंगाबाद), मनीष गुप्ता (मिश्रिख), राकेश गुप्ता पिंकू (सीतापुर), किश्नेस्वर गुप्ता (खुटार) को प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री राममिलन गुप्ता (मैगलगंज), गोपीनाथ गुप्ता (मिश्रिख) को मनोनीत किया गया। आयोजन में मुन्ना लाल गुप्ता जी (वरिष्ठ व्यापारी) को जिलाध्यक्ष (सीतापुर) का पदभार सौपा गया। महासम्मेलन में समूचे प्रदेश से आए सजातीय बंधुओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रदेश उपाध्यक्ष शिव गोपाल गुप्ता, अनिल आनद, संजीव, पवन गुप्ता, अनूप गुप्ता, अन्नू, संगठन मंत्री सुशील गुप्ता गुड्डू, प्रभात गुप्ता बीनू, दिनेश गुप्ता शाहजहांपुर के अध्यक्ष पंकज गुप्ता खुटार अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता महोली अध्यक्ष अशोक गुप्ता, औरंगाबाद अध्यक्ष, हरद्वारी लाल गुप्ता, पिहानी अध्यक्ष विनीत गुप्ता, हरदोई अध्यक्ष समीर गुप्ता सोनू सहित सैकड़ों की संख्या में सजातीय बंधु मौजूद रहे।

## मतदेय स्थलों का हुआ आलेख्य प्रकाशन, मांगी गई आपत्तियां

**17 सितंबर तक आपत्ति या सुझाव देने का अंतिम अवसर**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** सर्व साधारण को सूचित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के सभी उप जिलाधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन करते हुए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 137-पलिया, 138-निघासन, 139-गोला गोकरननाथ, 140-श्रीनगर (अ0जा0), 141-धौरहरा, 142-लखीमपुर, 143-कस्ता (अ0जा0), व 144- मोहम्मदी के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसका आलेख्य प्रकाशन 11 सितंबर को कर दिया गया है। 11 सितंबर को प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची निःशुल्क निरीक्षण हेतु सम्बन्धित तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, खीरी एवं ऑनलाइन डीईओ पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। 11 सितंबर को आलेख्य के रूप में प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची में यदि किसी प्रकार की आपत्ति/सुझाव हों तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, खीरी में विलम्बतम 17 सितंबर तक किसी भी कार्य दिवस में दिया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीणों में फूटा गुस्सा



- गोला- सिकन्दराबाद मार्ग को परिजनों ने किया ब्लॉक
- मौके पर एसडीएम व सीओ सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौजूद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** हैदराबाद थाना के क्षेत्र में महेशपुर रेज की विलहरी बीट के गांव मूड़ा अस्सी मे खेत पर काम करने गये किसान जाकिर पुत्र रोजअली (45) को बाघ ने बनाया अपना निवाला। मौके पर वन क्षेत्राधिकार के सहित गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला उप जिलाअधिकारी सहित कई थानो की पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद। परिजन गोला सिकंदराबाद रोड पर गांव मे ही मृतक का शव रखकर कर रहे प्रदर्शन।

### छात्रा को गुड मॉर्निंग बोलना मनचले को पड़ा भारी

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** खीरी पुलिस अधीक्षक के गुड मार्निग अभियान का मजाक बनना एक मनचले युवक को भारी पड़ गया। स्कूल से वापस घर आ रही छात्रा को गुड मॉर्निंग बोलने वाले मनचले सौहदे को पुलिस ने पकड़कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा है। कस्बे में कादिम चौराहे पर स्कूल से घर जा रही कक्षा नौ की छात्र अपनी साइकिल से अपने घर जा रही थी कदीम चौराहे के पास एक मनचले युवक यासीर निवासी वार्ड नम्बर तेरह ने उसको गुड मॉर्निंग बोल दिया गुड मॉर्निंग अभियान का मजाक बना दिया यह बात सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई इसके बाद हरकत में आई सिंगाही पुलिस ने मनचले युवक की पहचान कर उसको पकड़ लिया और सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस कप्तान के आदेश पर स्कूल से आते जाते समय उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस को गुड मॉर्निंग बोलकर छात्राओं से उनका हाल-चाल पूछने का आदेश विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सिंगाही प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मनचले सौहदे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेजा जा रहा है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं लक्ष्मी कान्त शुक्ल, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 सितम्बर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा। नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव योगेश कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि के सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम के वाद विद्युत एवं जल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद ) राजस्व वाद, पारिवारिक वाद, व्यवहारिक वाद, उत्तराधिकार के वाद तथा अन्य वाद / प्रकरण अधिकाधिक संख्या में निस्तारित कियेजायेंगे। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाये। इसके अतिरिक्त समस्त वादकारियों से अपील है कि 14 सितम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

### टेंपो पलटने से दो गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ रायबरेली मार्ग पर एक तेज रफ्तार डग्गामार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया टेंपो पलटने से चालक एवं टेंपो सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार डलमऊ रायबरेली मार्ग पर छोटी फुलवारी मजरे रायपुर टप्पा हवेली के पास रायबरेली की ओर जा रहे तेज रफ्तार डग्गामार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें टेंपो चालक शाकिर अली पुत्र हाफिज अली उम्र लगभग 40 वर्ष एवं पीछे सवार महिला प्रेम कुमारी पत्नी बब्बू गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचा जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

# मोटर साइकिल से बने जुगाड़ वाहन यातायात के नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



इलाके में एक अजीबो गरीब नजारा देखने को मिल रहा है, जहां मोटर साइकिल से बने जुगाड़ वाहन यातायात के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

इन जुगाड़ वाहनों में मोटर साइकिल के इंजन को बड़े ही जुगाड़ से एक मिनी ठेले में बदल दिया जाता है, जिसमें सामान या पानी ढोने की व्यवस्था होती है।

ये वाहन न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये जुगाड़ वाहन कस्बे में काफी समय से चल रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ये वाहन न केवल यातायात को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बन सकते हैं। खास बात यह है कि इनपर किसी की नजर भी नही पड़ती है, और न ही इनपर कोई कार्यवाही ही की जाती है।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन इलाके के सिंगाही कस्बा निवासी पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के बड़े पुत्र सूरज अग्रवाल अपने निजी काम से



पलिया जा रहे थे, वही मझगईं थाना क्षेत्र के नौगवा और बेला गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक सवार सूरज अग्रवाल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डायल 112 पीआरवी के सिपाही ने सूरज को घायल अवस्था में पलिया स्थित अस्पताल पहुचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत की गंभीरता को देखते हुए किसी बड़े अस्पताल में रेफर के लिए कहा, घटना की सूचना मिलते ही पलिया पहुचे परिजन सूरज को बरेली ले जा रहे थे, जहां पीलीभीत पुंचने के दौरान युवक की मौत हो गई। सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर परिजनों ने गमगीन माहौल में सूरज के शव का अंतिम संस्कार करा दिया। जवान लड़के की मौत से परिवार सहित कस्बे में मातमी माहौल सा छाया रहा।

# जिला मलेरिया अधिकारी ने दैनिक वेतन भोगी के तौर पर लगे कर्मचारियों का किया पर्यवेक्षण

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा दैनिक वेतन भोगी के तौर पर लगे डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स की दोनों टीमों का पर्यवेक्षण बुधवार को किया गया। जिसमें दोनों टीमे कार्य योजना के अनुसार नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्यारेपुर व नौरंगाबाद में कार्य करती हुई पायी गयीं।

डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स द्वारा एंटोमोलॉजिकल सर्विलांस, सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वा स्प्रे एवं पोस्टर, पम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा था। साथ ही डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स डोर टू डोर कार्य करते हुए दैनिक रूप में डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर्स का फार्मेट भर रहे थे। अब तक जनपद में मलेरियां के 393 केस, डेंगू के 124 केस आ चुके हैं। वेंक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु जनपद में आये डेंगू एवं मलेरिया केसों के सापेक्ष समस्त निरोधात्मक कार्यवाही एवं प्रचार-प्रसार का कार्य तत्काल कराया जा रहा है। जिससे डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रसार को रोक लगाई जा सके। हालांकि उन्होंने इस दौरान लोगों से अपील भी करी कि लोग भी मच्छरों के पनपने के स्थान पर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप छिड़काव करें। पानी न भरने दें और ऐसे स्थानों को बराबर साफ करते रहे जहां पर बरसात का पानी या फिर साफ पानी भरने का संदेह हो, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है।

# भैठिया में गणेश उत्सव की धूम, मन मोह रहीं झांकियां

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में सात सितंबर से प्रारंभ हुए श्री गणेश महोत्सव के लिए ब्लॉक बांकेगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंठिया में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा पंडाल सजाया गया है। जहां भक्त देर रात तक डटे रहते हैं।

विगत दो वर्षों से गणेश उत्सव के मौके पर ग्राम पंचायत भैंठिया में श्री गणेश महोत्सव कराया जाता है। जो गांव में पूरे सप्ताह भर श्रद्धालुओं की आस्था भक्ति का केंद्र बना रहता है। जागरण में भक्तों द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाते हैं साथ ही कलाकारों द्वारा सजीव झाकियां भी दिखाई जाती है। कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा गजानन, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, सुदामा चरित्र, बांके बिहारी आदि संजीव झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है जिससे श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं।कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील वर्मा ने बताया कि भक्ति आयोजन में 13 सितंबर को कन्या पूजन,संपूर्ण रात्रि का जागरण एवं 14 सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर सत्यदेव वर्मा, अंकुर मौर्य, कैलाश वर्मा, सचिन कश्यप,संजय राठौर, पंकज वर्मा, बेचेलाल,कन्हैया लाल पुजारी, पवन भारती, प्रमोद मौर्य, अनुपम वर्माआदि मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खेत मे घास काटने गए मुनेंद्र सिंह पुत्र पप्पू सिंह 25 वर्ष निवासी बीरमपुर टूटे पड़े तार के चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुँचे परिजन व किसान नेताओं ने आन ड्यूटी एस एस ओ को घटना का जिम्मेदार माना और जेई औरंगाबाद के बयान से काफी नाराज दिखे।मौके पर पहुँचे नायब तहसीलदार और कोतवाली निरीक्षक ने माना कि बिजली कर्मियों से लापरवाही हुई है जहां परिजनों को संवेदना व्यक्त की वही बिजली कर्मियों को डाट लगाई।काफी समझाने के 5 घण्टे बाद पीएम को माने परिजन,जब अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार के द्वारा घटना स्थल पर भेजे गए एसडीओ ने लिखित में हुईं कार्यवाही जेई औरंगाबाद निलंबन, एसएसओ बर्खास्त,पीड़ित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता, जर्जर तार बदलना और दो दिन में टोल की लाइन अलग होगी का दिया विवरण।किसान नेताओं ने जताई नाराजगी कहा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति स्वीकार नही होगी।

# विद्यालय में जल भराव की समस्या से पनप रहे जहरीले कीड़े व मच्छर

- गांव में फैल रही हैं बीमारियां

**पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड पसगवॉ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय किशनपुर अजीत में घरों से निकलने वाला गंदा पानी विद्यालय परिसर में जमा होने से बच्चों में संक्रामक बीमारी फैल रही हैं। गांव वालों के मुताबिक यह समस्या साल के 12 महीने बनी रहती है। गांव में जगह-जगह बारिश का पानी भरा हुआ है। गली-चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। गर्मी, उमस और पानी भरने की वजह से अक्सर मच्छरों को पनपने के लिए सही वातावरण मिल जाता है जिससे कई खतरनाक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मानसून में मच्छरों से होने वाली बीमारियों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया,वायरल बुखार आदि शामिल हैं। जो अक्सर इन दिनों चिंता का विषय बने रहते हैं। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक का कहना है कि कई बार इस संबंध में प्रधान और जिम्मेदार लोगों को सूचित किया गया लेकिन अभी तक इसका कोई भी समाधान नहीं हुआ है। बच्चे स्कूल उनके सिर पर बैग रखकर कीचड़ गंदे पानी से भरा रास्ता तय करते है। बच्चों ने बताया कि कभी पानी में गिरने के दौरान स्कूल की ड्रेस व कॉपी-किताब भी खराब हो जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नन्हे बच्चे रोज पानी में से निकलने के कारण सर्दी, बुखार की चपेट में आ रहे हैं।

# सब्जियों के बढ़ते दामों से आम आदमी का बजट गड़बड़ाया

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बढ़ती हुई सब्जियों के दाम ने आम आदमी का बजट बिगड़ा इस समय सुवा उपासे दिन चल रहे हैं और माह भादो का इस माह के बारे में कहा जाता है कि इसमें लोगों के पास देहात क्षेत्र में कुछ नहीं बचता।

साथ-साथ प्रकृति के पास भी लोगों को खाने-पीने की चीजों का अभाव हो जाता है। लेकिन आधुनिक युग में सब्जियां हमेशा पैदा होती रहती हैं लेकिन हम बात कर रहे हैं आलू और प्याज की जो कि वर्ष में खास कर रायबरेली जिले में एक बार पैदा होता है लेकिन अबकी बार आलू और प्याज की महंगाई से आम जनता की कमर टूटती हुई दिखाई पड़ रही है। एक तरफ जहां आलू ने 25-30 रुपए का रेट पकड़ रखा है तो वहीं प्याज 50 से नीचे आने का नाम नहीं ले रहा था हरी सब्जियों की क्या कहने लौकी रुपये 30 किलो बिक रही है कद्दू रुपये 40 किलो बिक रहा है तो हरी मिर्च थोड़ी राहत जरूर प्रदान करती हुई नजर आ रही है। लेकिन अन्य सब्जियों की बात करें तो उनमें आग लगी हुई है और लगातार बढ़ते हुए दामों की वजह से मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग का बजट बिल्कुल ही गड़बड़ चुका है और काफी मात्रा में सब्जी खरीदने में ही धन खर्च हो जाता है अन्य कार्यों के लिए धन की बचत ही नहीं हो रही ।वही जब इस विषय में दुकानदारों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब मंडी में सब्जी हम लोगों को महंगी मिलती है तो हम सभी भी महंगे दामों पर सब्जी बेचने पर विवश है ।वही जब दुकानदारों से पूछा गया कि इस समय ग्राहक आपके पास किस तरह आते हैं तो दुकानदारों ने बताया कि हमारे पास इस समय ग्राहकों की कमी है क्योंकि इस समय लोगों के पास पैसा भी नहीं है और यह माह इस तरह का होता है कि इस माह में लोग खरीदारी कम करते हैं लेकिन खाने-पीने की चीज तो खरीदी ही जाएगी चाहे वह महंगी हो या फिर सस्ती दुकानदारों ने बताया कि जो व्यक्ति पहले 1 किलो आलू ले जाता था अब वह आधा किलो आलू ले जाता है अन्य सब्जियां भी वह घटाकर ही ले जाता है क्योंकि बजट की वजह से उसको उतने ही पैसे में खरीददारी करनी पड़ रही है।

# हाशिमपारा में गणेश पूजा के अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन

- भक्तों ने कथा सुनकर पाया आध्यात्मिक आनंद

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला क्षेत्र के ग्राम हाशिमपारा में नव युवक गणेश पूजा समिति द्वारा गणेश पूजा के पावन अवसर पर पांच दिवसीय आनंदमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण श्री अयोध्या धाम से आईं पूज्य कथा व्यास अमृता त्रिपाठी जी थीं, जिन्होंने अपने मधुर और प्रेरणादायक वचनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों और आदर्शों का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पूरे पंडाल में 卐गणपति बप्पा मोरया卐 के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

कथा के दौरान अमृता त्रिपाठी जी ने बताया कि श्रीराम कथा सुनने से जीवन के समस्त संकट दूर हो जाते हैं और व्यक्ति के जीवन में शांति व समृद्धि का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम की कथा केवल धार्मिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि हमें जीवन के हर पहलू में सही दिशा देने का मार्गदर्शन भी करती है। उनका यह संदेश सभी श्रद्धालुओं के दिलों को छू गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम गुप्ता ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नव युवक गणेश पूजा समिति द्वारा इस सुंदर कथा का आयोजन करना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि रविंद्र कमलापुरी ने भी अपने विचार साझा किए और उन्होंने कथा



व्यास अमृता त्रिपाठी को अंग वस्त्र भेंट करके सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में रामचंद्र गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, और हाशिमपारा के प्रधान रविन्द्र गुप्ता ने पूजा अर्चन में भाग लिया और गणेश जी की आरती में शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी इस पावन अवसर पर उपस्थित थे। आरती के दौरान भक्तों ने भगवान गणेश से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की।

कार्यक्रम के अध्यक्ष राधे विक्रम गुप्ता ने बताया कि इस सफल आयोजन में गणेश पूजा समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। उन्होंने समिति के सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता फैलाने का एक माध्यम बनते हैं।

इस आयोजन में रामचंद्र गुप्ता (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), रविन्द्र गुप्ता (प्रधान हाशिमपारा), पंडित लक्ष्मी मिश्रा, रुपेश सोनी, अनूप मिश्रा, अश्विनी मौर्या, मंजीत मिश्रा, अनुज गुप्ता, दीपक गुप्ता, बेचन गुप्ता, विष्णु गुप्ता, किशन गुप्ता, अमित गुप्ता, संदीप गुप्ता, गोलू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, आडवाणी मिश्रा, विनोद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, उमेश मिश्रा, प्रेमलाल यादव, लालजी तिवारी, नंदनाल शर्मा, कृष्ण कुमार, हनुमान कौशल, रूपेश गुप्ता, नीतू गुप्ता, पवन यादव, अंकित चंद्रा (बरेली), अमन गुप्ता, उमेश गुप्ता (गब्बर), छोटकू यादव, दिनेश रामदीन गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रामलीला के पांचवे दिन राम वन गमन का मंचन

**महुआ बाजार (बलरामपुर) , समृद्धि न्यूज।**



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर ग्राम सभा हासिनपारा में रामलीला का मंचन किया जा रहा है, रामलीला मंचन के पांचवें दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भ्राता लक्ष्मण भार्या माता सीता के साथ वन गमन की यात्रा पर निकल पड़े सुरसर पार करने के लिए राम केवट संवाद का दृश्य देखकर के भाव विभोर हो उठा उपस्थिति जनमानस।सुरसर पार करते ही जय श्री राम के जय घोष के साथ पूरा वातावरण जय श्री राम के जय घोष से गुंजायमान हो उठा, सूर्पनखा द्वारा पंचवटी में राम लक्ष्मण से विवाह हेतू प्रस्ताव न स्वीकार करने पर अपनें वास्तविक रूप में आना, लक्ष्मण द्वारा नाक कान काटना, फिर युद्ध का प्रारम्भ होते ही लीला समाप्त हुआ। बाहर से आए कलाकारों के द्वारा रामलीला मंचन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कैसियो वादक के मनमोहक गीतों को सुनकर सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गए ।रामलीला मंचन के आयोजक राकेश कुमार मिश्रा पूर्व प्रधान हाशिनपरा अरुण मिश्रा आनंद त्रिपाठी दद्दन, संजय सोनी, अशोक कुमार गुप्ता ऑपरेटर मिश्रा साहित तमाम सहयोगियों का विशेष योगदान रहता है रामलीला मंचन को देखने के लिए पूरे क्षेत्र के लोग माताएं बहने बूढ़े बच्चे सब समय से पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लेते हैं। रामलीला मंचन देखने के लिए क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राम लीला मंचन के दृश्य को देखकर के भाव विभोर श्रद्धालु इस पल को अपने मोबाइल में कैद कर लेना चाहते थे।आज ऐसा प्रतीत होता था कि जैसे त्रेता के युग का प्रारंभ हुआ हो और हम सब अयोध्या में अपने आंखों से भगवान राम का वन गमन देख रहे हो ।

# अपर्णा यादव ने संभाला महिला आयोग के उपाध्यक्ष का कार्यभार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुलायम सिंह की छोटी बहू बीजेपी नेत्री अपर्णा यादव की सपा में वापसी की अटकलों पर अब विराम लग गया है। दरअसल, अपर्णा यादव ने महिला आयोग के उपाध्यक्ष पद का संभाल लिया है। इस दौरान उन्होंने मीडिया के कई सवाल का जवाब दिया।

वहीं जब सुल्तान में लूटकांड में शामिल आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैंने महिला आयोग के उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला है। इससे संबंधित ही सवाल करें। इस दौरान वह मंगेश यादव एनकाउंटर के जवाब को टलती हुई नजर आई। आप को बता दें कि योगी सरकार ने अपर्णा यादव को यूपी महिला आयोग का उपाध्यक्ष बना दिया। इसके बाद वह नई जिम्मेदारी मिलते ही सीधे अपने ससुर शिवपाल यादव का आशीर्वाद लेने पहुंच गईं। उसके बाद कई दिनों तक उन्होंने कार्यभार नहीं संभाला। उसके बाद खबरें आने लगी कि अपर्णा यादव इस पद से खुश नहीं है।

# स्ट्रीट वेंडर्स व छोटे उद्यमियों के लिए वरदान साबित हुई पीएम स्वनिधि योजना

## स्वनिधि योजना का सफल क्रियान्वयन कर प्रदेश ने रचा कीर्तिमान, 25 नगरीय निकाय व 15 बैंकिंग संस्थान प्रेज पुरस्कार से सम्मानित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पीएम स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडर्स व छोटे उद्यमियों के लिए वरदान साबित हुई है। आज इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों पथ विक्रेताओं की आजीविका के स्तर में सुधार हुआ है।

जब पूरी दुनिया कोरोना के कहर का सामना कर रही थी और हमारे देश में छोटे-छोटे रोजगार करने वालों के सामने रोजी-रोटी समस्या उत्पन्न हो गई थी तब देश के प्रधानमंत्री ने जून 2020 को पीएम स्वनिधि योजना का शुभारंभ किया। आपदा के गर्भ से निकली यह योजना आज सृजन का पर्याय बन गई है।

नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार में प्रेज पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबंधोन में अरविंद कुमार शर्मा, मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, ऊर्जा एवं ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश ने कही। नगरीय निकाय निदेशालय के विशाखा सभागार में पीएम स्वनिधि योजना की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर निकायों व बैंकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री नगर विकास एके शर्मा, माननीय राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, अजय कुमार शुक्ला, सचिव नगर विकास विभाग, अनुज झा, निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय व डॉ. अनिल कुमार निदेशक सूडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में निदेशक सूडा ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रदेश ने देश में सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका में सुधार करने के लिए विभाग द्वारा योजना का क्रियान्वयन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

### ये हुए पुरस्कृत

राष्ट्रीय स्तर पर ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, नगर निगम बरेली, नगर निगम झांसी, नगर निगम मुरादाबाद व टाउन श्रेणी में नगर पंचायत बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ और नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर को प्रेज पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऋण वितरण में मेगा एंड मिलियन प्लस सिटीज श्रेणी में नगर निगम लखनऊ व नगर निगम गाजियाबाद, मेजर सिटीज श्रेणी में नगर निगम गोरखपुर, बरेली म्यूनसिपल कॉरपोरेशन व नगर निगम झांसी शामिल रहे। टाउन श्रेणी में नगर पालिका परिषद नवाबगंज जनपद बाराबंकी, नगर पंचायत बिलारियागंज टाउन जनपद आजमगढ़, नगर पंचायत हाटा जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पडरौना जनपद जनपद कुशीनगर, नगर पालिका परिषद पिलखुआ जनपद हापुड़, नगर पालिका परिषद कथौली जनपद मुजफ्फनगर, नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ जनपद प्रतापगढ़, नगर पालिका परिषद बलरामपुर जनपद बलरामपुर, नगर पंचायत अनपरा जनपद सोनभद्र व नगर पालिका परिषद भरवारी जनपद कौशम्बी को पुरस्कृत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जयनाथ मंदिर में राधा अष्टमी पर हुआ कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को चौक स्थित श्री जयनाथ जी मंदिर में श्री राधा अष्टमी के पावन अवसर पर एक शाम श्री राधा रानी के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ, सर्व प्रथम श्री राधाकृष्ण भगवान का वैदिक मंत्रोच्चारण कर आचार्य राजेश शुक्ल एवं पंडित कृष्णा शंकर शर्मा ने पूजन अर्चन सम्पन्न कराया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डाक्टर श्री दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद विशिष्ट अतिथि श्री कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय मंत्री, डॉक्टर महेंद्र सिंह जी पूर्व जल शक्ति मंत्री, डॉ नीरज बोरा विधायक, महंत विशाल गौड़ सम्मिलित हुए, सभी भक्तों ने मिलकर श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया भगवती श्री राधा रानी को छप्पन भोग लगाया गया सभी भक्तों ने हर्ष उल्लास के साथ श्री राधा अष्टमी का पावन पर्व मनाया मंदिर के सभी सहयोगी जनों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर कमल कृष्णा मेहरोत्रा, अनुराग मिश्रा, अमित टंडन, नीरज अवस्थी, प्रदीप कुमार वर्मा, मनीष रस्तोगी, एडवोकेट अनुराग पांडेय, अमन, पंकज वैश्य, पंडित मोहित शर्मा, पंडित रिद्धि किशोर गौड़, वेदांत त्रिवेदी, विनीत शंकर शर्मा, अंशु टंडन, प्रद्युम्न कुमार, उत्तम कपूर, सुबोध टंडन एवं सभी श्री राधारानी के भक्त सम्मिलित हुए।

### श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन आज से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री हरिहर सेवा समिति लखनऊ के तत्वावधान में 12 सितम्बर से 18 सितम्बर तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन सूर्या अकादमी सेक्टर 7 जानकीपुरम विस्तार मे प्रतिदिन सायं 3 से 7 बजे तक होगा।समिति के अध्यक्ष आर के मिश्रा ने बताया कि कथा का गुणगान अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वती महाराज श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के मुखारविंद द्वारा किया जाना है। 12 सितम्बर को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा का आयोजन होगा, जिसमे सैकड़ों महिलाये भाग लेगी।कथा संगम प्रतिदिन सायं 3 से 7 बजे तक होगा।

### डिंपल यादव ने किया शहीद रामाधार सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र के नगला टांक गांव में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में अमर शहीद रामाधार सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। सांसद डिम्पल यादव ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर 2000 मीटर और छात्राओं की 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डिम्पल यादव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर शहीद रामाधार सिंह के परिजनों ने कहा कि शहीद जवानों के परिवार स्व. मुलायम सिंह यादव का ऋणी रहेगा, क्योंकि उनके फैसले से ही शहीदों का पार्थिव शरीर घर तक आता है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद जी को याद किया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रतिवर्ष की भाँति शिकागो की धर्मसंसद मे स्वामी विवेकानंद जी द्वारा हिंदुत्व एवं भारतीय दर्शन पर दिये गये प्रथम भाषण की स्मृति में झण्डेवाला पार्क (अमीनाबाद) में उत्तर प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व नेता विधान परिषद विन्ध्यवासिनी कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगो ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुये उनके जीवन चारित्र को प्रत्येक मानव को स्वयं मे अंगीकार करने की बात कही। आपने ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने हास्र हो रही सनातन संस्कृति का परचम पूरी दुनिया मे पुनर्स्थापित करने का काम किया। कार्यक्रम के आयोजक विन्ध्यवासिनी कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने जब पुरे विश्व मे विदेशी संस्कृति का बोलबाला था।

### शिक्षा से सजता और संवरता है हमारा पूरा जीवन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजाजीपुरम पिंक सिटी फेज-2 में माण्डवी फाउण्डेशन द्वारा बाल शिक्षा अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत प्रशिक्षित शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों के द्वारा बच्चों को शिक्षा का महत्व एवं सबकों शिक्षा क्यों जरूरी है बताया गया। शिक्षा से हमारा पूरा जीवन सजता और संवरता है। कार्यक्रम में आये शिक्षकों ने बच्चों को सिखाया कि शिक्षा ही ऐसा शस्त्र एवं शास्त्र है जिससे कि आसमां की ऊंचाइयों को छूने में देर नहीं लगती शिक्षा के माध्यम से ही हम सारा जहां जीत सकते हैं। शिक्षा के माध्यम से आज हमने चन्द्रमा के दुर्गम स्थानों तक चन्द्रयान को पहुंचाया है। कार्यक्रम के अन्त में संस्था द्वारा सभी बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूल किट बांटी गई। बच्चों में भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह एवं अन्य सदस्यगण आलोक त्रिपाठी, आलोक कश्यप, प्रज्ञा सिंह, सेनू गुप्ता, मीनाक्षी सिंह (मीना) सचिन देवल, सोनी रावत, अमरेन्द्र सिंह, प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

### ललितपुर के लिए 72.94 लाख रुपए मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद ललितपुर हेतु 72.94 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, ललितपुर के निवर्तन पर रखी गई है। ललितपुर से पुराना पनारी मार्ग से कंचन घाट धाम तक सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु 12.62 लाख रुपये विकास खण्ड बार ग्राम भैलौनी लोध से मुख्य सड़क नहर से कल्लू अहिरवार के घर होते हुए दीमान बाबा तक सीसी, पेवर मार्ग निर्माण कार्य हेतु 28.54 लाख रुपये तथा ग्राम बिरौरा सिद्धबाबा रामखपंचमपुर से बिरौरा तक सीसी रोड़ के निर्माण कार्य हेतु 31.78 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं।

# विनोबा भावे ने गांधी जी के साथ मिलकर देश सुधारने का काम किया : डिप्टी सीएम

**संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बुधवार को शाहजहांपुर के बनतारा गांव स्थित बिनोवा सेवा आश्रम पहुंचे। उन्होंने संत विनोबा भावे की 129वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पहुंच कर लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य ट्रस्टी साबरमती आश्रम गुजरात के जयेश भाई पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस में उपकरण एवं व्यवस्थाओं को देखा, सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा लगाए गए नेत्र शिविर कैंप का अवलोकन किया तथा विनोबा भावे एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत का माल्यार्पण, विनोबा दर्शन का लोकार्पण व पुस्तकालय एवं वचनालय का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने विनोबा भावे को नमन करते हुए कहा कि विनोबा भावे ने आजादी से पहले भारत की जैसी कल्पना एवं परिकल्पना की थी उसको धरातल पर उतरने का कार्य किया।

आचार्य विनोब भावे भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उन्होंने गरीब लोगों की सहायता के लिए अभियान चलाकर गरीबों को भूदान करने का कार्य किया। उनकी सोच थी कि गरीब लोगों के भी जीवन में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने गांधी जी के साथ मिलकर भारत देश को सुधारने का कार्य किया। गांधीवादी संत विनोबा भावे के संदेश लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने हजारों लोगों का जीवन बदला। उन्होंने भूदान यज्ञ नाम के आंदोलन की शुरुआत की।

इस आंदोलन में लोग अपनी जमीन देते थे जिसे बाद में भूमिहीन लोगों को वितरित किया गया। विनोबा भावे के विचारों को अपनाकर जीवन में कई सकारात्मक बदलाव कर सकते हैं। सेवा भाव, निडरता और कर्म जैसी चीजों पर उनके विचार जीवन बदलने वाले हैं। जिसने ज्ञान को आचरण मे उतार लिया, उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया। विनोबा भावे एक अहिंसक और स्वतंत्रता के कार्यकर्त्ता, समाज सुधारक और आध्यात्मिक शिक्षक थे। विनोबा ने अहिंसा और समानता के अपने सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने अपना जीवन गरीबों और दलितों की सेवा हेतु समर्पित कर दिया तथा उनके अधिकारों के लिये खड़े हुए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का डिप्टी सीएम ने किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बनतारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा नवजात शिशुओं को अन्नप्रास कराया । उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि लोगो को उच्च कोटि की चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध करायी जाये। बदलते मौसम में जल जनित बिमारियों से बचाव के प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिये कि जल जनित बिमारियों से प्रभावित लोगो को अभियान चलाकर चिन्हित कर उनका इलाज किया जाय तथा मरीजों को गांव में ही इलाज मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह, जलालाबाद विधायक हरीप्रकाश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भइया, संरक्षक विमला बहन, सीडीओ, अपर जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# पांच हजार से अधिक डॉक्टरों के लिए मुसीबत बना लाइसेंस शुल्क

समृद्धि न्यूज

**बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर से मुलाकात कर सौंपा पत्र**

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में नगर निगम की तरफसे लाइसेंस शुल्क बढ़ा दिया गया है। अब डॉक्टरों को दुगना शुल्क देना होगा। जिसका प्रभाव शहर के 5 हजार से अधिक डॉक्टरों पर पड़ेगा। बताया जा रहा है कि यह लाइसेंस शुल्क क्लीनिक, अस्पताल और जांच केंद्रों के लिए अलग-अलग है। शुल्क बढ़ने का विरोध आइएमए की लखनऊ शाखा और बीजेपी के चिकित्सा प्रकोष्ठ की तरफ से किया गया है। इतना ही नहीं बीजेपी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात कर पत्र सौंपा है। दरअसल, नगर निगम की तरफसे एलोपैथिक, डेंटल, आयुर्वेद, होम्योपैथिक क्लीनिक, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी, लैब डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया था। इसी लाइसेंस शुल्क में दो गुनी बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाये गये शुल्क पर रोक लगाने के लिए डा.अभय मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात की। जिस पर मेयर सुषमा खर्कवाल ने दो गुना लाइसेंस शुल्क के आदेश को वापस लेने की बात कही है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व आइएमए अध्यक्ष डा.पी.के गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक डा.हिमांशु सेठी,महानगर संयोजक डा. शारश्वत विद्याधर और डॉ एस सागर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पीके गुप्ता ने इस दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल से कहा कि डाक्टर को कई प्रकार के टैक्स भरने पड़ते है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा है और एक अनिवार्य सेवा है। उन्होंने कोविड महामारी का उदाहरण देते हुये कहा कि चिकित्सकों ने सैनिकों की तरह जान पर खेल कर लोगों की जान बचाने का काम किया। इसमें कई डॉक्टर शहीद हो गये। ऐसे में अस्पताल पर किसी दूसरे व्यवसाय के समान मानकर उससे लाइसेंस शुल्क जमा कराना पूरे चिकित्सक समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक और हतोत्साहित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस लाइसेंस को प्राप्त करने से चिकित्सक वर्ग और अस्पताल को पूरी तरह बाहर रखने के आदेश पारित करें।

# मंगेश यादव एनकाउंटर पर अखिलेश ने फिर उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर सियासत जारी है। एनकाउंटर को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी के बीच जुबानी जंग हो गई है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को लेकर एक बार फिर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा में मुठभेड़ की झूठी कहानी बनाती है और फिर दुनिया को झूठी तस्वीरें दिखाती है। तथाकथित बड़े भाजपाई नेताओं से ऐसे गैरकानूनी एनकाउंटर को सही साबित करने के लिए तर्कहीन बयानबाजी भी कराती है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा राज में एनकाउंटर का एक पैटर्न सेट हो गया है। पहले किसी को उठाओ, फिर झूठी मुठभेड़ की कहानी बनाओ, फिर दुनिया को झूठी तस्वीरें दिखाओ, फिर हत्या के बाद परिवारवालों द्वारा सच बताए जाने पर तरह-तरह के दबाव व प्रलोभन से उन्हें दबाओ विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा भंडाफोड़ होने पर अपने दोयम दर्जे के नेताओं को आगे करके शीर्ष नेतृत्व को बचाओ। फिर 'जिसका दाना-उसका गाना' वाले संबंधों को निभाने वाले मीडिया को दुष्प्रचार के लिए लगाओ। फिर झूठ में पारंगत अपने तथाकथित बड़े भाजपाई नेताओं से ऐसे गैरकानूनी एनकाउंटर को सही साबित करने के लिए तर्कहीन बयानबाजी कराओ। सच्चे मीडिया को विपक्ष या विदेशी समर्थन पर जीने वाला साबित करके उनकी बदनामी करवाओ और जनाक्रोश बढ़ने पर औपचारिक, दिखावटी जांच कराकर मामला रफा-दफा करवाओ। भाजपा अपने दल-बल के साथ ऐसे एनकाउंटरों को जितना अधिक सच साबित करने में लग जाती है, वो एनकाउंटर दरअसल उतना ही बड़ा झूठ होता है।

## रोजगार के लिए देश में संसाधनों की नहीं है कमी

**लखनऊ ।** देश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार, ओल्ड पेंशन स्कीम जैसी सामाजिक सुरक्षा, किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार देने के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। देश के सुपर रिच की संपत्ति पर संपत्ति टैक्स और विरासत टैक्स लगाया जाए तो लगभग 18 लाख करोड़ रुपए जुटाया जा सकता है। जिससे इन सारी नागरिक सुविधाओं को दिया जा सकता है। यह बातें लखनऊ विश्वविद्यालय में चले रोजगार अधिकार अभियान में छात्रों से संवाद के दौरान उभरी। समाज शास्त्र के शोध छात्र संदीप ने कहा कि आज देश में सबसे बड़ी जरूरत सुपर रिच पर टैक्स लगाना है। क्योंकि आम जनता तो पहले ही जीएसटी समेत विभिन्न टैक्सों के बोझ तले दबी हुई है। 48 लाख करोड़ के देश के बजट के अतिरिक्त इससे संसाधन जुटाए जा सकते हैं। उन्होंने इस अभियान का समर्थन करते हुए इसमें शामिल होने की इच्छा दिखाई। अभियान में हजारों की संख्या में पर्चे बांटे गए हैं और छात्रों युवाओं से इस अभियान में जुड़ने की अपील की गई। कई छात्रों ने इस अभियान से जुड़ने के लिए अपने नम्बर भी दिए।



अटल आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारम्भ मुख्यमंत्री योगी के कर कमलों से आज किये जाने के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का जायजा लेने मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब व डीएम सूर्य पाल गंगवार द्वारा अटल आवासीय विद्यालय मोहनलालगंज के कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण।

### केजीएमयू में होगा आईसीए का पांचवां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के एनेस्थेसिया विभाग द्वारा इण्डियन कॉलेज ऑफ़ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स के 5वें अंतरराष्ट्रीय और 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 12 से 15 सितम्बर तक किया जाएगा। जिसका उद्घाटन 14 सितम्बर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयकेंश्वर शरण सिंह एवं केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद उपस्थित रहेंगी। यह जानकारी केजीएमयू के एनेस्थेसिया विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोनिका कोहली ने दी। यह प्रतिष्ठित मंच एनेस्थेसियोलॉजी में शिक्षा, प्रशिक्षण और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए जाना जाता है। इस वर्ष 700 से अधिक पंजीकृत प्रतिभागी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आयोजन सचिव डॉ. तन्मय तिवारी ने बताया कि इण्डियन कॉलेज ऑफ़ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स की स्थापना 2008 में हुई थी। यह एक स्वायत्त शैक्षणिक संगठन है जिसका उद्देश्य एनेस्थेसियोलॉजी की शिक्षा और प्रशिक्षण में सुधार लाना है। सम्मेलन में कार्यशालाओं, मुख्य सत्रों, पैनल चर्चाओं, पेपर प्रस्तुतियों और ई-पोस्टरों सहित विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह नई तकनीकों और शोधों को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित हो रहा है। भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, इंग्लैंड और मस्कट सहित कई देशों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ भी उपस्थित होंगे। इस वर्ष का विषय है एनेस्थेसिया में परिणाम वृद्धि, जिसका उद्देश्य रोगी की सुरक्षा और नैदानिक परिणामों में सुधार करना है। इस सम्मेलन में एनेस्थेसियोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर 12 कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 250 से अधिक पोस्ट ग्रेजुएट छात्र हिस्सा लेंगे।

# महिला पुलिस कर्मी को युवक ने दी बदनाम करने की धमकी, एफआईआर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को बचाने के लिए जिस महिला सिपाही ने वर्दी पहनी थी, अब वह खुद शोहदे से इस कदर परेशान है कि उसकी हिम्मत टूट रही है। शोहदा न केवल उसे अश्लील मैसेज व फोटो भेज परेशान कर रहा बल्कि परिजनों व उसके दोस्तों को गलत बातें बताकर बदनाम करने की धमकी दे रहा है।शोहदे की हरकतों से आजिज आकर महिला सिपाही ने महानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस शोहदे की तलाश कर रही है।

लखनऊ में तैनात पीड़िता सिपाही के मुताबिक प्रयागराज का रहने वाला एक युवक उसे अश्लील वीडियो और फोटो भेज कर बीते कई दिनों से परेशान कर रहा है। जब वह विरोध करती है तो उसके दोस्तों और परिजनों को सिपाही के विषय में गलत बातें बताकर बदनाम करने की धमकी देता है। पीड़ित महिला सिपाही के मुताबिक वह पीएसी में स्पोर्ट्स कोटे पर भर्ती हुई थी और वेट लिफ्टिंग की प्लेयर है। प्रयागराज का रहने वाला मनीष पटेल उसे कई नंबर्स से व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज और फोटो वीडियो भेजता था। वह उसका मोबाइल हैक कर सिपाही के ही व्हाट्सएप अकाउंट से उसके रिश्तेदारों, दोस्तों और विभागीय सहकर्मियों को अश्लील मैसेज भेज कर उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। महिला सिपाही का कहना है कि जब यह सब करने से उसने आरोपी को मना किया तो वह उससे गाली गलौज और बदनाम कर उसका करियर बर्बाद करने की धमकी देता है।

### गोमतीनगर व इन्दिरा नगर में धूमधाम से मना भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक

**लखनऊ ।** गोमतीनगर जैन मन्दिर मे दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा की गयी। भगवान का अभिषेक एवं सांगानेर से आए पंडित अनुज शास्त्री एवं संगीतकार सौरभ के सानिध्य में दशलक्षण धर्म विधान सम्पन्न हुआ। शास्त्री जी ने शौच धर्म के बारे में बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में लोभ नहीं करना चाहिए कितनी भी कठिन परिस्थिति आए उसको संतोष रखना चाहिए। मुख्य शांति धारा विनय कपूर एवं देवेंद्र जैन परिवार द्वारा की गई एवं भगवान 1008 श्री पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं उनको लाडू अर्पण किया गया। लाडू चढ़ाने का सौभाग्य गजेन्द्र जैन परिवार को मिला। गोमती नगर जैन समाज के अध्यक्ष पीके जैन मंत्री आलोक जैन, सुकांत, निकांत, संदीप, पीयूष, राकेश, अशोक, पीसी जैन आदि उपस्थित रहे।

**समीक्षा**

**दुग्ध विकास मंत्री ने की दुग्ध संघों और पीसीडीएफ इकाईयों की समीक्षा**

# किसानों के दुग्ध मूल्य का भुगतान एक माह के अंतराल पर अनिवार्य

समृद्धि न्यूज



**अपेक्षित परिणाम न देने पर अधिकारियों का रोका जाएगा वेतन**

**पराग मिल्क बूथों की संख्या बढ़ाई जाए**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में यहां पीसीडीएफकार्यालय में प्रदेश के सभी 19 दुग्ध संघ एवं पीसीडीएफइकाईयों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में श्री सिंह ने दुग्ध संघों के महाप्रबंधकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि किसानों को दुग्ध मूल्य का भुगतान एक माह के अंतराल पर प्रत्येक स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

दुग्ध संघों द्वारा सुनियोजित प्रबंधन कार्य करते हुए अन्य खर्चों में कटौती की जाए और मितव्ययिता के दृष्टिगत सौर ऊर्जा का उपयोग इकाई के संचालन हेतु किया जाए। पराग द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन चौनल को मजबूत किया जाए और पराग मिल्क बूथों की संख्या बढ़ाई जाए। बूथ ऐसी जगह स्थापित किये जाए जहां पराग के उत्पाद सर्व सुलभ हो सके। मार्केटिंग स्टेञ्टजी पर विशेष ध्यान दिया जाए।

श्री सिंह ने बैठक में निर्दिष्ट कार्यों को समय से पूरा न करने और कार्यों में अपेक्षित परिणाम न देने पर वेतन रोकने की कड़ी चेतावनी दी।समीक्षा बैठक में दुग्ध विकास विभाग द्वारा बकाया दुग्ध मूल्य भुगतान एक माह में किये जाने के अनुपालन के संबंध में बताया गया कि 22 अगस्त से 08 सितम्बर तक दुग्ध संघों द्वारा 1628.48 लाख रूपये का भुगतान किया गया। श्री सिंह ने कहा कि सभी दुग्ध संघ को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास करें और वर्तमान माह की देयता पूरी करते हुए पुराने बकाये की धनराशि भी चरणबद्ध रूप से देना सुनिश्चित करें। वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बरेली दुग्ध संघों द्वारा भुगतान में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की। वाराणसी दुग्ध संघ की भांति सभी दुग्ध संघ एनडीडीबी से सहयोग और समन्वय स्थापित करें और अपने कार्यों में सुधार लाये। महाप्रबंधकों को निर्देश दिये कि दुग्ध किसानों के खाते अवश्य खुलवाये जाए। किसानों को भुगतान डीबीटी प्रक्रिया द्वारा ही किया जाए और समिति के सदस्यों की डाटा फीडिंग करवाई जाए। चित्रकूट, झांसी, गोरखपुर तथा कानपुर के महाप्रबंधकों को दुग्ध समितियों के गठन की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए समिति को सक्रिय करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पशुपालकों, किसानों को उन्नत नस्ल की गाय, भैंसे पालने, स्वास्थ्य तथा गुणवत्तायुक्त पौष्टिक चारे के बारे में जागरूक करने को भी कहा। दुग्ध समितियों के प्रभावी गठन, पुनर्गठन, दुग्ध उपार्जन व प्रक्रिया उपरान्त उपभोक्ताओं को निरंतर दुग्ध एवं दुग्ध आपूर्ति के निर्देश दिये।दुग्ध विकास मंत्री ने वर्ष 2023-24 में गठित 1046 एवं पुनर्गठित 450 समितियों को क्रियाशील करने, निष्क्रिय दुग्ध समितियों को पुनः संचालित करने, दुग्ध समितियों में स्थापित बीएमसी, डीपीएमसीई संचालन, दुग्ध उपार्जन, तरल दुग्ध बिक्री एवं दुग्ध उत्पाद बिक्री, सहकारी प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, दुग्धसंघों के आपरेटिग व्ययों को नियंत्रित करने, स्थापित डेयरी प्लान्ट की क्षमता उपयोगिता एवं पशु आहार निर्माणशाला की स्थिति की गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# धर्म गुरुओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

▸ रामगिरी महाराज की गिरफ्तारी की मांग

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गौरा चौकी गोंडा - पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी करने वाले रामगिरी महाराज की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को दारुल उलूम अहलेसुन्नत एजाजे मुस्तफा कस्बा खास के प्रांगढ़ में सैकड़ो ओलमा व अवाम की मौजूदगी में महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मनकापुर के मार्फत चौकी इंचार्ज को सौंपा है ।

उप जिलाधिकारी मनकापुर गोंडा के माध्यम से सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि 14 अगस्त - 2024 को महाराष्ट्र के नासिक जिले की सिन्नर तहसील के पंचाले गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में प्रवचन के लिए आए सरला द्वीप के महंत रामगिरी महाराज (असली नाम सुरेश रामकृष्ण राणे) द्वारा पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के खिलाफ़ की गई विवादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी से पूरा मुस्लिम समाज आहत और आक्रोशित है। इसे लेकर सभी लोकतान्त्रिक ढंग से अपना विरोध दर्ज कराते हुए महंत रामगिरी महाराज की गिरफ़्तारी की लगातार मांग कर रहे है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार के संरक्षण प्राप्त महंत रामगिरी महाराज को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है जिससे मुसलमानों में खासा गुस्सा है। एक तरफ मुफ्ती सलमान अजहरी को सिर्फ मुहावरायुक्त बयान देने पर तुरंत गिरफ्तार कर अनिश्चितकाल के लिए जेल में डाल दिया जाता है। जबकि महंत रामगिरी महाराज को पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के खिलाफ विवादित और आपत्तिजनक बयान देने के बाद भी आजाद घूमने दिया जाता है। ज्ञापन में बताया गया है कि मुसलमान अपना निजी अपमान और नुकसान तो सहन कर सकता है। लेकिन अपने नबी की शान और अजमत के खिलाफ गुस्ताखी को कतई बर्दाश्त नहीं कर सकता। मुसलमान अपनी जान दे सकता है लेकिन अपने नबी की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं कर सकता क्योंकि मुसलमान का मुकम्मल ईमान ही अपनी जान से भी ज्यादा बढ़कर अपने नबी हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मोहब्बत है। देश में सदियों से चली आ रही गंगा जमुनी तहजीब और अनेकता में एकता के सूत्र वाक्य को तार-तार करने की कोशिश की जा रही है।

इस अवसर पर दारुल उलूम अहले सुन्नत एजाजे मुस्तफा के प्रबंधक मौलाना राबीउल्लाह अलीमी, मौलाना गुफरान, मौलाना मेराज, मौलाना असरार फ़ैज़ी, रईस अहमद बब्बू प्रधानराष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा मौलाना इस्लामुद्दीन, मौलाना गुलाम गौस साक़ी, हाफिज मुहिबुर्रहमान मौलाना रमज़ान, मौलाना मोबीन, मौलाना इज़्हार मुहम्मद अली नक्शबंदी, अज़्हर इस्माईली आदि सैकड़ो ओलमा और सम्मानित लोग उपस्थित रहे।



# स्थगन आदेश के बावजूद जबरन दीवार का निर्माण

▸ नहीं हो रही सुनवाई
▸ पीड़ितों ने डीएम व एसडीएम से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

करनैलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के निवासी दो पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उनकी खाते की भूमि पर दबंगों द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद जबरन दीवाल का निर्माण कर लिये जाने की शिकायत करते हुए संपूर्ण मामले की जांच कराकर विपक्षीगण के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने व न्याय की गुहार लगाई है।

असहाब खान पुत्र असफाक खान निवासी ग्राम निंदूरा थाना कटरा बाजार एवं प्रदीप कुमार पुत्र मोतीलाल सदर बाजार करनैलगंज में प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनकी भूमि गाटा सं0 539 सकरौरा ग्रामीण सुक्खा पुरवा करनैलगंज में है, जिसका पूरा रकबा 7 बीघा 7 बिस्वा है। उनके भूमि से सटी हुई भूमि गाटा सं0 559 व 541 है,जिसका पूरा रकबा 23 बीघा 3 बिस्वा है। जिसे नाजिम सिद्दीकी ग्राम अमकोलवा थाना विशेसरगंज जिला बहराईच व इरफान पुत्रगण समसुद्दीन ग्राम निंदूरा मजरा अलहारपुरवा थाना कटरा बाजार जिला गोण्डा ने प्लाटिंग करने के लिये एग्रीमेन्ट करवाया। उसके बाद 539 की भूमि मे से 2 बीघा 9 बिस्वा धनपत आदि से जो धनपत आदि का हिस्सा बनता है एग्रीमेन्ट करा लिया, फिर दोनों गाटा सं0 भूमि को ट्रैक्टर द्वारा जोतकर आपस में मिला लिया व दीवाल उठा ली गई और पूरा हिस्सा जो बनता था कब्जा कर लिया। उसके बाद प्रार्थीगण की जमीन पर कब्जा करना शुरू किया तब उन्होंने उपजिलाधिकारी करनैलगंज के न्यायालय पर वाद दायर किया जिस पर विवादित भूमि की यथास्थिति बनाये रखने का आदेश पारित किया गया। लेकिन विपक्षीगण द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद 3 फीट की दीवाल का निर्माण कर लिया गया। प्रार्थीगण के मना करने पर विपक्षीगण उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ितों का कहना है कि उक्त लोग गरीब असहाय कमजोर निर्बल लोगों पर दबाव बनाकर जमीन बेचने पर मजबूर करके जमीन ले लेते है। उनसे ये त्रस्त होकर पीड़ितों ने आला अधिकारियों से संपूर्ण मामले की जांच कराकर विपक्षीगण के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने व न्याय की गुहार लगाई है।

## जो भक्तों के दु:ख दूर करें वो श्रीकृष्ण हैं : चंद्र दत्त



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में पोखर मल रंग लाल द्वारा चल रहे आयोजित कथा में पॉचवें दिन कथा वाचक आचार्य चन्द्र दत्त सुबेदी ने कहा जो दूसरों के दु:ख समाप्त कर सुख प्रदान करें वही श्रीकृष्ण है ।अर्थात् भगवान श्रीकृष्ण के नाम करण पर प्रकाश डालते हुए कहा कंस एवं कृष्ण में नाम एक जैसा एवम् नाम राशि भी एक है परन्तु कंस को हम राक्षस कहते हैं और कृष्ण को भगवान,ऐसा क्यों? तो दोनों का भाव अलग है क्योंकि कंस दूसरों के सुख से जलता है और सुख छीन कर दु:ख देता है और श्रीकृष्ण दूसरों के दु:ख समाप्त कर सुख प्रदान करते हैं अत: उन्हें हम भगवान कहते हैं। कथा में बालचरित्र का विशेष वर्णन ब्रह्मा जी का मोह भंग एवं गिरिराज भगवान को छप्पन भोग की कथा का विशेष वर्णन भी किया गया। और भगवान की झांकी भी निकाली गई। जिसमें भक्तों ने खूब नृत्य किया ।कथा के दौरान राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, गोपाल कृष्ण अग्रवाल,पंकज अग्रवाल एडवोकेट ,अंशुमान अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,संजय अग्रवाल,सुशील जालान, सचिन सिंघल, चिंटू अग्रवाल, आयूष केडिया,दीप चंद अग्रवाल,शोभा अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, अंजनाअग्रवाल ,स्वाति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, विनीता सिंघल सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।

# नाबालिग बच्चे की मौत का नहीं खुल रहा रहस्य

▸ नाबालिग मृतक बच्चे की मां दो माह से अधिकारियों के चौखट का लगा रही चक्कर
▸ नाबालिग बच्चे की मौत के बाद आधी रात में भोला बिरयानी के प्रोपराइटर और चौकी इंचार्ज ने लाश को उसके घर पहुंचा बगैर पोस्टमार्टम के करा दिया क्रिया कर्म

गोण्डा एसमृद्धि न्यूज।

जिले के गोंडा शहर में स्थित भोला बिरयानी की दुकान पर काम करने वाले एक दस साल के बालक सलमान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी सूचना दुकानदार द्वारा मृतक के परिजनों को नहीं दी गई और रात में करीब दो बजे शव को उसके घर पहुंचाकर आनन.फानन में दफ़्ना दिया गया। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इलाकाई पुलिस द्वारा बालक के शव का पोस्टमार्टम ही नहीं कराया गया।

कोतवाली देहात क्षेत्र के करनपुर ;रेशम फार्मद्ध निवासी नूर मोहम्मद का कहना है कि उसका करीब दस साल का लड़का सलमान नगर कोतवाली के पाण्डेय बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार में स्थित भोला बिरयानी की दुकान पर काम करता था। नूर मोहम्मद का आरोप है कि 15 जुलाई को रात करीब दो बजे उसके बेटे की लाश लेकर भोला बिरयानी आदि उसके घर पहुंचे। इकलौते बेटे की लाश देखकर परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। पीड़ित का आरोप है कि उसके बेटे को आनन.फानन में कब्र खोदवाकर सुबह करीब छह बजे दफ्न करा दिया। इतना ही नहींएउसका आरोप है कि उसे बेटे की लाश को नहलाने के समय वहां नहीं जाने दिया गया कि पीड़ित परिवार अपने बेटे की शक्ल को देख ले। पीड़ित परिवार को दूर ही खड़ा रखा गया। उसका आरोप है कि ग्राम प्रधानएभोला बिरयानी व उसके भाई ने भी उसे कहीं जुबान न खोलने की धमकी दी थी। पीड़ित ने भोला बिरयानी के साथ ही अपने भाई पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने तथा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की गुहार पाण्डेय बाजार पुलिस चौकी व नगर कोतवाली के साथ ही पुलिस अधीक्षक तक से लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पिछले करीब दो माह से वह न्याय के लिए उच्चाधिकारियों की चौखट पर दस्तक दे रहा है और इंसाफकी भीख मांग रहा हैएलेकिन गरीब नूर मोहम्मद की फरियाद नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई है। अब उसने जिलाधिकारी नेहा शर्मा से न्याय की गुहार लगाई है। भोला बिरयानी के यहां नाबालिक बच्चों के मौत की जानकारी देवीपाटन मंडल के उप पुलिस महानिरीक्षक से दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई लेकिन जानकारी नहीं मिल पाई और फोन को बिजी कर दिया गया।



## दवा लेने गए युवक पर हुआ हमला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** थाना कटरा बाजार अंतर्गत भैरमपुर निवासी सन्तोष कुमार मिश्र का कहना है कि सोमवार को दवा लेने बालपुर बाज़ार दद्दन मेडिकल स्टोर गए थे कि अचानक से दिनेश व रिंकू पुत्रगण रामेश्वर प्रसाद वसानू पुत्र अनिल कुमार सहित 3 अज्ञात व्यक्तियों ने सन्तोष कुमार मिश्र को गालियां देते हुए मारने लगे स्थानीय लोगों ने युवक को बचाया गया। लेकिन संतोष कुमार मिश्र का कहना है कि दिनेश व रिंकू पुत्रगण रामेश्वर प्रसाद व सानू पुत्र अनिल कुमार सहित 3 अज्ञात व्यक्तियों ने जान से मारने की धमकी देने की बात कह कर वहां से भाग निकले और पीड़ित के घर में घुसकर जान से मारने की बात कही है जिससे पीड़ित संतोष कुमार मिश्र पूरी तरह से भय भीत है और घटना की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी बालपुर और थाना कर्नलगंज में भी दे दिया है संतोष कुमार मिश्र का यह भी कहना है कि पुलिस ने प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया है। बालपुर पुलिस चौकी प्रभारी नागेश्वर नाथ पटेल का कहना है कि हमें इस मामले का कोई प्रार्थना पत्र नही प्राप्त हुआ है न ही और इस मामले के संदर्भ में हमें कोई जानकारी नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### नजूल भूमि पर हो रहा व्यावसायिक निर्माण



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शहर के वीर अब्दुल हमीद चौक से जिगर स्कूल को आने वाले रास्ते पर इमामबाड़ा के पास एक व्यक्ति ने नगर पालिका के जेई और नजूल विभाग के अमीन के मिली भगत से इमामबाड़ा के पास बेशकीमती नजूल की जमीन पर बिना फ्री होल्ड व बिना नक्शा स्वीकृत कराए व्यवसायिक निर्माण हो रहा है ।वही सूत्र बता रहे हैं कि नगर पालिका के जेई और नजूल के अमीन के संरक्षण में यह काम कराया जा रहा है ।वही नजूल की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य अवैधानिक ढंग से होना शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के साथ ही आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। सूत्र बता रहे है किसी की शिकायत उच्च अधिकारियों या किसी अखबारों में खबर प्रकाशित हो जाती है तो अधिकारी नजूल के जमीन पर बने मकान पर बुलडोजर चलवाते हैं जिससे कि नजूल का कब्जा किए हुए लोगों को भारी क्षति पहुंचती है और नजूल कर्मी सुविधा शुल्क लेकर चुपचाप तरीके से साइड में लग जाते हैं।

### विद्यालयों में गंदगी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बलहा के ब्लॉक अध्यक्ष डीडी पटेल की अगुआई में महामंत्री जितेंद्र पाठक, संयुक्त महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा और संगठन मंत्री अमित कुमार पांडे ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभी ने एफएलएन प्रशिक्षण के मध्यान्ह अवकाश के समय खंड विकास अधिकारी बलहा से मुलाकात किया और सफाई की समस्या से अवगत कराया। खंड विकास अधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेकर एडीओ पंचायत को बुलाकर निर्देशित किया कि तत्काल एक पत्र निर्गत करे कि सभी सफाई कर्मी अपने संबंधित ग्राम पंचायत के विद्यालयों में जाकर सफाई कार्य नियमित रूप से करें और उसकी जिओ टैग फोटो संबंधित के ग्रुप पर भेजें। साथ ही एक प्रमाण पत्र सम्बन्धित प्रधानाध्यापक से लिखवा कर लाएं की सफाई का कार्य संपन्न हुआ।

### आमरण अनशन पर बैठीं सैकड़ों महिलाएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गांव में विकास कार्य को लेकर महिला समेत सैकड़ो ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठे उनका कहना है कि गांव में सड़क व नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। आमरण अनशन स्थल पर खंड विकास अधिकारी शिवपुर पहुंचे ग्रामीणों ने तीखे सवाल किये जिसका जवाब नहीं दे पाए। विकास खण्ड शिवपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मकुंडा का मजरा हेमराजपुरवा में पिछले काफी दिनों से विकास कार्य न होने से नाराज ग्रामीणों ने गांव में ही टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गये ।गांव निवासी विद्यावती व सुमित्रा देवी की अगुआई में सैकड़ों महिलाएं तपती धूप में बैठकर अपनी मांग पर अड़ी रहीं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र के माध्यम से विकास कार्य न होने की बात से अवगत कराया गया है फिर भी किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं हुई है। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में विकास कार्य की मांग की थी। जिस पर खंड विकास अधिकारी ने जांच ग्राम विकास अधिकारी मनोज कुमार को सौंप थी जिस पर 3 सितंबर में दो आवेदन पत्रों पर एक ही तिथि में दो तरह की व्याख्या लगाई थी। एक में आख्या लगाई है कि यह कार्य कार्ययोजना में सम्मिलित है प्राथमिकता के आधार पर यह कार्य कराया जाएगा। और दूसरे आवेदन पत्र में आख्या लगाई है कि यह कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है सत्र 2025-26 में अनुमोदन होने के उपरांत कार्य कराया जा सकता है। आमरण अनशन पर बैठी महिला सुमित्रा देवी की हालत गंभीर हो गई मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच को इसकी सूचना दी गई,उसके एक घंटे बाद मेडिकल टीम मौके पर पहुंची जांच कर दवाएं भी दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आमरण अनशन खत्म नहीं होगा। इस दौरान काफी संख्या महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे डायग्नोस्टिक सेंटर

कब होगी कार्रवाई

**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** रामपुर बाजार में बिना रजिस्ट्रेशन करवाए ही डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे है। आए दिन तीमामदारो को गलत रिपोर्ट बनाकर दी जाती है। जिले के नानपारा तहसील क्षेत्र के रामपुर बजार में कई डायग्नोस्टिक सेंटर चल रहे हैं। जिनका कोई रजिस्ट्रेशन नही है और न ही डायग्नोस्टिक सेंट्रो के सामने कोई बोर्ड लगा है। डायग्नोस्टिक सेंटर झोला छाप लोग चला रहे है जिससे जांच की रिपोर्ट आए दिन गलत बनाकर तीमामदारों के जीवन से खिलवाड़ किया जाता है। इसकी शिकायत कई बार लोगो ने की है पर कार्यवायी के नाम पर जिम्मेदार अनसुना कर देते है। इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो उन्होने बताया कि जांच के बाद कार्यवाई की जाएगी।

# बहराइच में फिर भेड़िये का हमला, दो किशोरियों को बनाया निशाना, जिला अस्पताल रेफर

▸ अलग-अलग गांवों में सोते समय भेड़िया ने किया हमला

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के अलग अलग गांवों में मंगलवार रात को भेड़िया ने किशोरियों पर हमला कर दिया। जिसमें दो घायल हो गईं। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़ियों का हमला रुक नहीं रहा है। एक तरफ भेड़िए पकड़े जा रहे हैं तो दूसरे तरफ हमला कर रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी के साथ दहशत भी है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैकुपुरवा के मजरा गडरियनपुरवा गांव निवासी सुमन (12) पुत्री लक्ष्मी नारायण मंगलवार रात में परिवार के लोगों के साथ सो रही थी। तभी भेड़िया ने हमला कर दिया।

परिवार के लोगों के शोर मचाने पर भेड़िया सुमन को छोड़कर फरार हो गया। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम भिवानीपुर निवासी शिवानी (12) पुत्री किशोरी लाल पर बुधवार तड़के 4.45 बजे भेड़िया ने हमला कर दिया। शिवानी को भेड़िया कुछ देर खींच ले गया। परिवार के लोगों के दौड़ने पर भेड़िया छोड़कर चला गया। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमले की सूचना मिलते ही खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव और थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। दोनों ने जांच की है।

# 50 लाख की अफीम के साथ दो गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



▸ दोनों के पास से बरामद हुई 2.160 किलो अफीम, 50 लाख बताई जा रही कीमत

भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस की टीम ने नेपाली दंपती को अफीम के साथ पकड़ा है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और एसएसबी कमांडेंट के निर्देशन में संयुक्त टीम भारत नेपाल सीमा पर जांच कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसबी चेक पोस्ट से 100 मीटर की दूरी पर एक महिला और पुरुष आते दिखे। उन्हें रोक कर तलाशी ली गई तो उनके पास से अफीम बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नेपाल के वार्ड नंबर पांच जिला रूकुम निवासी वरीलाल घारती पुत्र शेर बहादुर और नरमाया पत्नी वरीलाल के पास से दो किलो 160 ग्राम अफीम बरामद हुई है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद अफीम को सीज कर दिया गया है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रूपये बताई जा रही है। टीम में चौकी इंचार्ज राम गोविंद चौधरी, मनोज कुमार यादव, अजय राणा, रोशनी वर्मा, जयचंद्र गौड़, आशीष सिंह शामिल रहे।

# भाई के ससुराल से आए लोगों ने किया जानलेवा हमला

▸ माता पिता और भाई की हालत गंभीर, मुकदमा दर्ज

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।



खैरीघाट थाना क्षेत्र के रामपुर धोबियाहार में बुधवार सुबह दबंगों ने घर में घुसकर जमकर कहर बरपाया। लाठी डंडा व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर वृद्ध माता पिता व भाई को लहूलुहान कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी धर्मराज पाल पुत्र परशुराम पाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि छोटे भाई राम राज पाल की शादी कोतवाली नानपारा क्षेत्र के बढैय्या कला गांव निवासी रिंकी पाल पुत्री छब्बेलाल पाल के साथ फरवरी 2015 में हुई थी। दोनो साथ साथ रह रहे थे। 2020 में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। चौकी वैवाही में भाई की पत्नी ने तहरीर दी। जिसमें सुलह समझौता हो गया। दो माह बाद फिर भाई की पत्नी ने विवाद कर मुकदमा दर्ज करवा दिया। और अपने मायके चली गई। भाई के कई बार प्रयास करने के बाद भी घर नहीं आई और न ही संग रहने राजी हुई। जिससे आहत होकर भाई ने 2023 में दूसरी शादी कर ली। फिर रिंकी देवी भी घर आकर रहने लगी। उसने हिस्सा की मांग की जो दे दिया गया। मंगलवार को सुलह समझौता हो गया। बुधवार सुबह अचानक भाई के ससुराल से आए जनक राम, राम वृक्ष पाल, मनीष पाल, हेमराज पाल निवासी बढैय्या कला कोतवाली नानपारा ने लाठी डंडा और धारदार हथियार से घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें धर्मराज पाल, रामकली, परशुराम पाल को गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना प्रचलित हैं।

# 24 दिन बाद भी युवक का नहीं लगा सुराग, परिजन बेहाल

▸ थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक परिजन काट रहे चक्कर

जरवलरोड बहराइच, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र से 24 दिन पूर्व गायब हुए युवक का कोई सुराग नही लगा है। जिससे परिजन बेहाल है। थाना से लेकर एसपी कार्यालय तक परिजन चक्कर काट रहे है। जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत रिठौड़ा नई बस्ती निवासी हरि प्रसाद का 23 वर्षीय पुत्र अंकित बीते 18 अगस्त की रात 8 बजे घर से निकला था और वह वापस घर नही पहुंचा। देर रात तक बेटे के घर न पहुंजने और मोबाइल बंद होने पर परिजन परेशान हो गए और तलाश में जुट गए लेकिन सफलता नही मिली। 19 अगस्त को लड़के के पिता हरि प्रसाद ने जरवल रोड थाना पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। गायब लड़के के बड़े भाई अजय कुमार का कहना है कि उनका भाई अंकित 18 अगस्त की रात में काला लोअर व टी शर्ट पहनकर घर से निकला था लेकिन आज तक वह वापस घर नही लौटा है। भाई अंकित के पास फोन भी था जो लगातार बंद बता रहा है। पुलिस को सूचना दी गई थी सारी लिखा पढ़ी हुई। हम लोग लगातार अपने हिसाब से भी भाई की तलाश कर रहे है और लगातार थाने जाकर पुलिस से भी गुहार लगा रहे है। दो बार एसपी कार्यालय बहराइच जाकर भी प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक अंकित का कोई सुराग नही लगा है। जिससे पूरा परिवार बेहाल है। बार बार मां की तबीयत भी बिगड़ जा रही है। मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक रंजीत भारती ने बताया कि परिजन सम्पर्क में है लगातार तलाश की जा रही हैं। सभी थानों को फोटो और डिटेल भेजा गया है। अंतिम लोकेशन के लिए उसके मोबाइल नंबर का सीडीआर मंगाया है अभी तक प्राप्त नही हुआ है। प्रयास जारी है।

# जितेन्द्र वर्मा बने जिला उपाध्यक्ष

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



पत्रकार प्रेस एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बृजेश पाठक ने जितेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र त्रिलोकी नाथ वर्मा निवासी ग्राम दिकौलिया,नदवल को पत्रकार प्रेस एसोसिएशन बहराइच का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष के साथ ही तहसील कैसरगंज का प्रभारी भी बनाया है।

जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि श्री वर्मा अपने पद पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर जिले में पत्रकार प्रेस एसोसिएशन को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। पत्रकारों के हितों से सम्बंधित संगठन के दिशा निर्देशों का समय समय पर पालन करते रहेंगे। इनके मनोनयन पर मण्डल अध्यक्ष के.के. मिश्रा, प्रदीप जयसवाल, सुनील गुप्ता, दृगराज यादव, पुत्तीलाल यादव, राम कृपाल यादव, सुनील कुमार, संतोष कुमार समेत पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महिला कल्याण मंत्री ने विभाग के मण्डलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

▸ प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करें ताकि हिंसक जीव के हमलों में जनहानि को कम किया जा सके : बेबी रानी मौर्य

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश की मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में देवीपाटन मण्डल के विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारी अपने सुझावों से भी अवगत करा सकते हैं। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। तहसील महसी अन्तर्गत मानव वन्यजीव संघर्ष की समस्या के दृष्टिगत मंत्री ने ग्रामस्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक करें ताकि हिंसक जीव के हमलों में जनहानि को नगण्य किया जा सके। मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान देवीपाटन मण्डल के उप निदेशक महिला कल्याण एन.बी. सिंह ने बताया कि पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना के तहत 173486 महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बिल जनरेटेड आवेदनों की संख्या 85501 है। जबकि उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) अन्तर्गत 355 तथा उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 2207 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया है।




स्पांसरशिप योजना के तहत 539 बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। उप निदेशक ने बताया कि वन स्टाप सेंटर के माध्यम से 635 लोगों को परामर्श सेवा, 07 को नि:शुल्क लीगल एड, 536 को आश्रय, 453 को चिकित्सा सुविधा तथा 256 लोगों को अन्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) पर 334 कालें प्राप्त हुईं है तथा माह अप्रैल से अगस्त 2024 तक 138 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी उप निदेशक मनोज कुमार मौर्या ने बताया कि कुल 9377 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। जबकि मण्डल में 106 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उप निदेशक ने बताया कि प्रथम चरण अन्तर्गत 44 केन्द्रों कों 18 मूल भूत सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है तथा द्वितीय चरण में 305 केन्द्रों का कार्य प्रगति पर है। उप निदेशक ने बताया कि बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित ईसीसीई (शाला पूर्व शिक्षा) निपुण भारत लक्ष्य अन्तर्गत 5-6 वर्ष के बच्चों का नामांकन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री मौर्य ने बताया कि मण्डल में कुल 1176087 पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष सैम बच्चों की संख्या 15857, मैम बच्चों की संख्या 49587 तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों की संख्या 331 है। उन्होंने बताया कि कुपोषित बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच कर दवाएं, दोगुना अनुपूरक पुष्टाहार राशन, आंगनबाड़ी, आशा व एएनएम द्वारा गृह भ्रमण के साथ ही अभिभावकों को जागरूक भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बैठक से पूर्व मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 05 बच्चों को अन्नप्रासन कराया तथा आगा खां फाउण्डेशन के सौजन्य से 11 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को ईसीसीई किट का वितरण किया गया। बैठक के उपरान्त मंत्री ने विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों को उपलब्ध करायी जाने वाली किट का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी बहराइच राज कपूर, श्रावस्ती के पी.के. दास, बलरामपुर की निहारिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गोण्डा संतोष कुमार सोनी, श्रावस्ती के सुबोध कुमार सिंह, बलरामपुर के सुशील कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# आगामी धार्मिक उत्सवों के लिए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी धार्मिक उत्सवों ईद-ए-मिलाद-उन-नवी(बारावफात), श्री गणेश अनन्त चतुर्दर्शी, मूर्ति विसर्जन, पूर्णिमा/अमावस्या, गंगा स्नान,दुर्गा पूजा, नवरात्रि, रामनवमी, दशहरा, मेला आदि शांतिपूर्ण मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक बचत भवन कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे,परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। उत्सव के



▸ परंपरागत और आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार : डीएम

दौरान आने जाने वाले मार्गों को ठीक कराया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाऊड स्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करता हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।

उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाए। किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए।उन्होंने ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो,वीडियो और फ़ोटो आदि को वायरल ना करे। ऐसी को भी सूचना मिलने पर प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करती रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहे। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारो के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे। जो भी विद्युत तार अस्त व्यस्त हो उसे ठीक करा लिया जाए। खाद्य विभाग खाने पीने के सामानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते। अग्निशमन विभाग हर समय तैयार रहे। आगजनी की घटना होने पर तुरन्त कार्यवाही करें। यातायात नियमों का पालन कराये। सार्वजनिक मार्गो को धार्मिक उत्सवों के समय बाधित ना किया जाए।

### अति संवेदनशील स्थलों पर रखें कड़ी नजर : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी लोग शान्ति पूर्वक त्यौहार मनाए। उल्लंघन करने वालो पर गंभीर धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। सभी थानों में पुलिस विभाग हर समय मुस्तैद रहे। अति संवेदनशील स्थलों को अभी से चिन्हित करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्र) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा,मुख्य चिकित्सा धिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह, पीस शांति समिति के सदस्य विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु,मौलवी, मोअज्जिम, संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया वी.वी. पैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सदर तहसील स्थित ईवीएम मशीन और वीवी पैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मशीनों के रखरखाव,सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरो को देखा। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की ढलाई न बरती जाए। इस बार का ध्यान रखा जाए की सीसीटीवी कैमरे लगातार काम करते रहे। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निराकरण कराये। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में सार्ट सर्किट की संभावना बनी रहती है। इसके लिए पहले से ही विकल्प रखें।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### लूट के खुलासे को लेकर व्यापार मंडल व पुलिस के बीच हुई वार्ता



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सराफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को एक सप्ताह से अधिक हो गया है खुलासा न होने के कारण व्यापारियों में खासा रोष व्याप्त है हालांकि व्यापारी पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट है, लेकिन फिर भी जल्द खुलासे की मांग को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी व्यापार प्रतिनिधि मंडल हरिओम सोनी के पारिवारिक जनों के साथ कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक से वार्ता की और कहा कि लुटेरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए जिससे व्यापारियों में व्याप्त दहशत समाप्त हो। उल्लेखनीय है कि 2 सितंबर को पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा निवासी हरि ओम सोनी को लुटेरों ने गोली मार कर झोला छीन लिया था ।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और जल्द से जल्द घटना के पर्दाफाश की बात कही थी। लूट और गोली मारने की गंभीर घटना के मद्देनजर आईजी प्रशांत कुमार सहित पुलिस के आला अफसरो ने लालगंज में कैंप कर मामले का गहन निरीक्षण किया था। लेकिन अभी तक पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रही है। हालांकि लालगंज पुलिस अपराधियों को पकड़कर उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि लूट की घटना से सर्राफा व्यापारी नाराज है। व्यापारी व्यापार करने के लिए बाहर जाने में डर रहा है अपना कारोबार नहीं कर पा रहा है। व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार से कहा कि व्यापारियों में शासन प्रशासन का विश्वास जमाने के लिए लूट की घटना के जल्द खुलासे की जरूरत है। इस मौके पर जिला महामंत्री अप्पू शर्मा नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, महेश सोनी, शीलू त्रिवेदी, मंसाराम सोनी, प्रतीक शर्मा, बबलू सोनी महेश सोनी, कौशलेन्द्र पीड़ित के दोनों भाई आदि लोग उपस्थित रहे।

### सांप के काटने से युवक की मौत

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार की सुबह कमरे में सो रहे चाट व्यवसाई की उंगली में सांप ने काट लिया इससे हड़कंप मच गया । परिजन उसे सीएचसी लालगंज ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज का दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गंगागंज मजरे गेगासो गांव के रहने वाले 35 वर्षीय राजू साहू पुत्र रामेश्वर गंगागंज बाजार में चाट का ठेला लगाते थे। आज सुबह करीब चार बजे वह कमरे में बिस्तर पर सो रहे थे तभी सांप ने उसकी उंगली में काट लिया । घटना की जानकारी उसने परिजनों की दी तो लोग उसे सी एच सी लालगंज ले गए जहां के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। लेकिन जब सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से पत्नी सोमवती बेटे साहिल 12 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी, मौत

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव में देर रात श्रीमती ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई तो आनन फानन परिवारजन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र सरेनी सीएससी लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे जानकी गांव निवासी श्रीमती पुत्री सुंदरलाल उम्र 27वर्ष जोकि घर के अंदर अकेली थी पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे तभी अचानक श्रीमती ने जहरीला पदार्थ खा लिया और उनकी हालत गंभीर हो गई जैसे ही इसकी सूचना घर वालों को तो हड़कंप मच गया और उसे लेकर सरेनी अस्पताल पहुंचे लेकिन जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पिता सुंदरलाल ने बताया कि हमारी बेटी की तबियत ठीक नहीं थी और इसने कैसे क्या कर लिया कुछ समझ में नहीं आ रहा है। जैसे ही इस घटना की जानकारी सरेनी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तो वही घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मदनटूसी गांव में चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सिलसिलेवार चोरियों के क्रम में अज्ञात चोरों ने सोमवार रात मदनटूसी गांव को अपना निशाना बनाया । गांव के संतोष शर्मा पुत्र कृपा शंकर शर्मा के घर में चोर छत से घर मे दाखिल हुए । फिर उनके घर में बेड के लाकर में रखे साठ हजार रुपयों के साथ ही अलमारी का लॉक तोड़कर एक लाख के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए । इसी गांव के राजेंद्र प्रसाद पाल पुत्र ईश्वरदीन अपने घर के बाहर सो रहे थे। और उन्होंने मुख्य द्वार पर बाहर से कुंडी लगा रखी थी। चोर कुंडी खोलकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरो ने एक कमरे में कुंडी को काटकर अलमारी तथा बक्सों में रखा सोने चांदी का सामान पार कर दिया है। जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए बताई गई है । साथ ही ढाई लाख रुपए की नगदी भी चोरों ने पर कर दी है। तीसरी घटना में चोरों ने रामसागर पुत्र रामगुलाम के घर को अपना निशाना बनाया। वह अपनी पत्नी शकुंतला व घर के अन्य सदस्यों के साथ घर के बाहर सो रहे थे। चोर घर की छत पर रखे लकड़ी का जंगला खोलकर अंदर दाखिल हुए। कमरे में रखी अलमारी तथा बक्सों ले लॉक तोडकर लगभग छह लाख के सोने चांदी के जेवरात समेत पैसठ हजार रुपये की नगदी पार कर दी। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटनाएं संज्ञान में आई हैं। जांच की जा रही है। जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

# बियर शॉप से चोरी करते चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद, वीडियो वायरल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कुंदनगंज गांव में बिरला सीमेंट फैक्ट्री के पास स्थित बियर शॉप से सोमवार शाम एक चोर को दुकान के गल्ले से चोरी करने के बाद दुकान से निकलते समय पकड़ लिया गया। जसे लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया है।

घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। वायरल फुटेज में साफ देखा जा सकता है। बियर शॉप में सेल्समेन तखत पर सो रहा है। तभी एक चोर बियर शॉप के अंदर प्रवेश करता है। और मेज पर रख गल्ले से रुपये उठा लेता है। फिर बाहर निकलने लगता है। तभी रास्ते में उसे एक व्यक्ति रोक लेता है। फिर उसकी तलाशी के दौरान उसकी जेब से रुपए बरामद होते हैं। फुटेज देखने के बाद चोरी की पुष्टि भी हो जाती है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तफ़्तीश की जा रही है।

# तीन हफ्ते में करोड़ों की चोरी, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में अपराध की बढ़ती घटनाओं ने स्थानीय नागरिकों और प्रशासन के बीच चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। विशेष रूप से गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र में पिछले कुछ सप्ताहों में चोरी की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है, जिसने क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा और पुलिस की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**नकदी और लाखों के जेवरात चोरी :-** हालिया घटना में, गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में एक और चोरी की वारदात सामने आई है। पीड़ित अनूप के अनुसार, जब वह और उनका परिवार छत पर सो रहे थे, अज्ञात चोरों ने उनके घर में प्रवेश किया और लाखों रुपये के नकद और आभूषण चुरा लिए। चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कई बक्सों के ताले तोड़कर उनमें रखा सामान चुरा लिया। पीड़ित परिवार को सुबह जागने पर ही इस घटना का पता चला।

यह घटना अकेली नहीं है। पिछले तीन सप्ताहों में, गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र में तीन दर्जन से अधिक घरों में करोड़ों रुपये की चोरियां हो चुकी हैं। इन घटनाओं की बढ़ती संख्या ने स्थानीय निवासियों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। लोगों का कहना है कि वे अपने घरों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।




### थाना प्रभारी पर उठाए सवाल

इतनी बड़ी संख्या में हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद, स्थानीय पुलिस अभी तक किसी भी मामले का खुलासा करने में असफल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना प्रभारी अपने प्रभाव और शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे अपराधियों को पकड़ने में बाधा उत्पन्न हो रही है।

### जल्द गिरफ्तार होंगे आरोपी : एसपी

इस मामले में जब रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से संपर्क किया गया, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि चोरी की घटनाओं की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आश्वासन पहले भी दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# गुंडों ने की बस ड्राइवर की जमकर पिटाई

▸ ड्राइवर अंकल को मत मारो, छोड़ दो... चीखते चिल्लाते रहे बच्चे

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जिले के ऊंचाहार में बाइक सवार तीन युवकों की बड़ी गुंडई सामने आई है। बच्चों को लेकर स्कूल जा रही बस को सड़क पर बाइक लगाकर रोका और बीच सड़क पर बस चालक को मारना पीटना शुरू कर दिया। यह देख बस में सवार बच्चे सहम गए। वहीं कुछ बच्चे चीखते चिल्लाते हुए ड्राइवर को बचाने की गुहार लगाते रहे। लेकिन हमलावर नही पसीजे। इस दौरान गुंडों ने बस ड्राइवर की जमकर पिटाई की।

यह घटना ऊंचाहार-कानपुर मार्ग पर क्षेत्र के राम सांडा गांव के सामने की है। क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय वेदांत पब्लिक स्कूल की बस मंगलवार की सुबह जमुनापुर क्षेत्र से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। बस को क्षेत्र के मानी का पुरवा मजरे खोजनपुर निवासी अखिलेश मौर्य चला रहा था। बताया जाता है कि बस जब राम सांडा गांव के पास पहुंची तो पीछे से बाइक सवार तीन युवकों ने ओवर टेक किया और इसके बाद बस के सामने बाइक लगाकर सड़क पर रोक लिया। बस रुकते ही युवकों ने चालक को बस से खींचकर नीचे उतारा और उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान सड़क पर आवागमन ठप हो गया। बस में बैठे बच्चे भी सहम गए। बेखौफ बदमाश करीब 15 मिनट तक सड़क पर तांडव करते रहे। उसके बाद तीनों युवक चले गए।

वहीं घटना की सूचना बस चालक ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवकों की तलाश की जा रही है। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उधर विद्यालय के संचालक अभिलाष कौशल ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई है।

# समाजवादी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



सादुल्लाह नगर स्थित हाजी इस्माईल महाविद्यालय सभागार में परवेज उमर पूर्व प्रत्याशी उतरौला विधान सभा के संयोजन में बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) ने जोरदार सदस्यता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम पीडीए पखवाड़े के तहत आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को लोगों के बीच प्रस्तुत करते हुए नए सदस्य बनाए।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार के खिलाफ आम जनमानस में भारी असंतोष है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब समाजवादी पार्टी की ओर आशा की निगाह से देख रही है। बुधवार के कार्यक्रम में करीब 150 नए सदस्य पार्टी में शामिल हुए। समाजवादी नेता सागर पाठक ने बताया कि पीडीए पखवाड़े के दौरान पार्टी की सदस्यता दिलाने के प्रयास पूरे जोर-शोर से चल रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गांव, कस्बा, बाजार, और स्कूलों में जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। परवेज उमर ने दावा किया कि लोगों का समर्थन पार्टी को मिल रहा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद शुरू हुआ है। मानिक लाल कश्यप जिलाध्यक्ष, राम सागर अकेला पूर्व विधायक, दिनेश यादव राष्ट्रीय सचिव, विस अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सफीउल्लाह, परवेज उमर, शत्रुघ्न वर्मा प्रदेश सचिव, राम दयाल यादव, सागर पाठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, एजाज मलिक, शियामुद्दीन खान, इमामुद्दीन खान, अताउल्लाह खान, मोहम्मद खालिद, साबिर, डाक्टर रफीक, अजीमुद्दीन सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इस सदस्यता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रति लोगों का उत्साह स्पष्ट तौर पर देखने को मिला, जिससे सपा नेताओं का आत्मविश्वास और भी बढ़ गया है।

# खुले में रखा ट्रांसफार्मर हादसे को दे रहा दावत

***उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।***



नगर के गांधीनगर मोहल्ले के वार्ड नंबर 25 में खुले में रखा हुआ ट्रांसफार्मर स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरे का कारण बन चुका है। यह ट्रांसफार्मर बिना किसी सुरक्षा उपायों के सार्वजनिक स्थान पर खुले में रखा हुआ है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रांसफार्मर के पास से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे गुजरते हैं, जो ए जी हाशमी डिग्री कॉलेज, एच आर ए इंटर कॉलेज और ऑल माइटी स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने जाते हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा के लिए कोई जाली या अन्य उपाय नहीं किए गए हैं, जिससे यह क्षेत्र दुर्घटना के लिए अत्यधिक संवेदनशील हो गया है। बिजली के उपकरणों के खुले में रखे होने से लोग हमेशा भयभीत रहते हैं, विशेषकर बारिश के मौसम में, जब पानी के संपर्क में आने से करंट फैलने का जोखिम और भी बढ़ जाता है। बच्चों के अभिभावकों की चिंता यह है कि उनके बच्चे प्रतिदिन इस खतरनाक ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते हैं, और कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। स्थानीय समाजसेवी और नागरिक इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रहे हैं और प्रशासन से अपील कर रहे हैं कि जल्द से जल्द इस ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए या इसे उचित तरीके से ढका जाए।स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर इस समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि जब तक इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंतित रहेंगे।

### विशाल भंडारा व जवाबी कीर्तन का आयोजन आज

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र के खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा ग्राम सभा में बोल बम कमेटी खालेगांव एवं समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से द्वितीय विशाल भंडारे एवं भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन आज शिव मंदिर प्रांगण ग्राम खालेगांव में किया जाएगा। जवाबी कीर्तन का प्रोग्राम बलवीर विकल बाबा इटावा उत्तर प्रदेश एवं राखी आजाद उरई जालौन के मध्य दमदार जवाबी के रूप में रात 8:00 बजे से प्रारंभ होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पंडित हरिकांत मिश्र ने बताया कि हम सभी क्षेत्र वासियों, ग्राम वासियों एवं अन्य साहित्य प्रेमियों से विनम्र आग्रह करते हैं कि आप इस कार्यक्रम में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर एवं जवाबी कीर्तन का आनंद लें।

# मानकों के विपरीत हो रही डिब्बा बंद आरओ वाटर की धड़ल्ले से बिक्री

▸ लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे संचालक

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मानकों के विपरीत डिब्बा बंद RO वाटर की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। स्थानीय स्तर पर कई RO प्लांट ऐसे हैं जिनके पास न तो वैध लाइसेंस है और न ही पानी की गुणवत्ता पर वे खरे उतरते हैं। ये डिब्बा बंद पानी रु. 20 से रु. 25 प्रति डिब्बे की दर पर बेचा जा रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे यह समस्या और भी गंभीर हो गई है।

शहर के सरकारी और निजी दफ्तरों में भी यही संदिग्ध क्वालिटी वाला डिब्बा बंद पानी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। आम जनता को ऐसा पानी मुहैया कराना न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि प्रशासन की अनदेखी के कारण अवैध रूप से मुनाफा कमाने वाले लोग भी इससे मालामाल हो रहे हैं। इन RO प्लांटों में बनने वाले पानी की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। बिना किसी मानक और स्वीकृति के यह पानी बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा है। साफ-सुथरा पानी जहां इंसान की सेहत के लिए बेहद जरूरी है, वहीं इस तरह के पानी से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इस पानी को बिना जांचे-परखे इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य जोखिम में है। स्थानीय प्रशासन की ओर से इस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते यह अवैध व्यापार फल-फूल रहा है। जनता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को जल्द से जल्द इस मामले की जांच करनी चाहिए और अवैध रूप से संचालित हो रहे RO प्लांटों पर कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे मजबूरी में यह पानी खरीद रहे हैं क्योंकि उनके पास और कोई विकल्प नहीं है। सरकार और प्रशासन की ओर से स्वच्छ पानी की सुविधा नहीं मिल पाने के कारण उन्हें इस तरह के संदिग्ध क्वालिटी वाले पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई समाजसेवी और बुद्धिजीवी इस बात से भी नाराज हैं कि अधिकारियों ने इस समस्या पर अब तक ध्यान क्यों नहीं दिया है। सरकार और संबंधित विभागों को इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द से जल्द पानी की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए। साथ ही अवैध रूप से संचालित हो रहे RO प्लांटों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि जनता को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिल सके।

# मतदेय स्थलों का आलेख्य प्रकाशित

▸ आपत्ति या सुझाव 17 सितम्बर तक सम्बन्धित तहसील के कार्यालय में कर सकते हैं प्रस्तुत

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के उपबधों के अधीन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जनपद बलरामपुर में समाविष्ट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 291-तुलसीपुर, 292-गैंसड़ी, 293-उतरौला एवं 294-बलरामपुर (अ0जा0) के लिए मतदान स्थलों के आलेख्य का प्रकाशन दिनांक 11 सितम्बर, 2024 को कर दिया गया है।

उपरोक्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की सूचियां सभी कार्य दिवसों में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / उपजिलाधिकारी तुलसीपुर (तहसील तुलसीपुर), उतरौला (तहसील उतरौला) एवं बलरामपुर (तहसील बलरामपुर) तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण के लिये निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। यदि किसी व्यक्ति को इसके सम्बन्ध में कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वह दिनांक 11-09-2024 से 17-09-2024 तक सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी / निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, बलरामपुर में प्रस्तुत कर सकता है।

# प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर खरहना में पेड़ गिरने से मची अफरा-तफरी

▸ सैकड़ों बच्चों की जान जोखिम में, शिक्षा विभाग की लापरवाही उजागर

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड रेहरा बाजार के ग्राम सभा विशुनपुर खरहना स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार की दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। जब स्कूल प्रांगण में लगभग तीन फुट ऊंचा यूकेलिप्टस का पेड़ गिर गया, तब स्कूल में सैकड़ों बच्चे मौजूद थे। यह हादसा लगभग 01:30 बजे, स्कूल टाइम के दौरान हुआ, जिसके कारण बच्चों में अफरातफरी मच गई। घटना के समय कई बच्चे खेल रहे थे और कुछ अपना भोजन कर रहे थे। पेड़ गिरने के तुरंत बाद बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। हालांकि, इस हादसे में कई बच्चों की खाने की प्लेटें, पानी की बोतलें और अन्य सामान बिखरे पड़े मिले।

ग्राम सभा के भूतपूर्व प्रधान कपूर चंद्र कश्यप, मौजूदा प्रधान पति रंगीलाल, और अन्य स्थानीय लोग जगन्नाथ यादव, बब्लू, सुड्डू, साजू आदि तुरंत मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति ने स्थिति को और नियंत्रण में लाने में मदद की। सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी बच्चे या स्कूल स्टाफ को कोई शारीरिक क्षति नहीं हुई, लेकिन स्कूल की बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा है।

भूतपूर्व प्रधान कपूर चंद्र कश्यप ने बताया कि स्कूल प्रांगण में लगे इन पेड़ों को काटने के लिए पहले ही ठेका दे दिया गया था। ठेकेदार ने पेड़ों को काटने का भुगतान भी कर दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस मामले में स्कूल के प्राध्यापक विजय और शिक्षा विभाग की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। पेड़ न काटने की वजह से बच्चों की जान पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था, और बुधवार का हादसा इसी लापरवाही का परिणाम है। अगर यह पेड़ थोड़ा और देर से गिरता या ज्यादा बच्चों के पास गिरता, तो यह घटना एक बड़ी त्रासदी में बदल सकती थी।

पेड़ गिरने की जानकारी तत्काल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। शिक्षा विभाग और स्कूल प्रशासन की इस उदासीनता के कारण बच्चों की सुरक्षा के प्रति गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है। स्कूल परिसर में कई बड़े पेड़ हैं जो कभी भी गिर सकते हैं, और अगर तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो यह भविष्य में एक बड़ा हादसा बन सकता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि स्कूल के प्रांगण में जितने भी पुराने और खतरनाक पेड़ हैं, उन्हें जल्द से जल्द काटा जाए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही, उन्होंने शिक्षा विभाग और स्कूल प्रशासन से इस लापरवाही के लिए जवाबदेही तय करने की भी मांग की है।

## पटरी से उतरती भारतीय रेल

पिछले दिनों लगातार होती रही रेल दुर्घटनाएं हर किसी व्यक्ति को परेशान करती रही हैं। दुनिया के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क पर हम भारतीय गर्व करते रहे हैं। करीब सवा बारह लाख कर्मचारियों वाला भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाली रेल दुर्घटनाएं हमें विचलित करती हैं कि रेल यात्री की जिंदगी इतनी सस्ती क्यों है? जिन लोगों के पास रेलवे सुरक्षा का जिम्मा है क्या वे अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं? निस्संदेह, देश में भारतीय रेलवे दशकों तक राजनीतिक हित साधने का शार्टकट माध्यम रहा है। गठबंधन सरकारों में घटक दलों के सांसदों में रेल मंत्रालय लेने की होड़ रहा करती थी। वजह थी कि अपने राज्य व संसदीय क्षेत्रों के बेरोजगारों को विशाल रेल तंत्र में खपाया जा सके। यह यक्ष प्रश्न है कि राजनीतिक हस्तक्षेप से की गई नियुक्तियां किस हद तक किसी विभाग या काम की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। विडंबना यह भी कि राजनीतिक लाभ के लिये नित नयी ट्रेनों की घोषणा करने वाले राजनेताओं ने रेलवे में सेवा की गुणवत्ता व सुरक्षा के पहलुओं को उतनी गंभीरता से नहीं लिया। कोई वैज्ञानिक अध्ययन सामने नहीं आया जो इस बात की व्याख्या कर सके कि पुराना रेलवे ढांचा क्या तेज गति की ट्रेनों के दबाव को सह लेगा? सर्वविदित है कि तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय चूक का पहलू भी सामने आता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में रेलों को पटरी से उतारने की साजिश का जो एंगल सामने आया है, वह बेहद डरावना है। दरअसल, आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर रेल की पटरी पर ऐसे अवरोधक पाये गए हैं, जो रेल को पटरी से उतारकर बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते थे। इस बाबत कुछ वीडियो सुर्खियों में रहे, जिसमें पाक में सक्रिय कट्टरपंथी भारतीय रेलों को पटरी से उतारने की बात कर रहे थे। बीते रविवार उ.प्र. में कानपुर के निकट प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पटरी पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। शुक्र है कि सिलेंडर छिटकने से विस्फोट न हो पाने पर दुर्घटना का खतरा टल गया। इस तरह पटरी से ट्रेन को उतारने की साजिश विफल हो गई। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में तमाम तेज गति की नई ट्रेनें पटरियों पर दौड़ रही हैं। उनकी गति भी बढ़ी है और रेलों की आवाजाही भी। ऐसे में सुरक्षा के प्रबंध चाकचौबंद न होने से हजारों यात्रियों की जान का जोखिम बना रहता है। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले महीने भी कानपुर के पास ही वाराणसी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के करीब दो दर्जन डिब्बे पटरी से उतर गये थे। तब भी चालक ने किसी चट्टान के इंजन से टकराने की बात कही थी। इससे पहले चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के बेपटरी होने से चार यात्रियों को जान से हाथ धोना पड़ा था। निस्संदेह, इसके साथ ही रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने की कुछ अन्य घटनाएं भी सामने आई हैं। ये घटनाएं बताती हैं कि ट्रेन में सफर कर रहे हजारों नागरिकों की जीवन रक्षा के लिये रेलवे के सुरक्षातंत्र को फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। ये घटनाएं हमें विचार के लिये बाध्य करती हैं कि चांद व मंगल पर दस्तक देने वाला भारत अपने रेलवे तंत्र को दुर्घटनामुक्त क्यों नहीं बना पा रहा है। नीति-नियंताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि गति से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पहले सुरक्षा चाकचौबंद की जाए। यदि रेलवे को निशाने बनाने की साजिश हुई है तो उसकी उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए।

# वक्फ संपत्तियों की कानूनी निगरानी से बढ़ेगी पारदर्शिता

**शक्तिसिंह परमार**




**वक्फ बोर्ड संपत्ति में सिर्फ बड़ी-बड़ी मस्जिदें, दरगाह, कब्रिस्तान ही नहीं हैं, बल्कि वे प्राचीन स्मारक भी शामिल हैं, जिनका रखरखाव लंबे समय से केन्द्र सरकार का पुरातत्व विभाग करता रहा है। फिर दिल्ली में जामा मस्जिद के इमाम बुखारी किस तरह से 2000 करोड़ से अधिक के मालिक बन गए या फिर उप्र में आजम खान ने स्वयं का विश्वविद्यालय खोलकर वक्फ जमीन पर एकतरफा कब्जा जमा लिया या कहें कि हैदराबाद में ओवैसी भाइयों ने किस तरह से वक्फ संपत्तियों पर मालिकाना हक में परिवर्तन कर लिया है। यह किसी से छुपा नहीं है। अब अगर केन्द्र सरकार संशोधन विधेयक के जरिए यह चाहती है कि किसी भी तरह की सार्वजनिक या धर्मविशेष की संपत्ति की निगरानी क्यों नहीं होनी चाहिए, जब हिन्दुओं के बड़े-बड़े मंदिरों और संस्थानों पर प्रशासक के रूप में कलेक्टर, कमिश्नर बैठे हैं फिर वक्फ संपत्ति कलेक्टर-कमिश्नर के निगरानी दायरे से बाहर क्यों रहे ? मूल अधिनियम में अब वक्फ संपत्तियों के सर्वे के लिए सर्वे कमिश्नरों की नियुक्ति का प्रावधान है।**

ऑल इंडिया मुस्लिम पसर्नल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी वक्फ बोर्ड संशोधन बिल 2024 के विरोध में तर्क दे रहे हैं कि कोई आदमी जामा मस्जिद के दस्तावेजी साक्ष्य मांगे तो क्या 400-500 साल पहले बनी इमारत के दस्तावेज दिखाए जा सकते हैं..? लेकिन सैफुल्लाह इस पर क्या कहेंगे कि जब तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 1500 साल प्राचीन सुंदरेश्वर मंदिर मामले में एक आदमी 1.2 एकड़ जमीन बेचने गया तो उसे वक्फ की जमीन कैसे बता दिया..? फिर पूरा गांव वक्फ की संपत्ति कैसे घोषित हो गया...?

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024 पेश कर दिया है। पक्ष-विपक्ष की सहमति के बाद जेपीसी का गठन भी हो चुका है। जेपीसी ने पहली दो बैठकों के बाद आमजन से वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को लेकर राय मांगी है। कहने का तात्पर्य यह है कि वर्ष 1995 में वक्फ एक्ट में बदलाव किया गया था और प्रत्येक राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशों में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। अब वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 में कुल 44 संशोधन हैं। 63 एडिशन भी अतिरिक्त जोड़े गए हैं। कुल मिलाकर 1995 के सेक्शन 40 को हटाया जा रहा है। जो खामियां 2014 से 2024 तक 1995 के एक्ट के बारे में रह गई हैं, उनके विषय में कांग्रेस शासनकाल में भी कई कमेटियां स्पष्ट रूप से अभिमत व्यक्त कर चुकी है। फिर 1976 में वक्फ जांच रिपोर्ट में भी बदलाव का बड़ा सुझाव आया था, क्योंकि वक्फ बोर्ड से जुड़ी संपत्तियों के ऑडिट और अकाउंट का तरीका सही नहीं था। वक्फ संपत्ति का प्रबंधन व्यवस्थित तरीके से हो, इसकी मांग न केवल केन्द्र-राज्य सरकारें, बल्कि मुस्लिम समाज का एक बड़ा तबका भी करता रहा है। हर किसी को मालूम है कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर गिने-चुने 200-250 लोगों का कब्जा है। वक्फ संपत्ति के बंदरबांट का खेल दशकों से चल रहा है।

वक्फ बोर्ड संपत्ति में सिर्फ बड़ी-बड़ी मस्जिदें, दरगाह, कब्रिस्तान ही नहीं हैं, बल्कि वे प्राचीन स्मारक भी शामिल हैं, जिनका रखरखाव लंबे समय से केन्द्र सरकार का पुरातत्व विभाग करता रहा है। फिर दिल्ली में जामा मस्जिद के इमाम बुखारी किस तरह से 2000 करोड़ से अधिक के मालिक बन गए या फिर उप्र में आजम खान ने स्वयं का विश्वविद्यालय खोलकर वक्फ जमीन पर एकतरफा कब्जा जमा लिया या कहें कि हैदराबाद में ओवैसी भाइयों ने किस तरह से वक्फ संपत्तियों पर मालिकाना हक में परिवर्तन कर लिया है। यह किसी से छुपा नहीं है। अब अगर केन्द्र सरकार संशोधन विधेयक के जरिए यह चाहती है कि किसी भी तरह की सार्वजनिक या धर्मविशेष की संपत्ति की निगरानी क्यों नहीं होनी चाहिए, जब हिन्दुओं के बड़े-बड़े मंदिरों और संस्थानों पर प्रशासक के रूप में कलेक्टर, कमिश्नर बैठे हैं... फिर वक्फ संपत्ति कलेक्टर-कमिश्नर के निगरानी दायरे से बाहर क्यों रहे? मूल अधिनियम में अब वक्फ संपत्तियों के सर्वे के लिए सर्वे कमिश्नरों की नियुक्ति का प्रावधान है, संशोधन विधेयक में कलेक्टर-डिप्टी कलेक्टर ही सर्वे कमिश्नर होगा, इससे नीचे पद वाले व्यक्ति को हस्तक्षेप की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। मतलब वक्फ में जमीन की जादूगरी का खेल खत्म होगा। भारत के बड़े शहरों से लेकगांवों तक में वक्फ संपत्ति की निगरानी कुछ गिने-चुने लोग करते हैं। जिसकी बंदरबांट भी वे अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए करने से नहीं चूक रहे हैं। अरबों रुपये की वक्फ संपत्ति पर वक्फ के लोगों ने ही अवैध कब्जा करवाकर औने-पौने दामों में या तो बेच दी है या ठिकाने लगा दिया और इसी वक्फ की आड़ में सरकारी संपत्तियों पर भी अवैध कब्जे जमाए गए हैं। 2009 तक वक्फ बोर्ड के पास 4 लाख एकड़ तक की 3 लाख रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियां थीं। महज 13 साल में वक्फ की जमीन दोगुनी हो गई। आज की तारीख में करीब 8 लाख 72 हजार 292 से ज्यादा अचल संपत्तियां रजिस्टर्ड हैं, जिनका एरिया करीब 9.4 लाख एकड़ है। वस्तुस्थिति कुछ और है। दरअसल 2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने 1995 के बेसिक वक्फ एक्ट में संशोधन किया और वक्फ बोर्डों को और ज्यादा अधिकार दे दिया। वक्फ बोर्डों को संपत्ति छीनने की असीमित शक्तियां देने के लिए अधिनियम में संशोधन किया गया, जिसे किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। कुल मिलाकर वक्फ की आड़ में जमीनों के दलालों को खुली छूट दी गई। अब नए कानून में वक्फ बोर्ड को किसी भी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति घोषित करने का अधिकार नहीं रहेगा। यह अंकुश क्यों बुरा है..? वक्फ संपत्ति को कानून के निश्चित दायरे में क्यों नहीं लाया जा सकता? कोई भी बोर्ड हो जो कुछ करता है तो उसे कोर्ट में रिव्यू करने का प्रावधान दिया जा रहा है, तो यह गैर संवैधानिक कैसे हो गया? सालों से वक्फ बोर्ड में बैठने वाले लोग तालमेल करके ट्रिब्यूनल में फैसले देते हैं... उस फैसले को आप किसी कोर्ट में चैलेंज नहीं कर सकते...। सोचने वाली बात है कि क्या यह जमीनी बंदरबांट का तरीका लोकतांत्रिक है..? देश में कोई भी कानून सुपर लॉ नहीं हो सकता। फिर वक्फ बोर्ड को कानून से ऊपर कैसे रखा जा सकता है? जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि की जमीन का आर्कियोलॉजिकल सर्वे हो रहा था और इसमें केके मोहम्मद ने बड़ी भूमिका निभाई थी।

तब किसी भी हिन्दू ने यह मांग नहीं उठाई थी कि श्रीराम जन्मभूमि का सर्वे कोई हिन्दू ही करे। मुस्लिमों का एक बड़ा वर्ग वक्फ बोर्ड में सुधार और संशोधन को एक क्रांतिकारी कदम मान रहा है। हर बोर्ड और कार्उंसिल में 2-2 मुस्लिम महिला सदस्य रहेंगी। इससे मुस्लिम महिलाओं के अधिकार और हस्तक्षेप सुनिश्चित होंगे। जब देश में 30 वक्फ बोर्ड की 9 लाख एकड़ से ज्यादा की संपत्ति रेलवे और सेना के बाद सबसे ज्यादा संपत्ति का मालिक है तो उसे कानूनी रूप से निगरानी तंत्र में आने में क्यों आपत्ति है..?

**विचार**

# एक-दूसरे के खून के प्यासे माओवादी

**प्रियंका कौशल**



नक्सलियों का क्रूर चेहरा अब बेनकाब होने लगा है। छत्तीसगढ़ के वनवासियों से उनकी घृणा भी खुलकर सामने आ गई है। पूरे नक्सल इतिहास में वैसे भी कभी छत्तीसगढ़ मूल के लोगों को बड़े पद नहीं दिए गए हैं। उस पर भी जो किसी तरह निचले स्तर से ऊपर पहुंचे हैं, उनकी हत्या की जा रही है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि नक्सलियों के बड़े नेता छत्तीसगढ़ के नक्सलियों को विश्वास के योग्य भी नहीं समझते। ताजा घटनाओं से इस बात की प्रबल पुष्टि होती है। यही कारण है कि माओवादी संगठन में कलह अब सतह पर दिखाई दे रही है।

ताजा मामला ये है कि तेलगू कैडर विजय रेड्डी एवं उनके साथियों ने राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन कमेटी के एसीएम विज्जा (निवासी दक्षिण बस्तर) की हत्या कर दी है। इस हत्या से साफ जाहिर होता है कि नक्सलियों के नेता बस्तर मूल के लोगों को केवल अपने पांव की जूती भर समझते रहे हैं। पहले तो आम ग्रामीणों को बंदूक की नोक पर जबरिया नक्सली बनाया जाता है, उनसे हत्याएं करवाई जाती हैं, ताकि वे अपराधी कहलाये और मुख्य धारा में न लौट पाएं। जीवन भर उनका शोषण किया जाता है और अंत में खुद नक्सली उनकी हत्या कर देते हैं। अब लगातार हो रही छत्तीसगढ़ पुलिस कार्रवाई से बौखलाए आंध्र कैडर के नक्सली छत्तीसगढ़ के नक्सलियों को मौत के घाट उतार रहे हैं। यानी छत्तीसगढ़ के नक्सलियों को उनके बड़े नेताओं द्वारा विश्वसनीय भी नहीं माना जाता। इस घटना छत्तीसगढ़ के नक्सलियों को बड़ा धक्का लगा है।

वर्ष-2024 में माओवादियों को पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने लगातार क्षति पहुंचाई है। लगातार हो रहे नुकसान से बौखलाए हुये माओवादियों में विद्रोह की स्थिति बन गयी है। नक्सलियों में विश्वासघात का डर भी उत्पन्न हो गया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ पुलिस ने माओवादियों से आत्मसमर्पण कर अपने जान बचाने की गई अपील की है। बस्तर आईजी पी सुंदरराज के अनुसार वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत माओवादियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप 153 से अधिक माओवादियो के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किये गए हैं।

बस्तर पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि पिछले आठ महीनों में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा तेलंगाना राज्य के निवासी माओवादी कैडर डीकेएसजेडसी सदस्य जोगन्ना, डीकेएसजेडसी सदस्य रंधीर, टीएससी सदस्य, सीआरसी कमाण्डर सागर, डीवीसीएम विनय उर्फ रवि जैसे शीर्ष माओवादी कैडर्स के शव विभिन्न मुठभेड़ के पश्चात बरामद किए गए। छत्तीसगढ़ में अब तक चले एंटी नक्सल ऑपरेशन्स में ऐसा पहली बार हुआ है कि महाराष्ट्र राज्य निवासी माओवादी कैडर एसीएम संगीता उर्फ सन्नी तथा ओडिशा निवासी पीपीसीएम लक्ष्मी का भी शव मुठभेड़ के पश्चात बरामद किया गया। इस प्रकार बड़ी संख्या में अन्य प्रांत के रहने वाले शीर्ष माओवादी कैडर्स का नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारा जाना छत्तीसगढ़ पुलिस की अब तक की बहुत बड़ी उपलब्धि है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. बताते हैं कि प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई माओवादी संगठन द्वारा एक रणनीति के तहत सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ के दौरान स्थानीय माओवादी कैडर्स को एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हैं। मुठभेड़ों में स्थानीय नक्सलियों को मरने को छोड़ दिया जाता है और बाहरी राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स द्वारा मौके का फायदा उठाकर अपनी जान बचाकर भाग जाते हैं। लेकिन हाल-फिलहाल में हुये मुठभेड़ों के दौरान बाहर राज्य के शीर्ष माओवादी कैडर्स की यह रणनीति विफल होते हुये नजर आ रही है।

पुलिस को विश्वनीय सूत्रो से मिल रही सूचना से यह बात सामने आ रही है कि वर्ष 2024 में तेलंगाना/ओडिशा/महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांत के सीनियर कैडर्स की हो रही दुर्गति को देखते हुये माओवादी संगठन के शीर्ष नेतृत्व में खलबली मच गई है, जिससे बाहर के माओवादी कैडर्स द्वारा स्थानीय माओवादी कैडर्स के ऊपर संदेह एवं शक करते हुये, उन्हे कई प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे माओवादी संगठन में विश्वासघात व विद्रोह की स्थिति निर्मित हो रही है। यही कारण है कि 6 सितम्बर, 2024 को जिला कांकेर के थाना परतापुर क्षेत्र अंतर्गत मलमपेंटा जंगल में राजनांदगांव-कांकेर डिवीजन के एसीएम विज्जा मड़काम को उन्हीं के खुद के माओवादी संगठन के नेतेलगू कैडर नेता विजय रेड्डी के इशारे पर माओवादियों ने संगठन के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाकर हत्या कर दी। माओवादी शीर्ष नेतृत्व द्वारा माओवादी संगठन के इस अंदरूनी कलह से खुद के माओवादी कैडर तथा जनता का ध्यान भटकाने के लिये खुद के द्वारा मारे नक्सलियों को पुलिस मुखबिर/क्रान्तिकारी विरोधी/संगठन की गद्दारी करने जैसे मनगढ़ंत कहानी बताते हुये झूठे एवं तथ्यविहीन प्रेस विज्ञप्ति जारी की जा रही है। पिछले दिनों माओवादी संगठन को बस्तर संभाग अंतर्गत दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी इलाके में भारी क्षति उठाना पडी है, जिसके कारण प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी संगठन अभी दिशा-विहीन एवं नेतृत्व विहीन हो चुका है। बाहरी प्रांत के शीर्ष माओवादी नेतृत्व विगत 30-40 वर्षा से स्थानीय माओवादी कैडर्स को सिर्फ एक मानव सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल करते हुये करोड़ों-अरबो रुपयों की लूट-खसोट की गई है। अब स्थानीय माओवादी कैडर्स के सामने बाहरी माओवादी कैडर्स बेनकाब होते जा रहे हैं, जिसके कारण से मावोवादियों में आपस में विश्वासघात एवं विद्रोह की स्थिति बढ़ते जा रही है।

## मणिपुर की आग में अमेरिकी हाथ?

**राकेश दुबे**

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कुछ स्पष्ट बातें कही थीं जिसकी दुनिया भर में चर्चा हो रही थी। उनका कहना था कि अमेरिका ने बांग्लादेश में कुछ देश विरोधी ताकतों को उनके पद से हटाया है, लेकिन उनके अनुसार अमेरिका बांग्लादेश से सेंट मार्टिन नामक टापू लीज पर मांग रहा था और वह ऐसा करने के लिए तैयार नहीं थीं। इसलिए अमेरिका ने सारी साजिश रची। शेख हसीना के इस रहस्योद्घाटन की देश-विदेश में खूब चर्चा हुई। इसके साथ इस पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दूसरा रहस्योद्घाटन भी किया। उसके अनुसार अमेरिका चिटगांव, भारत के कुकी बहुल इलाकों और म्यांमार के कुकी बहुल काचिन प्रदेश को मिला कर पूर्वोत्तर भारत में एक ईसाई देश का गठन करने का प्रयास कर रहा है।

आश्चर्य है कि विदेशी मीडिया ने शेख हसीना के इस पर्दाफाश की अवहेलना की, लेकिन उससे भी बड़ा आश्चर्य यह है कि भारत का मीडिया भी इस विषय पर एकदम से खामोशी का शिकार हो गया। पूर्वोत्तर भारत के कुकी बहुल इलाके कौनसे हैं? उनमें सबसे पहले तो मणिपुर का विशाल पर्वतीय क्षेत्र है जहां कुकी समुदाय का बाहुल्य है। मणिपुर का पड़ोसी प्रदेश मिजोरम है। मिजोरम के निवासी 'जो' भी कुकी समाज का हिस्सा ही माने जाते हैं। इसका अर्थ हुआ कि मिजोरम और मणिपुर में मैतेयी बहुल इम्फाल घाटी को छोड़कर शेष सारा मणिपुर कुकी समुदाय का इलाका माना जाता है। मिजोरम और मणिपुर के पड़ोस में म्यांमार लगता है।

म्यांमार का काचिन प्रदेश कुकी बहुल प्रदेश है। इस काचिन प्रदेश को म्यांमार से अलग करने के लिए विद्रोही समय समय पर आघात करते रहते हैं। मणिपुर में कुकी विद्रोह से पहले म्यांमार का काचिन प्रदेश विद्रोहियों के कब्जे में आ गया था। उसके बाद ही मणिपुर में गड़बड़ शुरू हुई।म्यांमार में पहाड़ी क्षेत्र में पिछले कई सालों से अलगाववादी आंदोलन चल रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में अंग्रेजों के शासन काल में ही विदेशी ईसाई मिशनरियां सक्रिय हो गई थीं। अब तक उन्होंने पूरे पहाड़ी क्षेत्र की जनजातियों को मतांतरित करके ईसाई बना लिया है। इन मतान्तरित क्षेत्रों में चिन कुकी बहुल चिन प्रदेश भी शामिल हैं। वहां से कुकी निरन्तर मणिपुर में आते जाते रहते हैं। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सत्ता गंवाने से ठीक पहले कुकी बहुल क्षेत्र की पहचान को पुख्ता व स्पष्ट स्थापित करने के लिए पूरे मणिपुर का नक्शा ही बदल दिया था। उसने अनेक जिलों को इस प्रकार विभाजित किया ताकि कुकी बहुल जिलों का निर्माण किया जा सके। इसी प्रकार बंग्लादेश के चिटागांव से कुकी विद्रोही आघात प्रत्याघात करते रहते हैं। एक दूसरा तथ्य भी ध्यान में रखना होगा। मिजोरम, मणिपुर, चिटागांव और म्यांमार के चिन प्रदेश के कुकी शत-प्रतिशत अपनी विरासत छोड़कर ईसाई मत में जा चुके हैं। मणिपुर-मिजोरम-चिटगांव-चिन क्षेत्र के कुकी समाज को कुकी-जो-चिन के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल अंग्रेज भारत से जाने के पहले 1947 में ही भारत को घेरने की योजना पर काम कर रहे थे। पूर्वोत्तर भारत में एक ईसाई देश बनाने की योजना थी जिसे कूपलैंड योजना कहा जाता था और पश्चिमोत्तर भारत में एक मुसलमान देश बनाने की योजना थी जिसे जिन्ना योजना कहा जाता था। जिन्ना योजना तो पश्चिमोत्तर भारत की राजनीति का हिस्सा बन गई, लेकिन कूपलैंड योजना में अभी ब्रिटिश साम्राज्यवादी रंग भर ही रहे थे कि द्वितीय विश्व युद्ध का अन्त हो गया और अंग्रेजों को इस योजना को अधूरी छोड़ कर जाना पड़ा। असम के उस समय के राज्यपाल राबर्ट नायल राईड्स ने 1941 में ही शिलांग की एक गोपनीय बैठक में इस योजना का खुलासा करते हुए कहा था कि 'बर्मा के काचिन क्षेत्र और भारत के पूर्वोत्तरीय पहाड़ी क्षेत्र को अलग करके ऐसा नया देश बनाने की योजना है जिस पर इंग्लैंड का शासन हो।' अंग्रेज जानते थे कि जिन्ना योजना से पैदा होने वाले देश पाकिस्तान पर वे प्रत्यक्ष शासन नहीं कर पाएंगे।



## राशिफल

**मेषः-** घर-परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न को व्यवसायिक अवरोध के हल ढूंढने में मन केद्रित होगा। किसी पुराने मित्र की मध्यस्तता से बिगड़े हुए सम्बन्धों में सुधार होगा।

**बृषभः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय बड़ा मूल्यवान है। अतः इसे व्यर्थ न गंवायें। किसी नए सम्वेदना का प्रभाव नए रिश्ते को जन्म देगा।

**मिथुनः-** परम्पराओ व संस्कारों कें प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव एवं कुछ साथ के प्रगतिशील व्यक्तियों से ईष्या भाव ठीक नही।

**कर्कः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य वश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। आपका मिलनसारिता के कारण सम्बन्धो का बिस्तार होगा। कमजोर मनोबल के कारण लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में थोड़ी कठिनाई का अभास होगा। संवेदनशील मन पूरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओत-प्रात होगा।

**कन्या :-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। परन्तु ईरीय आस्था हर परीस्थिती पर बिजय प्राप्त करेंगे। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफ्लता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाऐं आपके मकसद सफलता दिलाऐंगी। कार्य क्षेत्र में अपनें बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाऐंगे।

**वृश्चिकः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी होगी। भौतिक चका-चौंद से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**धनुः-** परिजनो व मित्रों का सनिध्य से मन प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में कोई अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार है। मांगलिक एव सास्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**मकरः-** कुछ नये सम्बन्द बनेगें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद सम्भव। कर्तव्य व जिम्मेदारियों से घिरा मन अपनी कल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा।

**कुंभः-** मन को खराब विचारो से दूर रखते हुए अच्छे कायरे में केन्द्रित करें। नई स्थितियाँ आप मे नई प्रतिभाओं का संचार करेगा।

**मीनः-** अपनी वाणी पर नियंत्रण रखते हुए सम्बन्धों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। प्रतिभा व आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। आर्थिक लाभ के आसार हैं।

# अपराजिता बनने के लिए पहले घरों व कार्यस्थलों की सुरक्षा जरूरी

**प्रियंका सौरभ**




**निवारक के रूप में मृत्यु दंड के उपयोग पर व्यापक रूप से बहस हुई है, परंतु इसकी प्रभावशीलता के साक्ष्य, सीमित हैं। वर्मा समिति की रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मृत्यु दंड से यौन अपराधों में पर्याप्त कमी नहीं आती है, इसलिए अधिक प्रभावी समाधानों की आवश्यकता है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के साथ संभावित संघर्ष उत्पन्न करता है, जिससे कानूनी चुनौतियों के कारण कार्यान्वयन में देरी होने की संभावना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है। विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरुकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है।**

हर जघन्य यौन अपराध के बाद सजा-ए-मौत का शोर उठना और अध्यादेश जारी करके या विधेयक पारित करके इसे मान लेना, काफी आम हो गया है। दिल्ली में एक महिला से वहशियाना दुष्कर्म के बाद 2013 में आपराधिक कानूनों में बदलाव किया गया। उसके बाद, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों ने यौन हमले के लिए बढ़ी हुई सजा की खातिर संशोधन किए। अब पश्चिम बंगाल में अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 में यौन अपराधों के लिए दंड बढ़ाने का प्रावधान किया गया है, खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

विधेयक में बलात्कार के विशिष्ट मामलों के लिए अनिवार्य मृत्युदंड और त्वरित जांच जैसे कड़े उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। यह किसी बड़ी आपराधिक घटना के बाद जन आक्रोश पर पश्चिम बंगाल की विधायी प्रतिक्रिया को उजागर करता है, जिसका उद्देश्य कानूनी ढांचे को मजबूत करना और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है। विधेयक में दुष्कर्म पीड़िता की मृत्यु होने अथवा मरणासन्न अवस्था में पहुंचने पर मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है , जिससे निवारक प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। विधेयक में यह प्रावधान किया गया है कि यौन अपराधों की जांच 21 दिनों के भीतर पूरी की जाए, जिसका उद्देश्य न्याय में तेजी लाना है। विधेयक पीड़ितों की पहचान की सुरक्षा को मजबूत करता है, तथा खुलासा करने पर 3-5 वर्ष के कारावास का प्रावधान करता है। विधेयक में यौन हिंसा के मामलों के लिए समर्पित विशेष न्यायालयों की स्थापना का प्रस्ताव है, जिससे कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। विधेयक, नाबालिगों के यौन शोषण से जुड़े मामलों को लक्षित करता है, कठोर दंड और बढ़ी हुई निगरानी लागू करता है। विधेयक, पुनर्वास और सामाजिक सुधारों के बजाय दंडात्मक कार्रवाइयों को अधिक प्राथमिकता देता है, तथा गहन प्रणालीगत मुद्दों की उपेक्षा करता है। कठोर दंड के बावजूद यौन अपराधों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो विशुद्ध दंडात्मक कानूनों के सीमित प्रभाव को दर्शाता है। विशेष न्यायलयों की स्थापना से मौजूदा न्यायिक ढाँचे पर दबाव पड़ सकता है, जिससे संभावित रूप से प्रक्रियागत देरी हो सकती है। निर्भया के बाद शुरू की गई फास्ट-ट्रैक कोर्ट को भी बोझिल कानूनी व्यवस्था और संसाधनों की कमी के कारण, इसी तरह की देरी का सामना करना पड़ा। निवारक के रूप में मृत्यु दंड के उपयोग पर व्यापक रूप से बहस हुई है, परंतु इसकी प्रभावशीलता के साक्ष्य, सीमित हैं। वर्मा समिति की रिपोर्ट ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मृत्यु दंड से यौन अपराधों में पर्याप्त कमी नहीं आती है, इसलिए अधिक प्रभावी समाधानों की आवश्यकता है। यह विधेयक केंद्रीय कानून के साथ संभावित संघर्ष उत्पन्न करता है, जिससे कानूनी चुनौतियों के कारण कार्यान्वयन में देरी होने की संभावना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 254 के अनुसार ऐसे संशोधनों के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक है, जिससे कानून का लागू होना जटिल हो जाता है। विधेयक यौन हिंसा पर शिक्षा या जन जागरुकता अभियान जैसे निवारक उपायों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जागरूकता और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो ऐसे अपराधों को कम करने के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

पीड़ितों के लिए सशक्त पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रणालियां शुरू करना दंडात्मक उपायों का पूरक होगा। यौन अपराध के मामलों से निपटने में होने वाली देरी को कम करने के लिए न्यायिक बुनियादी ढांचे को अधिक संसाधन आवंटित करना आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा ई-कोर्ट परियोजना का उद्देश्य न्यायपालिका को डिजिटल बनाना है, जिससे मामलों का तेजी से निपटारा हो सके। स्कूली बच्चों और आम जनता को लक्षित करके जागरूकता अभियान चलाकर यौन हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करते हुए इस तरह की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। सखी वन स्टॉप सेंटर पहल शिक्षा और जागरुकता प्रदान करती है, जिससे महिलाओं को अपराधों की जल्द रिपोर्ट करने का अधिकार प्राप्त होता है। राज्य के कानूनों का, केंद्रीय ढांचे के साथ सामंजस्य होने से सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित होता है और अनावश्यक संघर्ष से बचा जा सकता है। केरल में राज्य की पहलों के साथ पोक्सो का सफल सरेखण, एक सहयोगी दृष्टिकोण के लाभों को दर्शाता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# कुपोषित बच्चों के साथ किया जा रहा खिलवाड़

## स्वास्थ्य विभाग व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों में तालमेल न होने का खामियाजा भोग रहे कुपोषित बच्चे

- अति कुपोषित बच्चों की संख्या लगभग एक हजार एनआरसी में भर्ती केवल दो बच्चे
- लगातार बच्चों की संख्या बढ़ने से शासन चिंतित

### आंगनवाडी कार्यकत्री कुपोषित बच्चों को कराएं भर्ती : प्रभारी सीएमओ

प्रभारी सीएमओ डा रामअवतार ने बताया कि कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को है इस मामले का शासनादेश है पिछली बैठक में जिलाधिकारी ने डीपीओ को स्पष्ट आदेश भी दिया था। उनका कहना है कि जब आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चों को चिंहित करती है तो वही जाकर एनआरसी में बच्चों को भर्ती करायेगी। यह विवाद अक्सर रहता है इस प्रकार से बच्चों का नुकासन होता है। जबकि डीपीओ का कहनाहै कि आशा बहुओ की जिम्मेदारी है कि कुपोषित बच्चों को भर्ती कराना।

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कुपोषित मासूम बच्चों के लिये जिला अस्पताल में स्थापित दस शैय्या बाले पोषण पुर्नवास केंद्र (एनआरसी) केंद्र में मात्र दो बच्चे इलाज पा रहे है। जबकि जिले में कमसे कम एक हजार मासूमों को अतिकुपोषित श्रेणी में चिंहित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग व जिला कार्यक्रम अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है।

जानकारी के मुताबिक जिले में हर माह कुपोषित बच्चो की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। जिला कार्यक्रम विभाग(आंगनवाड़ी) समय समय पर कुपोषित बच्चों को चिंहित करते है। तीन श्रेणी में बच्चे चिंहित किये जाते है। जिसमें अतिकुपोषित बच्चों की संख्या एक हजार सेज्यादा हो गयी है। वैसे तो कुपोषित बच्चों की संख्या कम से कम तीन हजार से अधिक है।

शासन के सख्त आदेश है कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने की जिम्मेदारी आंगनवाडी विभाग व स्वास्थ्य विभाग की होती है। बच्चों के डाक्टर भीकुपोषित बच्चों को भर्ती कराने की सलाह मरीज के तीमारदार को देते है। इधर कई दिनों से एनआरसी केंद्र खाली पड़ा है केवल दो बच्चे ही इलाज पा रहे है जब कि शासन भर्ती बच्चों को खाने व इलाज के लिये मुफ्त व्यवस्था करती है। यही नही बच्चों को मां के लिये कुछ सुविधा शुल्क भी दिया जाता है ताकि उनकी मजदूरी में जितना नुकसान हो उसका कुछ अंश पूरा किया जा सके। मगर बच्चों की ओर किसी का कोई ध्यान नही दिया जाताहै यही कारण है कुछ लोग कुपोषण को सूखा रोग समझ कर पूजा अर्चना करते है और कई वच्चों की असमय मृत्यु हो जाती है।शासन ने हर आंगनवाडी केंद्र में बच्चों के बजन मापने की मशीन,बच्चों के ऊंचाई मापने के यंत्र व बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है मगर कर्मियों की लापरवाही के चलते कुपोषित बच्चों की संख्या कम होने के बजाय लगातार बढती जा रही है हालाकि इस मामले में शासन को सही रिपोर्ट नही दी जाती है ताकि विभाग की फजीहत न हो,शासन ने साफ कहा है कि स्वास्थ्य विभाग की आशाबहू भी कुपोषित बच्चों को लाकर एनआरसी में भर्ती करायेगी मगर दोनो विभागो में ताल मेल न होने के कारण कुपोषित बच्चों का नुकसान हो रहा है। वे गांवों में झाड़ फूंक कर समय व्यतीत कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि एनआरसी में बच्चों की ठीक से देखभाल नही होती है इसलिये वह बच्चों को समय से पहले ही निकाल लाते है और घर में ही उपचार शुरु कर देते है।

इधर सीएमएस डा एसपी गुप्ता का कहना है कि इसके लिये हर विभाग को समय समय पर आदेश दिये जाते है मगर बच्चों को लाने की जिम्मेदारी आंगनवाडी कार्यकत्री व आशा बहू की है। उनका काम केवल एनआरसी में प्रबंधन करना है वह किया जा रहा है।

# संयुक्त व्यापार मंडल ने डीएम को किया सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड की वीरभूमि महोबा में ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव सफल तरीके से सम्पन्न होने पर संयुक्त व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी प्रदुल चौधरी को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर सम्मानित किया है।

इस महोत्सव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराए जाने में जिलाधिकारी की अहम भूमिका होने पर व्यापारियों ने सम्मानित किया है।बुन्देलखण्ड के आल्हा ऊदल की नगरी वीरभूमि महोबा मे प्रति वर्ष की भांति रक्षाबंधन के पर्व एंव महोबा विजय दिवस के उपलक्ष्य में कजली मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन इस वर्ष 20 अगस्त से शुरू हो कर एक सप्ताह तक बुंदेली विधाओं को जीवंत रखने व वीरो की वीरता का बखान जीवंत रखने हेतू आल्हा गायन, बुंदेली राई, तमरयाई, ढिमरयाई, बुंदेली लोकगीत, आदि के सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराए गए थे यह कार्यक्रम ऐतिहासिक आल्हा मंच व दूसरे मंच महोबा संरक्षण समिति व नगर पालिका द्वारा ऐतिहासिक कीरत सागर के तट के नीचे सम्पन्न कराए गए।

वही कीरत सागर तटबंध पर 13 दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक कजली महोत्सव त्योहार के सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। जिसको लेकर जनपद के संयुक्त व्यापार मंडल द्वारा जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। इस दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राम जी गुप्ता केसर यूनियन के अध्यक्ष राम किशोर सिंह, व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष मुशीर भाई, ट्रक यूनियन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन व्यापार मंडल के मंत्री भूमित सोनी, वरिष्ठ व्यापारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कजली मेला को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने जाने में जिलाधिकारी की अहम भूमिका है।कहा कि 7 दिवस तक ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुए तथा कीरत सागर में 13 दिवस तक लगने वाले मेला में किसी व्यापारी को परेशानी नही हुई है। जिसको लेकर जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 30 कृषकों के भ्रमण दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कृषि विभाग से त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनांतर्गत राज्य के अंदर कृषक भ्रमण अंतर्गत रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के लिए 30 कृषकों के भ्रमण दल को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किसानो को रवाना किया गया। उप कृषि निदेशक डॉ अभय कुमार सिंह यादव ने किसानो को मक्का योजना की जनकारी दी भ्रमण दल के योजना प्रभारी डॉ हरी प्रकाश नामदेव कृषकों को लेकर रवाना हुए।

### बिना एनपीसीआई व आधार लिंक के नहीं मिलेगी दिव्यांग जनों को पेंशन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को अब अपने बैंक खातों में आधार लिंक और एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडियाद्ध की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद ही लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल सकेगा। वहीं सभी दिव्यांग जनों से शीघ्र ही उक्त प्रक्रिया को पूर्ण करने की अपील की है।

### उर्द की फसल काटते समय जहरीले सर्प के काटने से किसान की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** चरखारी के ग्राम रोशनपुरा निवासी अजयपाल राजपूत पिता खुबचंद उम्र लगभग 30 वर्ष को खेत में उर्द की फसल काटते समय जहरीले सर्प ने काट लिया द्य परिवार के लोग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी लेकर आए जहाँ पर इलाज शुरू हुआ मगर कोई आराम न होते देख स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रेफर कर दिया गया द्य परिवारीजन इलाज के लिए उरई लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में खरेला के पास किसान की मौत हो गई द्य परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को दी है । पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है द्य कानूनगो प्रदीप खरे ने कृषक के बारे में जानकारी लेकर प्रशासन को अवगत कराया । किसान अजयपाल राजपूत अपने पीछे पत्नी कौशल्या 25 वर्ष , पुत्र रामभगत 7 वर्ष पुत्री भूरी 5 वर्ष , प्रतिमा 4 वर्ष को छोड़ गया है सभी परिवारिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

### बुखार से पीड़ित 26 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 वर्षीय युवक की बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गयी।सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतू शव विच्छेदन ग्रह भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुराहा निवासी पंकज यादव पुत्र रमेश यादव कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित था। जिसको इलाज हेतू बीते दिवस कबरई समुदायक स्वस्थ केंद्र में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर उसे डियूटी में तैनात डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय के लिए रिफर किया था जहाँ पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतू शव विच्छेदन ग्रह भेज दिया है। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** मौसम विभाग द्वारा 12 और 13 सितंबर को भारी वर्षा एवं वज्रपात होने की चेतावनी जारी की गई है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा है कि खराब मौसम में आकाशीय बिजली गिरने एवं वज्रपात की घटनाएं घटित होने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं जिससे जनहानि एवं पशु हानि व मकान क्षति तथा व्यक्ति के घायल होने की घटनाए प्राय: होती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि आकाशीय बिजली से बचने के उपायों को अपनाया जाय ताकि वज्रपात से जनहानि न होने पाये। उन्होंने कहा है कि जनसामान्य अपने मोबाइल में मौसम विज्ञान विभाग भारत सरकार द्वारा विकसित दामिनी एप एवं सचेत एप डाउनलोड करें जिससे वज्रपात की पूर्व सूचना मिल सके और वज्रपात से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष वज्रपात से बड़ी संख्या में जनहानि व पशुहानि होती है तथा इन्फास्ट्रक्चर को भी भारी नुकसान पहुंचता है। वज्रपात से कम से कम क्षति हो इसके लिए प्रभावी व्यवस्था को अपनाने के साथ ही अधिसूचित आपदाओं की पूर्व चेतावनियों एवं अलर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा को कम किया जा सकता है। जिला आपदा विशेषज्ञ ने जनसामान्य को बचाव के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि वज्रपात से बचने के लिए पेड़ों के नीचे, मोबाइल टावर व ऊंचे मकान के नीचे शरण न लें। बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें, लैण्डलाइन एवं विजली के उपकरणों का उपयोग न करें, खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें। यदि मौसम खराब हो तो तुरन्त किसी पक्के घर में शरण लें।

# धसान नदी का बढ़ा जलस्तर, सिंचाई विभाग ने जारी किया अलर्ट

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



धसान नदी में पानी की आवक व जलस्तर बढ़ने के चलते अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग ने आमजनमानस को अलर्ट जारी किया है तथा नदी से दूरी बनाए रहने की चेतावनी जारी की है। उन्होंने लोगो को सलाह देते हुए कहा है कि बांध में पूर्ण छमता से जल स्तर भराव होने के उपरांत नदी में छोड़े गए पानी की वजय से उसका जलस्तर बढ़ा हुआ है जिस कारण नदी से दूर रहने की सलाह दी है।

बता दे कि एक हप्ते से रोजाना हो रही बारिश की वजय से नदी नाले उफान पर है।हुई लगातार बारिश से किसानों की सिंचाई व पेयजल आपूर्ति को लेकर जगह जगह सरकार द्वारा बांधो का निर्माण किया गया है जिससे बुन्देलखण्ड के खेती बाड़ी व लोगो की प्यास बुझाई जा सके।लगातार एक हप्ते से हो रही बारिश के चलते इन बांधो को पूर्ण छमता से सिंचाई विभाग द्वारा भर लिया गया है। बांधो के ओवर फ्लो होने से पानी को तेज गति से निकाल कर अन्य बांधो को भी भरा जा रहा है पानी छोड़े जाने से नदिया और नहरे उफान पर है।उफान पर रहने के चलते आमजन के लिए नहरों व नदियों में जाने से आमजन की जनहानि का खतरा बना हुआ है।जिसको लेकर बचाव हेतू सिंचाई विभाग ने लोगो को जानकारी दे एडवाइजरी जारी की है ताकि जनहानि होने से बचाया जा सके।उक्त जानकारी देते हुए बताया कि धसान नदी पर टीकमगढ जिला में स्थित बानसुजारा बांध के सभी 12 गेटों को ढाई मीटर ऊंचाई से खोलकर 1 लाख 41 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो वाया पहाड़ी बांध से लहचूरा बांध मे प्राप्त हो रहे इनफ्लो से बांध की सुरक्षा हेतु वर्तमान में लहचूरा बांध के 11 गेटों को 9 फुट ऊंचाई से खोलकर 1लाख 40 हजार क्यूसेक पानी धसान नदी मे छोडा जा रहा है। बताया कि वर्तमान में लहचूरा बांध पूर्ण जलाशय स्तर तक भर चुका है। बताया कि लहचूरा बांध से निकली अर्जुन फीडर नहर को 1800 क्यूसेक से संचालित कर अर्जुन बांध को भी पूर्ण क्षमता तक भर लिया गया है।जिसके उपरांत चंद्रावल बांध और कबरई बांध को भरा जा रहा है। बताया कि पानी छोड़ने से नहर और नदी उफान हो पानी का बहाव तेज गति पकड़े हुए ऐसी स्थित में धसान नदी व नहरो मे पानी की आवक व जलस्तर की तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने चेतावनी जारी कर कहा कि नदी किनारे स्थित ग्रामों के समस्त ग्रामवासियों,चरवाहों व मछुआरों आदि से निवेदन कर कहा है कि वर्षाकाल में नदी से दूर रहें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जानमाल की हानि न हो सके।

# अध्यापकों द्वारा चार्ज नहीं देने से कामकाज प्रभावित

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कार्यालय द्वारा लम्बे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात अध्यापकों और शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों को कस्बे के स्कूलों से सम्बद्ध कर उन्हें सम्पूर्ण चार्ज देने के साथ ही सरकारी धन की जमकर लूट मचवाने का काम किया गया था।लेकिन निदेशक के आदेश के बाद भी कस्बे के स्कूलों में कार्यालय के जिम्मेदारों की छत्रछाया के नीचे जमे शिक्षक अपने मूल विद्यालय नहीं जा रहे थे और सरकारी धन की लूट का काम किया जा रहा था लेकिन जब महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने सख्ती से आदेश जारी किए तो मजबूर होकर उक्त अध्यापक अपने मूल विद्यालय तो चले गए लेकिन खण्ड शिक्षा अधिकारी की मेहरबानी के चलते अपना चार्ज नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि उनके चार्ज नहीं छोड़ने के पीछे दूसरा सबसे बड़ा कारण यह है कि यदि शिक्षक सम्पूर्ण चार्ज देते हैं तो किसी बड़े घोटाले के खुलने की आहट सुनाई दे सकती है।हालांकि इस बात को लेकर जिम्मेदारों ने खण्ड शिक्षा कार्यालय और जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी से भी सम्पर्क स्थापित किया है लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला जिससे बच्चों के भविष्य से न केवल खिलवाड़ हो रहा है बल्कि मध्याह्न भोजन व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।इस बात को लेकर जब बेशिक शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो चालक ने बार बार साहब के मीटिंग में होने की बात कहते हुए फोन काट दिया।

# मकान गिरने से ग्रामीणों का हुआ भारी नुकसान

**कुलपहाड़(महोबा), समृद्धि न्यूज।**



जिले की तहसील कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर एवं कमालपुरा के गांव में सुबह 4 बजे के आस पास एक भयंकर चक्रवात तूफान आया द्य जिसमें लाड़पुर, कमालपुरा के किसानों का बहुत नुकसान हुआ है। लोगों के घर के खपरेल, टीन टप्पर, फसलें व पेड़ आदि सब तहस नहस हो गए। जिससे किसानों की बहुत क्षति हुई है।

किसान परीक्षत पुत्र गरीबा उम्र लगभग 55 वर्ष अपने खेत पर बने मकान में सो रहा था तभी उसका मकान गिर गया, और वह उसमें दब गया। सुबह जब लोगों ने देखा तो उसको बाहर निकाला गया। जिसे मामूली चोटें आईं हैं। सबसे ज्यादा नुकसान वृन्दावन राजपूत का हुआ, जिसका ट्रेक्टर दबकर पूरी तरह नष्ट हो गया और उसकी गन्ने की लगभग 4 बीघा की पूरी फसल क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो गई। वहीं लोगों के फलदार पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गए। रमेश राजपूत का घर और टप्पर गिर गया। घर के अंदर बंद जानवरों को जल्दी में बाहर निकालकर उन्हें बचाया गया। किसानों की तिल की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मुन्ना राजपूत की 8 बीघा की फसल पूरी तरीके से नष्ट हो गई। हरि राजपूत, केशव दास, अखिलेश, रामप्रकाश, परमलाल, नारायन, आसाराम, जयपाल, प्रहलाद आदि किसानों का नुक़सान हुआ है। नायब तहसीलदार पंकज गौतम, लेखपाल विकास यादव ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया पीड़ित लोगों से भेंट कर उन्हें भरोसा दिया उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के देवगांव मार्ग में एक युवती ने छत के ऊपर जाकर निर्माधीन कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कस्बे के देवगांव रोड में रहने वाले छोटा कछार के निवासी राजेंद्र सिंह के पुत्र सौरभ सिंह ने बताया कि बुधवार को उनकी मां कृष्णाकुमारी संतान सप्तमी का व्रत होने के कारण पड़ोस में पूजा के लिए गई थी। उसी समय उसकी बहन सन्नो 22 वर्ष छत से कपड़े लाने की बात कह कर चली गई और छत पर निर्माणाधीन कमरे में बल्ली के सहारे दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर हो जाने पर जब वह नीचे नहीं आई तो छत पर जाकर देखा गया तो वह फंदे पर लटकी हुई थी और उसकी मौत हो गई थी। मृतका दो भाइयों दो बहनों में सबसे छोटी थी। भाई सौरभ सिंह ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# शासनादेश का विरोध कर अधिवक्ताओं ने सुनवाइयों का बहिष्कार करने का किया एलान

- व्यापारियों ने कहा शासनादेश का पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



अपर मुख्य सचिव राज्यकर लखनऊ द्वारा प्रदेश के समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड 2 को अपील निस्तारण में भेजे गए निर्देश पर कर अधिवक्ता संघ ने विरोध करते हुये मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कमिश्नर राज्यकर को सौंपा है। अधिवक्ताओं ने कहा है कि अपीलीय सुनवाइयों को जमकर वहिष्कार किया जायेगा।

कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अपील निस्तारण में समय सीमा निर्धारित करने से अपीलीय अधिकारी शीघ्रता करेंगे। जिससे अपीलीय न्याय प्रभावित होगा और एक पक्षीय आदेशों की भरमार तथा बोनस डिमांड बढ़ेगी। व्यापारी हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अपीलीय न्यायालय में एक पक्ष व्यापारी तथा दूसरा पक्ष विभाग का होता है। लेकिन फिर भी व्यापारी को यह विश्वास होता है की अपील से न्याय मिलेगा। लेकिन प्रशासनिक हस्तक्षेप से व्यापारी का न्याय से विश्वास कम होगा। कहा कि व्यापारी हितों के लिए समर्पित आपके उप्र शासन में आपके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा ऐसे निर्देश दिए जाने से आपके विजन पर चोट पहुंचती है और सरकार की छवि व्यापारियों के बीच धूमिल होती है। इसलिए ऐसे अधिकारियों पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है। कहा कि इसी संबंध में संघ के निर्देशानुसार संघ अपीलीय सुनवाइयों का बहिष्कार करेगा। इस मौके पर सुरेश गुप्ता एडवोकेट हमीरपुर,महामंत्री सुभान खां उपाध्यक्ष सीएल कुशवाहा कोषाध्यक्ष राजेश ओमर अब्दुल्ला मौजूद रहे।

# सुभासपा ने छात्र-छात्राओं को घर जाकर किया सम्मानित

- शील्डपाकर बच्चों के खिले चेहरे

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



विद्या भारती द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स चौंपियनशिप प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित जनपद के सभी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की थी जिसमे नगर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्रा को सुभासपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने घर पहुंचकर सम्मानित किया है।

बीती सात तारीख को विद्या भारती द्वारा अयोजित हुई खेल कूद प्रतियोगिता में जनपद के सभी विद्या भारती के छात्र छात्राओं ने प्रति भाग किया जिसमें विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा ने बाल वर्ग अंडर 14 में 400 मीटरए 200 मीटर व 100 मीटर की दौड़ में आरुषी सिंह खंगार ने प्रथम स्थान व छात्र वर्ग में 200 व 100 मीटर की दौड़ में अभिमान सिंह खंगार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था जो दोनों सगे भाई बहिन हैं। दोनो सगे भाई बहिन द्वारा कस्बे व परिवार का नाम रोशन करने पर सुहेलदेव भारत समाज पार्टी के रफीक उद्दीन उर्फ पिंटू ने कार्यकर्ताओं के साथ उनके घर पहुंच दोनो को शील्ड देकर सम्मानित किया और दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर बच्चों के माता व पिता चंद्रपाल खंगार पार्टी के जावेद रईस सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। शील्ड पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

### दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरु

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** दहेज उत्पीड़न एवं हत्या का मुकदमा पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सीताराम पुत्र हरदेव प्रजापति चंदपूरवा निवासी में कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मैंने अपनी पुत्री का विवाह 3 वर्ष पूर्व कस्बा निवासी सुशील कुमार पुत्र सुखराम प्रजापति के साथ समर्थ के अनुसार दान दहेज देकर खुशी.खुशी विदा किया था लेकिन आए दिन दहेज के लिए सुशील कुमार पुत्र सुखराम एवं उसकी मां आए दिन प्रताड़ित करते रहे और अंत में जबरन डाई पिलाकर उसकी हत्या कर दी वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे से सरोज ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कस्बे में लगातार बढ़ रही छेड़खानी की घटनाएं

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

इन दिनो कस्बे में छेड़खानी की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है और आए दिन कोचिंग संस्थानों और स्कूलों के आसपास शोहदों द्वारा छात्राओं के साथ अश्लीलता करने और फब्तियां कसने के मामले बढ़ रहे हैं तो वहीं कस्बे में आटो और ई रिक्शा चालकों द्वारा भी छात्राओं के साथ छेड़खानी करने के साथ ही द्विअर्थी अश्लील गाने बजा कर छेड़छाड़ करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जिससे सरकार के मिशन शक्ति अभियान और एण्टीरोमियो स्क्रायड का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है।छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है तो शोहदों को सबक सिखाने के लिए पुलिस ने हर थानो में एण्टीरोमियो स्क्रायड का गठन किया है लेकिन छात्राओं की सुरक्षा के बनाया गया एण्टीरोमियो स्क्रायड की हवा कोतवाली के चंद कदम दूर गांधी पार्क के पास ही निकल जाती है जहां पर सारे दिन शोहदों द्वारा कोचिंग संस्थानों में जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती है। ऐसी ही मामले में पिछले महीने एक छात्रा ने कोतवाली पहुंच कर मामला दर्ज कराया था लेकिन ऐसे मामले दिन ब दिन बढते जा रहे हैं बीते मंगलवार को भी छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में एक रिक्शा चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जबकि दूसरा शोहदा मौका पाकर फरार हो गया लेकिन लोकलाज के कारण छात्राओं के परिजनों ने तहरीर नहीं दी।

# अधिकारियों ने दुकानदारों को किया सचेत

**पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज।**



अधिकारियों द्वारा मैन बाजार पनवाड़ी में नाले के इर्द गिर्द बसे दुकानदारों को सचेत किया गया है। बताया गया कि आने वाले तीन चार दिनों तक क्षेत्र में भारी बारिश की आशंका है, जिसे देखते हुए व्यापारी दुकानों का सामान सुरक्षित गोदामों में शिफ्ट कर लें।

बीते साल भीषण बारिश के बाद नाले का गंदा पानी आसपास की दुकानों में भर गया था। जिससे किराना, कपड़ा और बिसातखाना और स्टेशनरी से जुड़े दर्जन भर दुकानदारों को लाखों रुपए की क्षति उठानी पड़ी थी। मौसम विभाग की ओर से इस वर्ष 11 सितंबर से अन्य जिलों के साथ साथ महोबा में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। जिसके बाद बुधवार सुबह उप जिलाधिकारी मृत्युंजय मिश्रा की अगुआई में राजस्व निरीक्षक बदलू प्रसाद, नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा और लेखपाल ब्रजेंद्र पाल ने मैन बाजार पनवाड़ी स्थित नाले का निरीक्षण कर आस पास के दुकानदारों से चर्चा की। दुकानदार मानिक अग्रवाल ने बताया कि बीते साल नाले के पानी से उनकी दुकान में कंधे तक पानी भर गया। जिसके बाद सामान बचाने के चक्कर में उनका बेटा पानी के तेज बहाव में बह गया। हालांकि अन्य दुकानदारों और आस पास के लोगों ने उसे सुरक्षित पकड़ लिया। बताया कि इस वाकए से घबराए वह और उनका बेटा दुकान का सामान ज्यों का त्यों छोड़कर घर चले गए। सामान के खराब हो जाने से उन्हें लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। पिछले दिनों दुकानदारों द्वारा नाले की सफाई और चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग शासन से की गई थी।

# आकाशीय बिजली से तीन किशोर झुलसे

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बीती रात्रि से हो रही बारिश से नदी का जलस्तर देखने जा रहे तीन किशोर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलस गए है। डाक्टरों ने एक को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

बता दें थाना अंतर्गत ग्राम नकरा निवासी जयप्रकाश पुत्र गुलाब सिंह राजपूत उम्र 17 बर्ष,अमित पुत्र ढालचंद्र राजपूत उम्र 18 बर्ष और अमित पुत्र कालीचरन उम्र 17 बर्ष तीनों मित्र गांव से निकली नदी के पानी को देखने जा रहे थे। बारिश से बचने के लिए उक्त लडके पहाड़िया पर बने मंदिर के बरामदे में जाकर खड़े हो गए। जो आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। जिसमे गंभीर रुप से घायल अमित पुत्र कालीचरन को पनवाड़ी के एक निजी क्लीनिक में लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया अन्य दोनों घायल सीएचसी में उपचारित हैं।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो की हालत गंभीर

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

उतरौला-फगुइया मार्ग पर कुंडनिया गांव के पास एक बाइक दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिससे तीनों व्यक्तियों को चोटें आई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

घायलों में रामपाल यादव (28 वर्ष), पुत्र निबा, निवासी अल्लानगर को मामूली चोटें आई और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, संजय कश्यप (45 वर्ष), पुत्र भुलई राम, निवासी पटेल नगर, और हनुमान कश्यप (22 वर्ष), पुत्र प्रसादी, निवासी आर्यनगर को गंभीर चोटें आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. योगेंद्र कुमार ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बलरामपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टरों ने घायलों की स्थिति का आकलन करने के बाद तेज़ी से उन्हें रेफर किया। डॉ. योगेंद्र कुमार ने बताया कि रामपाल यादव की स्थिति स्थिर है, लेकिन संजय कश्यप और हनुमान कश्यप को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दुर्घटना तेज रफ्तार और अनियंत्रित बाइक चलाने की वजह से हुई। पुलिस ने घायलों के परिवार वालों को सूचित कर दिया है और आगे की कार्रवाई के लिए दुर्घटना की जांच की जा रही है। इस दुखद दुर्घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन के महत्व को उजागर किया है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर सावधानी बरतें और सुरक्षित ड्राइविंग सुनिश्चित करें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# दवा खरीद रहे लोगों को पेबिल न देने पर जताई नाराजगी

## उपजिलाधिकारी ने अस्पताल गेट के आस-पास अतिक्रमण को जेसीबी से तत्काल हटवाने का दिया निर्देश

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी ने संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण कर स्थित का जायज़ा लिया। उन्होने ने अस्पताल के सामने खुले मेडिकल स्टोरो पर जिला औषधि निरीक्षक के साथ छापामार कर जांच कराई।

मेडिकल स्टोर पर दवा खरीद रहे मरीजो से पूछा कि अस्पताल मे दवाएं नही मिल रही। वही मेडिकल संचालको द्वारा दवा खरीद रहे लोगों को पेबिल न दिए जाने पर जताई नाराजगी और औषधि निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। बुधवार को एसडीएम आनन्द तिवारी



ने दलबल के साथ संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का निरीक्षण कर स्थित का अवलोकन किया। अस्पताल की सीएमएस डाक्टर नीलम गुप्ता एवं अधीक्षक डाक्टर नीरज वर्मा के साथ अस्पताल की एमरजेंसी, ओपीडी, डाक्टर कक्ष,दवा वितरण केंद्र, आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल दवा लेने आए एक मरीज ने बाहर से दवा लिखने के साथ ही डाक्टर कक्ष मे बाहरी व्यक्ति द्वारा बैठ कर दवाओ के बारे मे परामर्श दिए जाने की शिकायत की गई। जिसपर उपजिलाधिकारी ने अधीक्षक डाक्टर नीरज वर्मा को जांच कर बाहरी व्यक्ति से काम न कराने के लिए निर्देश दिए। वही अस्पताल परिसर मे गाड़ियो की पार्किंग होने पर नाराजगी जताई और सीएमएस से गाडियां बाहर पार्क कराने के लिए गेट बंद कर गार्ड को तैनात करने का निर्देश दिया। वही अस्पताल मे साफ सफाई को लेकर सफाई नायक से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अस्पताल गेट के आसपास लगे कूड़े के ढेर एवं अतिक्रमण को एसडीएम ने राजस्व टीम बुला कर जेसीबी से तत्काल हटवाने का निर्देश दिया।

जिसके बाद पुलिस बल के साथ राजस्व कर्मियों अस्पताल के आसपास का अतिक्रमण हटवाया। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह,चन्द्रेश वर्मा,अभय सिंह,शैलेन्द्र आदि अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को यूनीफॉर्म व स्कूल बैग वितरित

> बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के सदस्य ने छात्रों को पढ़ाया नैतिक शिक्षा का पाठ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेण्डली स्कूल में बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के सदस्य डॉ राजेश शुक्ला ने बालमित्र बनकर उनके साथ खूब बातें की। डॉ शुक्ला ने छात्र छात्राओं को यूनीफॉर्म, स्कूल बैग वितरित करते हुए उन्हें नैतिक शिक्षा का पाठ भी पढ़ाया। वहीं जब बच्चों को नया स्कूल बैग व नई यूनीफॉर्म मिली तो उनके चेहरों पर खुशी दौड़ गई।




सीडब्ल्यूसी सदस्य डॉ राजेश शुक्ला ने कहा कि संस्था द्वारा बच्चों को निःशुल्क रूप से उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही उन्हें पोषणीय शिक्षा दी जा रही है। संस्था का यह सराहनीय कार्य है। संस्था के अध्यक्ष स्कूल प्रबंधक रत्नेश कुमार ने अतिथि स्वागत के साथ ही स्कूल की स्थापना व प्रगति के बारे में बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, स्कूल के स्टाफ सरोज, सरस्वती, अर्चना, जियालाल सहित कई अभिभावक व 150 छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## विद्युत पोल गिरने से भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष की मौत

**जालौन, उरई।** बिजली केबिल में टकरा रहे पेड़ को काटते समय टहनी के गिरने से पोल टूटकर भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष पर जा गिरी थी। इलाज के दौरान पूर्व बूथ अध्यक्ष की मौत हो गई।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दहगुवां में मंगलवार को बिजली की केबिल डालने का काम चल रहा है। केबिल डालने के दौरान गांव में महियादीन के घर के सामने लगे नीम के पेड़ से केबिल टकरा रही था। जिसके चलते बिजली कर्मचारियों ने पेड़ की टहनी को काटने का निर्णय लिया। टहनी काटते समय अचानक टहनी टूटकर केबिल पर गिर गई। जिसके चलते केबिल समेत बिजली का पोल टूट कर जमीन पर गिर गया। इसी दौरान गांव के पूर्व भाजपा बूथ अध्यक्ष विकास बाबू (40) पुत्र प्रेम सिंह निवासी दहगुवां वहां रास्ते निकल रहे थे।

# भव्य जुलूस के साथ विसर्जित की गई गणेश प्रतिमाएं

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पांच दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव को लेकर संगत मंदिर मे पूजा,भजन,आरती के साथ विभिन्न प्रकार के आयोजन के बाद विसर्जन हेतु भव्य जुलूस भगवान गणेश की मूर्ति को बैंडबाजा, डीजे,ऊंट,घोड़े के साथ रंगों की बौछार करते हुए सफदरगंज कल्याणी नदी में विसर्जन के लिये रवाना हुआ।

बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला छोटी बाजार संगत,राम जानकी मंदिर मे पांच दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव मे भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की गयी। पूजा महाआरती भजन महिला संगीत सहित अनेक धार्मिक आयोजन किये गये। जहां भारी संख्या मे भक्त लोगों की मौजूदगी मे प्रसाद का वितरण भी किया गया। बुधवार को संरक्षक



दिवेश कुमार जायसवाल,आयोजक संजय सोनी, वसु जायसवाल जितेंद्र डीएम वर्मा दीपक निगम उमाकांत राजा जायसवाल, बब्लू कश्यप,सोनू निगम व भारी पुलिस बल की देखरेख में विसर्जन के लिये ऊंट घोड़े, बैंडबाजा, डीजे,शानदार बघ्घी सहित भगवान गणेश की मूर्ति के साथ जयकारे लगाते हुए भक्ती मे मगन लोग नाचते गाते कल्याणी नदी सफदरगंज के लिये रवाना हुए।जहां पहुंचकर विसर्जन किया गया।इस मौके पर थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता, एसआई अलोक कुमार,हेड कांस्टेबल गुफरान खान, रामनाथ, दीवान जयनारायण, कांस्टेबल शैलेश कुमार, पंकज सिंह सहित भारी संख्या मे पुलिस के जवान मौजूद रहे।जबकि विसर्जन के जुलूस मे क्षेत्र के भक्तो के साथ साथ भारी संख्या मे महिलाएं भी मौजूद रही।

# महिलाओं ने कांशीराम कालोनी में नशाखोरी के खिलाफ खोला मोर्चा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

> हर नारी को अपनी भुजाओं में ताकत भरने की आवश्यकता : रजनी

नशाखोरी खत्म कराने के लिये राजयोगिनी एवं योग शिक्षिका रजनी पाल की अगुवाई में नारी समाज के द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं। समाजसेवी संस्था ऑपरेशन विजय (बुराइयों के खिलाफ जंग ) की नशा मुक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाकर विशाल मीटिंग का आयोजन किया।

काशीराम कॉलोनी के परिषदीय कम्पोजिट विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी पाल जिला सचिव ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारी की लज्जा बचाने हेतु अपने हाथों में चूड़ी व मेहंदी न लगाकर भुजाओं में ताकत भरने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि द्रोपती की लाज बचाने के लिए माधव आये थे। अब माधव नहीं आएंगे। इसलिए हर नारी को अपनी भुजाओं में ताकत भरने की आवश्यकता है। अतः ऐसे समाजसेवी संगठन में अपना साथ देकर नारी की लज्जा बचाई जा सकती है। इसी श्रृंखला में भारी संख्या में समाज सेविकाओं व समाज सेवियों ने ऑपरेशन विजय उदघोष के साथ हूकार भरी। मीटिंग में सरोज देवी, रानी, अनुसूया, बेबी, सुनीता, जानकी आदि नारी शक्तियों ने शामिल हुई।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षित किये गए किसान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कृषि विज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ पर अयोजित संरक्षित खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के प्रबंध परिषद के सदस्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेन्द्र रघुवंशी ने कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ का पहली बार दौरा किया। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने अन्य वैज्ञानिकों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्री रघुवंशी ने के.वी.के. का प्रक्षेत्र भ्रमण किया तथा विभिन्न इकाइयों एवं चल रही परियोजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जनपद के किसानों तथा इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से आये छात्रों से बातचीत की। इस अवसर पर उन्होंने




कृषि के क्षेत्र में अपनी यात्रा के बारे में भी बहुत सुन्दर जानकारी दी और बताया कि अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन के अनुसार कृषि कार्य करें और फसल विविधीकरण की तरफ बढे।

उन्होंने कृषि वानिकी के साथ-साथ प्राकृतिक खेती पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी से यह भी अपील कि हम अपने बाग-बगीचे की रक्षा करें और पेड़ों को काटना बंद करें। इस कार्यक्रम में केवीके के वैज्ञानिक डॉ. भास्कर प्रताप सिंह, डॉ. रूपन रघुवंशी, डॉ. रिंकी कुमारी चौहान, डॉ. मानवेन्द्र बहादुर सिंह एवं दिव्यांशु श्रीवास्तव शामिल हुए और प्रत्येक वैज्ञानिक ने अपने विषय और विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित कृषि के बारे में समसामयिक जानकारी किसानों के साथ-साथ छात्रों को दी. कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान श्री अजीत कुमार ने मधुमक्खी पालन के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह अशोक कुमार सिंह, नवनीत वर्मा, मनोज कुमार सिंह, मंशा राम यादव आदि किसान शामिल रहे।

# खबरें एक नजर में

## भगवान पुष्पदत का धूमधाम से चढ़ाया गया निर्वाण लाडू

**इटावा।** पर्यूषण पर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की पूजा के साथ-साथ जैन धर्म के 9वें तीर्थंकर भगवान पुष्पदत का निर्वाण लाडू श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नशियां जी पर गांजे बाजें के साथ भक्ति भाव से चढ़ाया गया। श्री जी का जलाभिषेक शांति धारा एवं पूजन के उपरांत पीले वस्त्र धारी पुजारियों ने निर्माण लाडू समर्पित किया इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष संजू जैन पूर्व महामंत्री धर्मेद्र जैन सहकोषाध्यक्ष नवनीत जैन ववुआ राजू जैन महावीर जैन श्रेयांश जैन शैकी जैन अजित कुमार जैन राजू जैन आदित्य जैन अमित जैन सोन माला जैन सरोज जैन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में आगामी 14 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है।राष्ट्रीय लोक अदालत में जिन विषयों से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा उनमें प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद-धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट),बैंक वसूली वाद, पारिवारिक विवाद,भूमि अधिग्रहण वाद राजस्व वाद,जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी,सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद,विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा ने दी है।

## युवक को रास्ते में रोककर की मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**जालौन, उरई।** गांव से जालौन आ रहे युवक के साथ एक व्यक्ति ने रास्ते में उसे रोककर गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी अकबर अली ने पुलिस को बताया कि वह अपने गांव से किसी काम के चलते जालौन आ रहा था। जब वह चुर्खी रोड पर अक्षदा गार्डन के पास पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद पर्वत सिंह निवासी अज्ञात ने उसे जबरन रोक लिया और रंगबाजी दिखाते हुए उसके साथ गाली, गलौज शुरू कर दी।

## बालू खनन के लिए पर्यावरणीय लोक सुनवाई आयोजित

**कालपी,जालौन।** कालपी तहसील के हिमनपुरा गांव के प्रस्तावित बालू खनन को लेकर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन संपन्न हुआ। तहसील कालपी के सभाकक्ष में आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई के बारे में उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिला जालौन की कालपी तहसील के वेतवा नदी के तटवर्ती हिमनपुरा स्थित गाटा संख्या 240 खंड के प्रस्तावित खनन क्षेत्र में क्षेत्रफ्ल 7 हेक्टेयर पर ( उत्पादन क्षमता 1 लाख 17 हजार घन मीटर) प्रतिवर्ष खनिज बालू, मौरंग खनन प्राप्त खनन परियोजना के प्रस्ताव पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना के तहत सुनवाई की गई।

# एआरटीओ ने क्लर्क के खिलाफ की कार्रवाई

**इटावा।** परिवहन विभाग इटावा में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा जनता को हितों को ध्यान रखते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार और जनता की सुविधा को देखते हुए एआरटीओ ने कड़ी कार्यवाही की।

परिवहन विभाग इटावा के एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने अपने ही अधिनस्थ बाबू के खिलाफ की कड़ी कार्यवाही। परिवहन विभाग में लिपिक पद पर कार्यरत बाबू द्वारा विभागीय कार्यों में शिथिलता बरतने पर तेजतर्रार एआरटीओ प्रदीप कुमार देशमणि ने लिपिक के खिलाफ निलंबन/ जांच की कार्यवाही के लिए संस्तुति पत्र जारी किया।

# बीडीओ के खिलाफ हुए धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष निशाने पर

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

खण्ड विकास अधिकारी मोनिका पाठक की कार्यशैली को लेकर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्र की ओर से हुए धरना प्रदर्शन के विरोध में उनके ही ब्लाक अध्यक्ष राहुल कुमार वर्मा ने हुंकार भर दी है।

उन्होने बुधवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहाकि धरना मेरे संघ का था और मै ब्लाक अध्यक्ष हूं। मुझे ही नहीं अधिकतर ग्राम प्रधानो को लिखित अथवा मौखिक रुप मे पूछा भी नहीं गया। अब खंड विकास अधिकारी जल्द ही पोस्ट हुई है। गौशालाओं और मनरेगा कार्यों में सुधार की कवायद ने राजनीतिक रुप ले उन्हे अपने आगोश मे ले लिया। मनरेगा के कार्य की हुई शिकायत और टीम के द्वारा जांच करवाये जाने पर ग्राम प्रधान बरियारपुर गरिमा यादव पूरी तरह से दोषी पाई



गयी।अब दोषी प्रधान को बचाये जाने के लिये धरना प्रदर्शन कर हाल मे तैनात हुई बीडीओ के खिलाफ झूठा आरोप लगाया जाना उचित नही है। जिनका काम धरातल पर नही है ऐसे लोगो ने सोची समझी रणनीति के तहत विरोध प्रदर्शन किया। जिनकी मंशा ब्लाक और ब्लाक प्रमुख की छवि को धूमिल करने का प्रयास भर है।धरना प्रदर्शन से पहले प्रधान पति अंकज यादव ने आत्मदाह की धमकी बीडीओ और ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी को पत्र देकर दी थी।जिसमें वह कार्यवाही से तो बच गये।जिस पर क्षेत्र के अधिकतर ग्राम प्रधानो ने पत्र लिखकर धरने को गलत करार दिया है। इस मामले में गौरतलब बात तो यह है कि प्रधानो के धरना प्रदर्शन के बाद अन्दर खाने हुई जांच की आंच धीरे धीरे ही सही बाहर आने लगी है। जानकारो के मुताबिक दस ग्राम पंचायते ऐसी है जहां धरातल से पंचायतो के अभिलेखों का कोई मेल नही है।अब देखनी वाली है बात तो यह है कि धरना प्रदर्शन और दबाव की रणनीति उनके लिये कितना कारगर साबित होगी यह तो आने वाला समय तय करेगा। आगे जो होगा वह देखा जायेगा।



# दूध से भरा टैंकर छहपुला के पास खाई में पलटा

**जालौन (उरई)।** कुठौंद से दिल्ली जा रहा दूध का टैंकर छहपुला के पास आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे तहसील क्षेत्र के कुठोन्द कस्बे से एक टैंकर करीब 24 हजार लीटर दूध लादकर दिल्ली जा रहा था। टैंकर चालक भेदपाल निवासी लोधीपुर जिला हापुड़ जब कुठोन्द से टैंकर लेकर जालौन में छहपुला के कुछ आगे बंगरा रोड पर पहुंचे तो अचानक से सड़क पर आवारा जानवर आ गया। आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और टैंकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। टैंकर में भरा दूध फैलने लगा। चालक किसी तरह शीशा तोड़कर बाहर निकला। हालांकि हादसे में चालक बाल बाल बच गया। उसको मामूली चोटें ही आई। टैंकर पलटने से वहां लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में क्रेन से टैंकर को खाई से बाहर निकाला गया।

# नगर आयुक्त ने किया सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा बुधवार को स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चैराहों के सौन्दर्यीकरण हेतु प्रगतिमान कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगतिमान कार्यो की गति धीमी पायी गयी। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्म को अपेक्षित गतिशीलता लाने हेतु तत्काल नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये गये व सम्बन्धित अभियन्ताओं को मानक के अनुरूप गुणवत्तापरक कार्य कराने व नियमित पर्यवेक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत आठ चौराहों के सौन्दर्यीकरण का कार्य 198.24 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित



है,जिसमें लोक निर्माण विभाग की अनापत्ति के उपरान्त पांच स्थानों पर चैराहों के सौन्दर्यीकरण की कार्यवाही प्रस्तावित है। वर्तमान में उदया चैराहा/जमथरा तिराहा/देवकाली तिराहा/ सूर्यकुण्ड पर कार्य प्रगतिमान है। नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत चैराहे के सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इन चौराहों का अयोध्या के ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि से सम्बन्धित स्कल्पचर स्थापित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अभियन्ताओं को कार्यो में गतिशीलता लाने के निर्देश दिये गये है।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला,सहायक अभियन्ता राजपति यादव,अवर अभियन्ता तथा अमित जायसवाल सहित निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इटावा रेलवे जंक्शन को मिली वंदे भारत ट्रेन की सौगात

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** इटावा रेलवे जंक्शन स्टेशन को देश की पहली सेमी हाईस्पीड वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिल गई है। आगरा-बनारस और बनारस-आगरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का इटावा जंक्शन पर ठहराव होगा। 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री वंदे भारत का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। लेकिन आगरा बनारस वंदे भारत ट्रेन का संचालन में तीन से चार दिन का समय लग सकता है। इटावा रेलवे जंक्शन स्टेशन को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिल गई है। 15 सितंबर के बाद से आगरा- बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होगा। 11 वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किया जाना है। उसी में आगरा बनारस वंदे भारत का भी शुभारंभ होगा। लेकिन इस रूट पर यह ट्रेन शुभारंभ के तीन से चार दिन बाद संचालित की जाएगी। इस ट्रेन का संचालन आगरा से शुरू होकर इटावा, कानपुर, प्रयागराज और बनारस जा सकेंगे। यहीं नहीं आगरा और बनारस घूमने आने वाले विदेशी पर्यटकों के इस ट्रेन में सफर करने पर इटावा के पर्यटन स्थल लायन सफारी, चंबल सेंचुरी, पचनद क्षेत्र में पर्यटकों के आने की उम्मीद बढ़ेगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**उरई (जालौन)।** थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम सरैनी के पास खेतों पशु चरा रहे युवक पर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरैनी निवासी युवक सोनू पुत्र रामशंकर अपने पशुओं को चराने के लिये खेतों पर गया था जहां अचानक मौसम खराब हुआ और देख आवाज के साथ अनाचक आकाशीय बिजली उस पर गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को पता चली तो मौके पर अनेकों ग्रामीण पहुंचे बाद में थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था।

## न्यायालय ने हत्यारोपी को सुनाई उम्र कैद की सजा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने तथा न्यायालय से दण्डित कराये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली, मानीटरिंग सैल/सम्मन सैल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुये न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं एक लाख 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया। विगत 12 अगस्त 2013 को वादिनी किरन सिंह पत्नी अनिल प्रताप सिंह निवासी पंजाबी कालोनी थाना कोतवाली इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीरी सूचना दी कि विनोद अवस्थी आदि 4 लोगो द्वारा उसके पुत्र को घर से बाहर ले जाकर जहरीली पदार्थ खिला दिया गया। जिससे उसके पुत्र की मृत्यू हो गयी। जिसके परिणामस्वरुप न्यायालय एडीजे-12 इटावा द्वारा अभियुक्त विनोद अवस्थी पुत्र लक्ष्मी नरायण निवासी मूंज थाना चौबिया इटावा को आजीवन कारावास एवं एक लाख 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया।

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम VIDYA KANWAR व जन्मतिथि 01.07.1959 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम VIDHA व जन्मतिथि 01.01.1957 है। VIDHA M/o Army No-3005274X, रैंक L/Hav सत्य नरायन, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम अस्तौली, अगरयाला, जनपद मथुरा, उत्तर प्रदेश।

## सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KAMALA DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KAMLA DEVI है। KAMLA DEVI M/o Army No-3009510L, रैंक L/NK रामनरेश आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम अई, भलोखरा, जनपद आगरा, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-283111.

## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम DAKSH CHOUHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम DAKSH CHAUHAN है। राजेश, Army No-3002672N, रैंक हवलदार, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-240, सनोली रोड, मलिक पेट्रोल पम्प, वीटीसी पानीपत, पोस्ट पानीपत, जिला पानीपत, हरियाणा, पिन-132103.

# पुलिस ने मुठभेड़ में तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना चौबिया व थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही कर तीन लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कब्जे से अपाचे मोटरसाइकिल घटना में प्रयुक्त, विक्की लूटी हुयी, 2 अवैध तमन्चा, 11 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस 315 बोर एवं अवैध चाकू 4 मोबाइल फोन बरामद किये। एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना चौबिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत रैपुरा भट्टा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 3 व्यक्ति अवैध असलाह के साथ मुहासी गाँव की मोड़ पर खड़े हैं।

इसी पर भदियापुर चौराहे पर स्वयं को पुलिस टीमों से घिरता देख उनके द्वारा पुलिस टीम पर 3 फायर किये गये जिसमें एक गोली थानाध्यक्ष चौबिया के बायें हाथ में लगी जिस पर पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो एक गोली आरोपी इरफान पुत्र जैनुद्दीन निवासी ग्राम राजीपुर थाना भरथना के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में तमन्चा व 2 खोखा व 6 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित अपने 2 अन्य साथियों शमशाद पुत्र सुलेमान ग्राम राजीपुर थाना भरथना, अभय पुत्र उमेश बाबू ग्राम अमथरी थाना ऊसराहर के साथ भदियापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।



# डीएम ने विसर्जन के लिए घाट का किया निरीक्षण

**इटावा।** जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दृष्टिगत थाना फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दतावली एवं थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत पिलखर पर बने मूर्ति विसर्जन घाट एवं मार्ग के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा -निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी इटावा अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दृष्टिगत थाना फ्रेण्डस कालोनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दतावली एवं थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत पिलखर पर बने मूर्ति विसर्जन घाट तथा मार्ग के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम, एसएसपी ने विसर्जन स्थल पर अच्छी रोशनी और साफ-सफाई रखने तथा पुलिस टीम को अलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना न घटे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चंदुइया विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित/राज्य वित/मनरेगा/एसबीएम योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 11/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/एसबीएम योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चंदुइया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12/09/2024 से 19/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अनवेश के घर से सुरेश के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | टिन्कू की चौपाल से सोनपाल के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.64 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मिनी आरसीसी सेंटर का निर्माण कार्य | 2.57 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (प्रतिभा मिश्रा) ग्रा0पं0 चंदुइया, नवाबगंज सचिव (कुलदीप सिंह)

# ज्वैलर्स की दुकान सहित कपड़े की दुकान में हुई चोरी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

बदमाशों ने ज्वैलर्स दुकान सहित अन्य एक कपड़े की दुकान के शटर में लगे तालों को तोड़कर सोने, चांदी व दुकान से नगदी सहित लाखों रुपये का सामान चुरा ले गये सुबह दुकानदार जब अपनी दुकान खोलने गये तो शटर के ताले टूटे देखकर उसके होश उड़ गये तत्काल वाद घटना की जानकारी दुकानदार ने पुलिस को दी गई। समधन नगर के मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी नासिर हुसैन पुत्र नईम हुसैन की मैन सड़क के किनारे हाजी हसरुददीन मार्केट में ज्वैलर्स व अन्य दो कपड़े की दुकानें किये हुए हैं बीता मंगलवार रात को अज्ञात बदमाशों ने मार्केट के पिछली

- समधन चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ जांच में जुटे
- छत से चढ़कर बदमाशों ने दुकानों के शटर का ताला तोड़कर घटना को दिया अंजाम

दीवार से छत पर चढ़कर अन्दर घुस आये इसके बाद सर्राफा दुकान के शटर में लगे ताले को तोड़कर नगदी सहित सोने व चांदी के जेवरात व अन्य एक कपड़े की दुकान के शटर में लगे तालों को तोड़कर कीमती साड़ियां अन्य कपड़े चुरा ले गये जब दुकानदार सुबह अपनी दुकानों को खोलने के लिये आये तो दुकानों के टूटे पड़े तालों को देखकर होश उड़ गये घटना की



जानकारी दुकानदार ने अपने पड़ोसियों को दी तो देखने के लिये भारी हुजूम लग गया।

इसके बाद पीड़ित ने घटना की जानकारी समधन चौकी प्रभारी को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना के पर्दाफाश करने के लिये जांच में जुट गई साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी चेक किये गये लेकिन पुलिस को सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित दुकानदार नासिर हुसैन पुत्र नईम हुसैन ने गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि दुकान में नगदी करीब 12000 रुपया सहित पुराना सोना 30 ग्राम पुरानी चांदी करीब 9 किग्रा कपड़ों की दुकानों से 320 कीमती साड़ियां व एलसीडी डीबीआर कैमरे उखाड़ ले गये है उन्होंने इस चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने की मांग कोतवाली प्रभारी से की है।

उधर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह से ज्वैलर्स दुकान सहित अन्य एक कपड़े की दुकान से लाखों की चोरी वारदात के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में लगी है जल्द चोरी की घटना का पर्दाफाश करके बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया जायेगा।

## सामूहिक कार्य योजना बना जिले के नगरीय निकायों का होगा विकास

**उरई (जालौन)।** प्रदेश के नगर और महानगरों को अब प्रदेश की सरकार ने कई विभागों को एक साथ जोड़कर विकास की कार्य योजना बनाने का मन बनाया है जल्दी ही इस कार्य योजना को धरातल पर लाया जा सकेगा और प्रदेश के विकास को विकसित देशों की तरह देखा जा सकेगा। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐसी कार्य योजनाओं को धरातल पर लाना चाहते हैं जो प्रदेश के नगर और महानगरों को कई बिंदुओं के विकास से संतृप्त कर सकें उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जल्दी ही सामूहिक विकास की एक ऐसी कार्य योजना को अमली जामा पहनाने की दिशा में तत्पर है।

## राधा अष्टमी पर धूमधाम से मना श्री राधा जू का जन्मदिन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



राधा अष्टमी पर रोडवेज बस स्टैंड के पास राधा रानी का जन्म उत्सव के उपलक्ष में प्रसाद वितरण किया गया। शहर के रोडवेज बस स्टैंड के पास राधा रानी के जन्म उत्सव पर चित्र पर पूजा अर्चना प0 संजीव दुबे ने मंत्रोचार कर राधा कृष्ण का श्रंगार,करने करा भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में भक्तो ने राधा जी के जन्म का उत्वव नाच गा कर मनाया।इस अवसर पर हलुआ, रबड़ी,अरबी सेब केला आदि का भोग लगाया गया। सवा कुंतल से अधिक हलुवा भक्तो में बितरित किया गया। भारी बारिश के बीच के बाद भी हजारों श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी। इस दौरान डॉ. विवेक मिश्रा, रिंकू चतुर्वेदी,विनीत चतुर्वेदी,प्रशांत मिश्रा, राजेश मिश्रा, हिमांशू मिश्रा, पंकज कश्यप,जैकी कश्यप, शिवा,आशुतोष चौवे, कुलदीप शाक्य, विनायक,आदि मौजूद रहे राधा राधा रानी जन्म उत्सव का प्रसाद हजारों भक्तों ने चखा।

# राधा रानी का जन्मदिन मनाकर बांटा गया हलुआ



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आज राधा अष्टमी के मौके पर नगर के बस स्टेण्ड के पास भानु दुलारी श्री राधा जू का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। पं. संजीव दुवे ने मंत्रोचार कर राधा कृष्ण का श्रंगार,करने करा भोग लगवाया।

बड़ी संख्या में भक्तो ने राधा जी के जन्म का उत्वव नाच गाकर मनाया। इस अवसर पर हलुआ,रबड़ी,अरबी सेब केला आदि का भोग लगाया गया। सवा कुंतल से अधिक हलुवा भक्तो में बितरित किया गया। भारी बारिश के बीच के बाद भी हजारों श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी। इस दौरान डॉ. विवेक मिश्रा, रिंकू चतुर्वेदी,विनीत चतुर्वेदी,प्रशांत मिश्रा, राजेश मिश्रा,हिमांशू मिश्रा, पंकज कश्यप, जैकी कश्यप, शिवा, आशुतोष चौवे,कुलदीप शाक्य, विनायक,आदि मौजूद रहे।

# खुली बोली समधन बाजार का उठाया गया वसूली ठेका



**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा समधन बाजार की वसूली को लेकर तहसीलदार ने नगर पंचायत अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत कर्मचारीयों और सभासदों के बीच ठेकेदारों द्वारा खुली बोली लगाकर ठेका उठाया गया। बुधवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय मीटिंग हाल में बाजार बसूली का ठेका बोली लगाकर उठाया समधन बाजार की वसूली हेतु छिबरामऊ के तहसीलदार भारत सिंह मौर्य व समधन चेयरमैन अध्यक्ष आसमा बेगम, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी के समक्ष बाजार ठेका की नीलामी की गई जिसमें एसबीएन कॉन्टैक्टर एंड सप्लायर मे राजू हकीम, कॉन्टैक्टर मुख्तार हुसैन, कॉन्टैक्टर श्रीराम ,कॉन्टैक्टर एंड सप्लायर व मुजम्मिल आदि ठेकेदारों द्वारा खुली बोली में प्रति भाग किया गया जिसमें अंतिम बोली एसबीएन कॉन्टैक्टर एंड सप्लायर द्वारा 336500 लगाई गई।

जिसको लेकर एसबीएन कॉन्टैक्टर एंड सप्लायर को बाजार वसूली करने का ठेका लिख दिया गया इस दौरान लिपिक जिलेदार सिंह, अंकित दुबे, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य आदि तमाम लोग मौजूद रहे।



## खेल मैदान में अव्यवस्थाओ के सम्बंध में सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन द्विवेदी ने क्षेत्र की समस्याओं से युवा कल्याण एवं खेलकूद मंत्री को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विपिन कुमार द्विवेदी ने छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र की समस्या से लखनऊ में सचिवालय में गिरीश चंद्र यादव खेल एवं युवा कल्याण मंत्री को एक पत्र मिघोली स्थित बहुउद्देश्यीय हाल व खेल मैदान में अव्यवस्थाओ के सम्बंध में सौंपा, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री ने महानिदेशक ,युवा कल्याण व प्रांतीय रक्षक दल से वार्ता की व जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया, इस अवसर पर पवन राजपूत निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, शिवम त्रिपाठी जिला मंत्री किसान मोर्चा, डा शैलेन्द्र राजपूत , सुशांत शुक्ला, व आशुतोष द्विवेदी उपस्थित थे।

## देवनगर चौराहे पर महान क्रांतिकारी ताईबाई की प्रतिमा हो स्थापित

**जालौन (उरई)।** देवनगर चौराहे पर नगर की महिला क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप, नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा व संकीर्तन सेवा समिति ने संयुक्त रूप से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जालौन की प्रथम महिला क्रांतिकारी ताई बाई की प्रतिमा देवनगर चौराहे पर लगवाने को लेकर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप, नमो नमो सनातन हिन्दू महासभा व संकीर्तन सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम हेमंत पटेल व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार को सौंपा गया। उक्त संगठनों ने संयुक्त रूप से मांग की है।

# खबरें एक नजर में

## शिविर में 34 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग, 11 का हुआ चयन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड लखनऊ की ओर से बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को गुगरापुर ब्लॉक सभागार में खण्डविकास अधिकारी उमाशंकर साहू के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 34 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें 11 अभ्यर्थियों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड में किया गया। कंपनी के भर्ती अधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति ब्लॉक स्तर पर सुरक्षा सैनिक और सुपरवाइजर की भर्ती की जा रही हैं। बताया कि शिविर में 34 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें 11 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। चयनित अभ्यर्थियों को एसआईएस ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें तैनाती स्थलों पर सुरक्षा के कार्य मे स्थाई तैनाती दी जाएगी।

## 3 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये का लगाया अर्थदण्ड

**विशुनगढ़ छिबरामऊ कन्नौज।** आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय द्वारा अभियुक्त को धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट में 03 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्त अनुज उर्फ प्रताप सिंह पुत्र धर्म सिंह उर्फ धर्मा नि. उस्मानपुर थाना विशुनगढ़ कन्नौज को 03 वर्ष का कारावास व 5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## डीडी कृषि, एसडीएम ने खाद दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**जालौन, उरई।** नगर में संचालित खाद की दुकानों पर उप निदेशक कृषि व उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण किया। टीम को निरीक्षण के दौरान सिर्फ एक दुकान खुली मिली। टीम ने खाद के तीन नमूने भरे है, जिन्हें जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम के आने की खबर लगते ही खाद की दुकानों की शटर बंद हो गई।।एसडीएम हेमंत पटेल व उप निदेशक कृषि सुशील कुमार उत्तम की टीम ने नगर में संचालित खाद की दुकान पर छापामारी की। टीम ने बंगरा मार्ग कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने संचालित वंदना ट्रेडर्स के यहां छापामारी की। इस दौरान खाद की उपलब्धता देखी गई और स्टाक रजिस्टर से उसका मिलान किया गया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मिला। मौके पर मिले किसानों से खाद की बोरी की कीमत पूछी तो सही मिली। टीम ने किसानों को असली खाद मिल रही या नहीं। यह जानने के लिए खाद के तीन नमूना भरे। इस दौरान नगर में टीम के आने की खबर लगते ही खाद की दुकानों की शटर बंद हो गयी। दुकानों में ताला डलने के कारण अन्य दुकानों की जांच नहीं हो सकी। उप कृषि निदेशक सुशील कुमार ने बताया की खाद की दुकानों से खाद के नमूने भरे गए हैं और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

# एसडीएम ने बगैर प्रपत्र ओवरलोड बालू भरे पांच ट्रकों को पकड़ा

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

रात्रि में एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम के द्वारा मध्य रात में जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग की सड़क में चेकिंग के दौरान अवैध खनन के ओवरलोड भरे 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से बालू की ओवरलोड तथा अवैध खनन परिवहन करने वाले कारोबारियों में हड़कम्प मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10-11 सितम्बर की रात को एसडीएम तथा कालपी कोतवाल जोल्हूपुर मोड़ कदौरा फोरलेन मार्ग में स्थित जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में वालू के अवैध परिवहन ,खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चौकिंग कर रहे थे। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 5 ट्रकों को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। उप जिलाधिकारी ने पकड़े गये वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। एसडीएम ने कहा कि आगामी दिनों



में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले महीने भी अलग-अलग स्थानों से चौकिंग अभियान के दौरान आधा दर्जन से अधिक अवैध बालू परिवहन करने वाले वाहनों को पकड़ कर कार्यवाही की गई थी। उल्लेखनीय हो कि बरसात के कारण 30 जून के बाद से नदियों से खनन का कार्य तीन महीनों के लिए बंद कर दिया गया है। कारोबारियों के द्वारा जगह जगह बालू के डम्प कर दिये गये है।डम्प स्थल से बिना खनिज प्रपत्रों के वालू परिवहन करने में कतिपय लोग शामिल हैं। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के मुताबिक चौकिंग अभियान निरंतर चलाया जाएगा।

# परिषदीय विद्यालयों में माता उन्मुखीकरण सम्मेलन आयोजित

- निपुण माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, जसपुरापुर सरैया प्रथम, जेवां सहित आदि परिषदीय विद्यालयों में माता उन्मुखीकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया।। प्राथमिक विद्यालय अलीनगर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने माता सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्यों के सम्बंध में चर्चा करते हुए बाल वाटिका, निपुण भारत अभियान, डीबीटी, शारदा अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा जैसे विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के सम्बंध में जानकारी साझा करते हुए बच्चों



कार्यक्रम में माताओं को संबोधित करते प्रभारी प्रधानाध्यापक अबधनारायण

के सुनहरे कल के लिए माताओं से सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने का आवाहन किया। सहायक अध्यापक सिराज अहमद ने शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा से विकास के सारे मार्गो को खोला जा सकता है। शिक्षामित्र पंकज सिंह ने कहा कि मां को बच्चे की प्रथम शिक्षिका कहा जाता है। इसलिए आप लोग अपने बच्चों में अभी से अच्छी आदतों का विकास करें। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से मंजू, मीरा, संगीता, नन्ही देवी, कांति, प्रिया सहित 20 निपुण माताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मौसम का मिजाज बिगड़ने से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार की दोपहर से शुरू हुई बारिश बुधवार को भी पूरे दिन जारी रही। दो दिन से हो रही बारिश के चलते सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ। नगर में गलियों में जल भराव हो गया है। साथ ही कच्चे मकानों को भी नुकसान होने लगा है। बारिश के चलते घरों की मिट्टी निकलने लगी है। बारिश के चलते बच्चे भी घरों से खेलने के लिए बाहर नहीं निकल सके। मंगलवार की दोपहर अचानक से मौसम में परिवर्तन हुआ और बादल छा गए। दोपहर तक बारिश शुरू हो गई। मंगलवार को रूक रूककर बारिश होती रही। लेकिन रात में मौसम ने एक बार फि करवट ली और रात से बारिश नहीं थमी। बुधवार को भी पूरे दिन कभी तेज तो कभी धीमी बारिश का सिलसिला चलता रहा। दो दिन से हो रही बारिश के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। लोग अपने काम पर नहीं जा सके। एक ओर जहां खेतों में भी पानी भरा नजर आ रहा है तो दूसरी ओर गलियों में भी बारिश का पानी और कीचड़ नजर आ रहा है। जिन गांवों में गालियां कच्ची थी वहां कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा था। सहाव, सदूपुरा आदि गांव में सीसी रोड नहीं डाली गई है। ऐसे में इन गांवों की गलियों में भी कीचड़ पसरा नजर आ रहा है।

# वादों की सुनवाई कर निस्तारण करें सुनिश्चित : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आडिट आपत्तियों का निस्तारण समय से करें और जो त्रुटियां है उसे ठीक किया जाए। उन्होनें समस्त उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे तहसीलों में प्रतिदिन तहसीलदार, लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के कार्यों की समीक्षा करें। कहा कि कोर्ट में लंबित वादों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होनें यह भी कहा कि 5 वर्ष से अधिक समय के लंबित मुकदमों



का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता से किया जाये। जनपद और तहसीलवार फाइलें निकालकर डिस्पोजल कराया जाए। प्रत्येक दशा में राजस्व वादों में कमी आनी चाहिए। कहा कि जनपद व तहसीलस्तर पर 10-10 बड़े बकायेदारों के नाम चिन्हित कर सूचना पट् पर चस्पा किये जायें। कहा कि सरकारी भूमि को दबाकर बैठे लोगों से भूमि खाली करायी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फीडबैक में आया है कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु भेजी गई टीमों में कुछ टीमें निस्तारण हेतु मौके पर नही पहुंची। ऐसे टीमों के समस्त लेखपालों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये। कहा कि फ्यूचर में टीमों द्वारा शिकायत के निस्तारण के समय शिकायतकर्ता के साथ पुष्टि हेतु फोटोग्राफ्स फीडबैक में संलग्न करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रतिदिन कोर्ट में बैठकर वादों की सुनवाई कर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों का समय से निस्तारण कर उसकी जानकारी पोर्टल पर फीड की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी और तहसीलदारो को निर्देश दिए कि न्यायिक प्रक्रिया का अनुपालन कर न्यायिक वसूली पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर विभाग, स्टाम्प निबन्धन विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत देय विभाग, भू-राजस्व विभाग एवं विविध देय आदि विभागो द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष की गयी वसूली की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिये। कि जिसे जो लक्ष्य निर्धारित है। उसको पूरा करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि विद्युत वसूली पर फोकस किया जाए। अभियान चलाकर विद्युत बिल की वसूली की जाए। भ्रमणशील होकर विद्युत चोरी की निगरानी सुनिश्चित की जाये।

# 18-19 सितम्बर को आलू गोष्ठी व प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में बड़े पैमाने पर आलू की खेती की जाती है। तथा आलू यहाँ की प्रमुख नकदी फसल है। आलू कृषकों द्वारा परम्परागत रूप से कई त्रुटिपूर्ण कृषि पद्धतियां अपनायी जा रही है। जिनमें उर्वरकों, पोषक तत्वों व रसायनों का असन्तुलित प्रयोग व निम्न गुणवत्तायुक्त बीज का प्रयोग किया जाना प्रमुख है। जिसके फलस्वरूप यहाँ के आलू की गुणवत्ता स्तरीय नहीं होती है तथा प्रायः बाजार में उसका अच्छा मूल्य नही मिल पाता है। आलू की टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने व गुणवत्ता में सुधार कर उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निर्देशन में आलू बुवाई के पूर्व 18 व 19 सितम्बर को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत दो दिवसीय जनपद स्तरीय आलू गोष्ठी/ आलू प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया जा रहा है। यह जानकारी जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया है। कि मेले में प्रत्येक दिवस जनपद के न्यूनतम 500 आलू किसानों, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम मेरठ, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर तथा अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों, विषय विशेषज्ञों व निर्यातकों आदि के द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# गुणवत्तापूर्ण हो स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी शिकायतों का निवारण: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों के कामकाज का पर्यवेक्षण समय पर किया जाये। स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी शिकायतों का निवारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। उन्होनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी चिकित्सा केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता शत-प्रतिशत होनी चाहिए। 102,108 एम्बुलेंस प्रत्येक समय संचालित अवस्था मे तैयार रहे। संभव अभियान के अन्तर्गत बच्चों को दी जाने वाली दवायें ई-कवच पोर्टल पर समय से फीडिंग की जाये।




जिलाधिकारी ने ब्लाक सौरिख-67, गुगरापुर-50, हसेरन-43, जलालाबाद- 33 तालग्राम मे 48 बच्चे सहित जनपद में कुल 303 बच्चो का वजन 2.5 किग्रा0 से कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि बच्चों को चिन्हित कर पोषाहार एवं चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध करायें। कहा कि जब आरबीएसके टीम केन्द्र पर जाये तो शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थित होनी चाहिए। आंगनवाडी कार्यकत्री/ सहायिका के आधार व मोबाइल सत्यापन लंबित है वह आधार व मोबाइल सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। उन्होनें समस्त सीडीपीओं को निर्देश दिये कि अभी तक कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत जनपद में 1302 फार्म भरे गये है इसमें और अधिक प्रगति लाई जाएं। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि पूर्ण विवरण सहित पोषाहार

- बच्चों का वजन 2.5 किग्रा से कम पाये जाने पर हुए नाराज

वितरण का रजिस्ट्रर तैयार किया जाये, जिसमें सेन्ट्रों से प्राप्त रिसीविंग एंव लाभार्थियों को वितरण पैकेट का मिलान एक होना चाहिए। किसी भी दशा में राशन बरबाद नही होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं का वैरीफिकेशन कराकर सूची अपडेट की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ विनोद कुमार, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गति सीमा का उल्लंघन करने पर 24 वाहन चालकों के काटे चालान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में चलाए जा वाहन चेकिंग अभियान के तहत यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा अपनी टीम के साथ कन्नौज, तिर्वा हाईवे पर स्पीड लेजर गन से गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर चौबीस वाहनों के गति सीमा का उल्लंघन करने पर चालान काटे गए। बताते चलें कि यातायात निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा ड्रंकन ड्राइविंग और ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के



निर्देश दिए गए हैं। यातायात प्रभारी ने बताया कि 2024 में अभी तक जो सड़क दुर्घटनाएं हुई है। उनमें अधिकतर ड्रंकन ड्राइविंग और ओवर स्पीडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इसलिए यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से अपील की जा रही है। कि ड्रंकन ड्राइविंग (नशे की हालत में) और ओवर स्पीडिंग (गति सीमा का उल्लंघन) न करें।

# हत्या के मामले में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास

- चारों अभियुक्तों पर 4 लाख 28 हजार लगाया गया जुर्माना
- आरोपियों ने दिनदहाड़े खेत में की थी ग्रामीण की हत्या

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवैध शस्त्र व धारदार हथियार से हत्या करने वाले आरोपी गुड्डू उर्फ शिशुपाल, नन्हें, भूरे पुत्रगण मालिखान निवासीगण पहाड़पुर वैरागर शमशाबाद, सरविंद यादव निवासी पंचमनगला मोहम्मदाबाद को अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया है।

बीते 21 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर वैरागर निवासी राकेश कुमार पुत्र हरिश्चंद्र यादव ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की घटना के लगभग डेढ़ साल पहले मेरे गांव के हरिपाल पुत्र मलिखान की हत्या ग्राम नगला देवीदास, मौजा पहाड़पुर वैरागर के विमल यादव व उनके परिजनों ने कर दी थी। यह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।

कुछ दिनों से विमल का मेरे पास आना जाना था। जिसकी वजह से हरिपाल के भाई हमसे रंजिश मानने लगे। मेरा भाई वालेश मेरे गांव के दक्षिण पूरब में स्थित मक्का के खेत से चारा काट रहा था तथा मेरे पिता हरिश्चंद्र व मेरी बहन प्रीति उसी खेत की मक्का रखा रहे थे।

बराबर के खेत में मेरे ताऊ सत्यराम अपनी मक्का रखा रहे थे। समय करीब नौ बजे दिन में मेरे गांव के गुड्डू, नन्हें, भूरे पुत्रगण मलिखान, उनके रिश्तेदार सरविंद गाली-गलौज करते हुए आये। नन्हें व गुड्डू हाथ में




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

तमंचे लिए थे। भूरे अपने हाथ में फावड़ा, सरविंद के हाथ में चाकू था। चारों ने मेरे भाई वालेश को चारा काटते समय घेर लिया और कहा की साले तुम लोग हमारे दुश्मनों के पास बैठते हो उसकी मदद करते हो तुम्हें आज जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इतने में नन्हें ने वालेश के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया, जो उसके गर्दन के नीचे छाती में लगा। गोली लगते ही वालेश वहीं खेत पर गिर गया।

भूरे ने फावड़े से वार किया। इतने में मैं व मेरे पिता, बहन वालेश को बचाने के लिए भागे और मेरे ताऊ सत्यराम भी दौड़कर आए। गुड्डू ने हम लोगों के ऊपर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया। किसी भी तरह से हम लोग बाल-बाल बचे और कहा की पास में आए तो जान से मार देंगे। इस बीच सरविंद ने चाकू से मेरे भाई के गुप्तांग पर वार किया। जिससे वालेश की मौके पर मौत हो गयी। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने गुड्डू, नन्हें, भूरे, सरविंद को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास तथा गुड्डू उर्फ शिशुपाल को एक लाख बीस हज़ार पांच सौ रुपए जुर्माना, नन्हें उर्फ महिपाल को एक लाख पांच हजार पांच सौ रुपए जुर्माना, भूरे को एक लाख पांच सौ रुपए, सरविंद को एक लाख पंद्रह सौ रुपए से दंडित किया।

# बीडीओ ने बैठक में अनुपस्थित सचिवों का एक दिन का काटा वेतन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**




सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

जिलाधिकारी के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी फार्म में दिखे। प्रधानमंत्री आवास, अल्पसंख्यक आवासों तथा आरआरसी सेंटर की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ग्राम पंचायत में पहुंचे और वहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा नवनिर्मित आरआरसी सेंटर कूड़ा कलेक्शन सेंटर व विद्यालय का निरीक्षण किया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों के द्वारा रास्ते में डाले जा रहे घूरे को हटाने के निर्देश दिये। इसके बाद बीडीओ ने कार्यालय पर पहुंचकर ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक बुलाई। जिसमें कई सचिवों को अनुपस्थित देख उनका एक दिन का वेतन रोकने के लिपिक को निर्देश दिये। विकास खंड अधिकारी ने सभी ग्राम सचिव, तकनीकी सहायकों से ग्राम पंचायत में बन रहे अल्पसंख्यक आवासों तथा प्रधानमंत्री आवासों के बारे में समीक्षा की। नए आवासों के लिए उन्होंने सभी तकनीकी सहायकों को निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायत में अल्पसंख्यक आवास जो सरकार की वरीयता में आ रहे हैं उनको कल से जाकर निहास खुदवायें। जिससे कार्य शुरु किया जा सके और विकास खंड कार्यालय पर रविवार वाले दिन किसी जनप्रतिनिधि के द्वारा आवासों के स्वीकृत पत्र तथा आवासों की चाबियां लाभार्थियों को सौंपी जायेंगी। इसके बारे में भी सभी से चर्चाएं की गईं। इस पर भी विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिवों तथा तकनीकी सहायकों से विचार विमर्श किया। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई, कुलदीप राजपूत, सुनील कुमार, अखिलेश कुमार, बृजेश यादव, अरविंद कुमार, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, राहुल चंदेल, लिपिक राज भारती तथा तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, विनय सिंह, मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर का फ्यूज बदल रहे लाइनमैन को लगा करंट, खंभे से नीचे गिरा

- सीएचसी में उपचार के बाद लोहिया किया गया रेफर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र निवासी लाइनमैन एक गांव में ट्रांसफार्मर के खराब होने की सूचना पर साथियों के साथ पहुंचा। वह खंबे पर चढ़कर ट्रांसफार्मर का फ्यूज बदल रहा था।

शटडाउन लेने के बावजूद बिजली लाइन चालू कर दी गई। जिससे उसे जोरदार करंट लग गया। जिससे वह खंबे से नीचे आ गिरा। साथियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम आशा की मड़ैया निवासी दुर्गेश राजपूत राजेपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात है। मंगलवार को वह ग्राम महेशपुर में ट्रांसफार्मर के खराब होने की सूचना पर अपने साथी



सीएचसी में भर्ती लाइनमैन

धर्मेंद्र सहित अन्य लोगों के साथ पहुंचा था। उसने शटडाउन लिया और उसके बाद वह ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फ्यूज बदलने लगा। इसी दौरान बिजली शुरू हो जाने से उसे तेज करंट लगा। जिससे वह पोल से नीचे आ गिरा। उसके साथी एंबुलेंस से उसे राजेपुर सीएचसी ले गये। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्गेश ने बताया कि एसएसओ सुखबीर से उसने शटडाउन लिया था। पुरानी महमदगंज क्षेत्र का उसने शटडाउन लिया और गलती से नई महमदगंज का शटडाउन दे दिया गया। इसके चलते वह जब ट्रांसफार्मर सही कर रहा था, तभी लाइन शुरू हो गई और उसे करंट लग गया।

## बालिका नाले में बही मोहल्ले के लोगों ने बाहर निकाला

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कोचिंग पढ़कर घर जा रही बालिका बरसात के पानी में बह गयी। मोहल्ले वालों ने काफी मशक्कत के बाद उसे नाले से बाहर निकाला। स्वजन आनन-फानन में उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उपचार शुरु कर दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी जगमोहन की छः वर्षीय पुत्री श्रृष्टि बुधवार शाम कोचिंग पढ़कर घर जा रही थी। तीन घण्टे से लगातार हो रही बरसात्त से नाले भर कर चल रहे थे। बालिका पानी से निकलते हुए आगे बढ़ रही थी। पानी का बहाव तेज होने के कारण वह पानी के साथ नाले में बह गयी। मोहल्ले वालों ने काफी मशक्कत के बाद सौ मीटर की दूरी तक बह जाने के बाद बालिका को पानी से बाहर निकालकर स्वजनों को सूचना दी। स्वजन बालिका को बेहोशी की हालत में सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां बालिका का इलाज जारी है।

# वृद्धा को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी की कार ने मारी टक्कर

- घायल वृद्धा को गाड़ी में फंसाकर लगभग 20 मीटर तक घसीटा
- पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लिया, महिला की हालत गंभीर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर के सामने उस समय हड़कंप मच गया जब बुखार की दवा लेकर घर जा रही वृद्धा को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी की कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद कार चालक ने महिला को काफी दूर तक घसीटा। जिससे उसके सिर में काफी गंभीर चोटें आई हैं।

सूत्रों के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी मुन्नी देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी मुनेंद्र प्रताप को कई दिन से बुखार आ रहा था। वह बुखार की दवा सीएचसी में लेने के लिए गई थीं। दवा लेकर जब घर वापस लौट रही थी, तभी जिला सामुदायिक



घायल महिला को उठाते ग्रामीण

विशेषज्ञ सुखवीर सिंह बिना नंबर प्लेट की कार से सीएचसी में एएनएम की सासाहिक समीक्षा बैठक करने पहुंचे। कार चालक ने लापरवाही से सड़क के किनारे छाव में बैठी वृद्धा को टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक 20 मीटर तक गाड़ी से महिला को घसीटते हुए ले गया। स्थानीय लोगों ने निर्दयी अधिकारी व चालक को ऐसा करते हुए देखा, तो भागकर कार को रुकवाया। जिससे महिला को बचाया जा सका तथा ग्रामीणों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। गुस्साए ग्रामीणों के द्वारा चालक को लात-घूसों से पीट दिया गया। निर्दयी जिला सामुदायिक विशेषज्ञ सुखवीर सिंह ने घायल वृद्ध महिला का हालचाल लेना भी उचित नहीं समझा और चिकित्सक के कक्ष में जाकर बैठ गए।

मामले की सूचना मिलने पर एसआई सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया। हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से वृद्ध महिला को जिला अस्पताल से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन वृद्धा को निजी अस्पताल ले गए। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## खबरें एक नजर में

### दर्जनों स्थानों पर हो रहा गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार



गैस की रिफलिंग कर रहा दुकानदार

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। जिससे यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार कस्बा के रोहिला चौराहे के पास गैस रिफलिंग का कारोबार जोरशोर से विगत काफी अर्से से चल रहा है। इसके अलावा कस्बे में ही कैथन नगला रोड, तकीपुर और संकिसा रोड के साथ-साथ खिमसेपुर, रठौरा बाजार तथा कन्हैया मुरहास में धड़ल्ले से गैस रिफलिंग का अवैध कारोबार किया जाता है, जबकि बीते कुछ वर्ष पूर्व कस्बा चौराहे के पास कैथन नगला रोड पर भयंकर हादसा हुआ था। फिर भी स्थानीय पुलिस नहीं चेत रही है। बताया तो यहां तक जाता है कि पुलिस के संरक्षण में यह धन्धा फलफूल रहा है। स्थानीय लोगों ने अवैध रुप से किये जा रहे इस कारोबार पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है।

### जीएसटी के एसआईटी डिप्टी कमिश्नर ने मारा छापा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** इटावा के जीएसटी एसआईटी डिप्टी कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार ने फर्रुखाबाद के असिस्टेन्ट कमिश्नर अभिषेक मिश्रा के साथ रुकसाना टुबैको स्टोर कलाखेल की गोदाम पर छापा मारकर जाँच पड़ताल कर बिना मीडिया को सूचना दिए वापस लौट गये।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गाँव बझेरा निवासी मोहित उम्र 30 वर्षीय पुत्र सतीश चन्द्र अपने मामा प्रेमसिंह उम्र 32 वर्षीय पुत्र भीमसिंह निवासी सिवारा थाना कम्पिल के साथ बाइक द्वारा कायमगंज गल्ला उठान करके वापस घर की ओर जा रहे थे। मेन चौराहा के निकट पहुंचते ही अज्ञात बाइक चालक ने सामने से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### बाइक फिसलने से मां-बेटा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ममापुर निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्षीय पुत्र रनवीर सिंह अपनी माँ सुनीता देवी को बाइक द्वारा रेलवे स्टेशन कायमगंज पर छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह पितौरा के निकट पहुँचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार माँ बेटा घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा घायल



सीएचसी में भर्ती घायल वृद्धा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के शालिग्राम कोल्ड स्टोरेज के सामने ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर हो जाने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा चालक आदर्श मिश्रा पुत्र बाबूराम निवासी सरैया मिर्जापुर आलू के पैकेट लेने के लिए कोल्ड स्टोरेज आया था। अचानक उसने ई-रिक्शे को फर्रुखाबाद-बदायूं मार्ग पर मोड़ दिया। दूसरी तरफ से आ रही बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। जिसके कारण राविन्द्री पत्नी अनिल निवासी ग्राम कलान जो दांत दर्द की दवाई लेने के लिए फर्रुखाबाद जा रही थी वह सड़क पर सिर के बल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमित के द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ई-रिक्शे को थाने में खड़ा कर लिया।

# विद्यालय का ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

- प्रधानाध्यापक ने दी तहरीर, सीओ ने पहुंचकर की जांच

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात चोरों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कमरे का कुंडा काटकर हजारों का सामान पार कर दिया।

जानकारी के अनुसार बीती रात नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर में बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कमरे का कुंडा काटकर उसमें रखा हजारों का सामान चोरी कर लिया। जब सुबह प्रधानाध्यापक पहुंचे, तो विद्यालय के कुंडे कटे देखकर उनके होश उड़ गये। प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद चोरी की सूचना थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने उच्च अधिकारियों को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी




विद्यालय के बाहर मौजूद पुलिस

मोहम्मदाबाद अरुण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तथा थाना पुलिस को मामले की जांच पड़ताल कर गहनता से कार्रवाई करने की बात कही। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र निवासी ग्राम उखरा ने दी तहरीर में बताया कि वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं। बीते दिन वह विद्यालय को विधिवत बंद करके अपने घर चले गये थे। जब वह आज विद्यालय खोलने पहुंचे, तो कुंडे कटे देखे और सारा सामान गायब था। प्रधानाध्यापक ने दी तहरीर में बताया गया है कि विद्यालय में रखे कंप्यूटर का सीपीयू, तीन सिलेंडर, इनवर्टर बैटरी, स्टेब्लाइजर 5 केवीए, प्रोजेक्टर तथा लैब के बीबीडी लाइफ के अन्य उपकरण, दो फैन, दो सीलिंग फैन आदि समान अज्ञात चोर चुरा ले गए। जिसकी लिखित सूचना प्रधानाध्यापक ने थाना पुलिस को दी। वहीं ग्राम प्रधान अभयराज के मुताबिक गांव के ही पास में बना सामुदायिक शौचालय जिसके भी कुंडे तोड़े गए और उसमें रखा दो बोरी सीमेंट, दो पैकेट टाइल्स आदि सामान चोरी कर लिया गया। वहीं थाना पुलिस ने कहा कि तहरीर के आधार पर जांच करार कार्यवाही की जायेगी।



जला सामान देखता दुकानदार

## संदिग्ध परिस्थितियों में कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में कपड़े की दुकान में आग लगने से करीब सात लाख का कपड़ा जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव शिवरई बरियार निवासी सूरजपाल पुत्र रामवीर गुप्ता ने बताया कि उसकी गारमेन्ट की दुकान अलीगंज मार्ग के निकट स्थित है। बीती शाम वह दुकान बंद करके अपने घर चला गया था। रात्रि में किसी पहर संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा कपड़ा थान सहित जल गया। जिससे करीब 7 लाख का का नुकसान हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि पड़ोसी सतेन्द्र ने अपनी कासमेटिक की दुकान का सामान भी हमारी दुकान मे रखा था। वह भी जलकर राख हो गया।

# नगर में कई स्थानों से निकाली गयी गणेश विसर्जन यात्रायें




विसर्जन यात्रा में शामिल भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव के चलते कई स्थानों से विसर्जन यात्रायें निकाली गयीं। जिसमें भक्तगण नाचते गाते गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते चल रहे थे। गणेश चतुर्थी के पांचवें दिन नगर में कई स्थानों से विसर्जन यात्रायें निकाली गयीं। भक्तगण अबीर गुलाल उड़ाते हुए यात्रा में चल रहे थे। भक्तगण रास्ते भर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। हालांकि बरसात के चलते भक्तगणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका उत्साह कम नहीं हुआ। भक्तगणों ने पांचाल घाट गंगा तट पहुंचकर मूर्ति का विधिवत भू-विसर्जन किया। सुरक्षा के चलते पुलिस भी यात्राओं के साथ चल रही थी। कड़ी सुरक्षा के चलते विसर्जन यात्राओं में कोई व्यवधान नहीं पड़ा और शांतिपूर्वक अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचीं। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं व युवतियों ने भी यात्राओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# व्यापारी पर दलित नौकर की हत्या करने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आजाद समाज पार्टी का दबाव पड़ने पर थाना मऊदरवाजा पुलिस ने दलित मजदूर की हत्या करने वाले दुकान मालिक व उसके पुत्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने आज सायं तिकोना पुलिस चौकी के सामने राकेश भारद्वाज की दुकान का जायजा लिया। राकेश को थाने से बुलाकर उसकी दुकान खुलवाई गई थी। राकेश व उसका पुत्र गुरु घटना के बाद से पुलिस की हिरासत में हैं। एसपी के निरीक्षण के बाद सीओ रवीन्द्र राय थाने पहुंचे उन्होंने घटना के बारे में पीड़ित पिता सूरज पाल जाटव से पूछताछ की।

सूरज से तहरीर लिखवाकर रिपोर्ट दर्ज की गई। मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी सूरज पाल जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 5 सितंबर को समय करीब 6 बजे शाम गुरु पुत्र राकेश भारद्वाज निवासी मोहल्ला रकाबगंज खुर्द मेरे पुत्र पिंकू उम्र करीब 15 वर्ष को काम करने के लिये जबरिया अपने घर बुला ले गया। मेरी



जांच पड़ताल करते पुलिस अधीक्षक

पत्नी अनीता पुत्र को साथ में ले जाने से मना करती रही, परन्तु गुरु नहीं माना। 5 सितंबर को समय करीब 7 बजे शाम मैं अपने पुत्र पिंकू को बुलाने गुरु की दुकान जो तिकोना तिराहे पर स्थित है पर गया, तो राकेश भारद्वाज दुकान पर मिले। मैंने अपने पुत्र को साथ भेजने के लिये कहा, तो राकेश भारद्वाज ने 15 मिनट बाद पुत्र को मेरे घर भेजने के लिए कहा। करीब 15 मिनट बाद राकेश भारद्वाज ने मुझे फोन करके बताया की पिंकू घर चला गया है। काफी समय व्यतीत होने के बावजूद भी जब पुत्र घर नहीं आया, तो मैं व मेरे परिजन पुत्र को इधर-उधर तलाशते रहे। 6 सितंबर को समय करीब 10.15 बजे मेरे पुत्र पिंकू की लाश हैवतपुर गढ़िया तिराहे पर नाले में छिपी हुई मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि राकेश भारद्वाज व उसके पुत्रों ने मिलकर मेरे पुत्र पिंकू की नाले के पानी में डुबाकर हत्या कर दी है तथा लाश को नाले में ही छुपा दिया। अब तक अपने पुत्र की मृत्यु से काफी दुखी था। आज थाने प्रार्थना पत्र देने आया है। मालूम हो कि आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नितिन गौतम, सदर विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत सागर, सूरज गौतम एडवोकेट आदि नेताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना प्रभारी पर दबाव बनाया। नेताओं ने पीड़ित पिता के घर जाकर न्याय दिलाने का वादा किया था।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में किया गया। संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक में पिछले सत्र का एफएलएन प्रशिक्षण भत्ता, रसोईया मानदेय, कन्वर्जन कास्ट, फलों की धनराशि, आंगनबाड़ी केंद्र का खाद्यान्न और कन्वर्जन कास्ट की धनराशि तत्काल दिलाने की मांग की गई।

स्कूलों में सफाई कर्मी नहीं जाते जिस कारण स्कूलों की सफाई विरोधकर शौचालयों की सफाई नहीं हो रही।

निरीक्षण के समय सफाई न मिलने पर प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है जो किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं है। सफाई कर्मचारी की मासिक उपस्थिति पूर्व की भांति प्रधानाध्यापकों से ली जाये। अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण में गये और जिले में जो शिक्षक आये हैं उनकी एलपीजी, सर्विस बुक और फंड तत्काल भेजी जाये। बैठक में अवनीश चौहान, राजकिशोर शुक्ल, राजेश कुमार, केपी सिंह, सुशील माथुर, निर्देश गंगवार, देवेन्द्र गंगवार, बलवीर सिंह, बीना राठौर, गजेन्द्र सिंह, अरविंद यादव, मनोज यादव, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर, अजय कटियार, ओम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, उजैफ पठान आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद शिक्षक नेता

## धूमधाम से मना राधा रानी का जन्मोत्सव, हुआ संकीर्तन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर लोहई रोड पर युगल जयंती के अंतर्गत श्रीराधा रानी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीत से परंपरागत मंत्रो उच्चारण स्वास्तिक वचन राधा रानी की स्तुति राधा कृपा कटाक्ष का पाठ किया गया। साथ में पंचामृत के द्वारा अभिषेक सुरेंद्र सफ्फड़, प्रवीण सफ्फड़, पवन अग्रवाल, हर्षित सिंगतिया, पं0 आनंद मिश्रा, सोनू, सुशील ने राधा रानी का विधि विधान से अभिषेक किया।

राधा रानी के जन्मोत्सव पर महिला मंडल के द्वारा संकीर्तन, मंगल गीत एवं बधाइयां प्रस्तुत की गई। राधा एवं श्याम सुंदर की सुंदर अष्ठ कमल दल पर विराजमान भव्य एवं दिव्य दर्शन महाआरती की एवं प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बधाइयां बाटी एवं बच्चों को खिलौने, माखन, मिश्री का महाप्रसाद दिया गया। बधाई गीत एवं मंगलदीप बरसाने में आनंद भयो लाली के जन्म सुनाई जाएगा, बजे मंगल बधाई मैया दे दे बधाई। इस अवसर पर अंजुम दुबे, समाजसेवी संजय गर्ग, संजीव सिंगतिया, सुदामा टंडन, राजू टंडन, रोहित गोयल, अरुण जालान ने बरसाने का आनंद लिया। राधा रानी और श्याम सुंदर की अष्ट कमल दल पर भाव एवं दिव्य दर्शन महा आरती की एवं प्रसाद वितरण किया। इस प्रकारमंदिरों में श्री राधा कृष्ण मंदिर घुमना बाजार, महाकाल मंदिर, गोपीनाथ मंदिर, खतरना लक्ष्मी नारायण मंदिर, पांडेश्वर नाथ मंदिर, गणेश पंडाल में राधा अष्टमी धूमधाम के साथ मनाई गई।


राधा जन्मोत्सव मनाते भक्तगण

### ग्रानगंज में देवी जागरण आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ ग्रानगंज स्थित श्री सिद्ध विनायक मण्डल के तत्वाधान में आयोजित नवम् श्री गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रीगणेश महोत्सव के तहत गुरुवार 12 सितम्बर को रात्रि देवी जागरण का आयोजन किया जा रहा है। लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ. राघवेन्द्र अग्निहोत्री, अमित अग्निहोत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 वर्ष से श्री गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। विधि विधान के साथ भगवान गणेश की मूर्ति को स्थापित कर सात दिन तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। 14 सितम्बर दिन शनिवार को महाआरती व 15 सितम्बर दिन रविवार को छप्पन भोग, 16 सितम्बर सोमवार को हवन पूजन व भण्डारे का आयोजन और 17 सितम्बर दिन मंगलवार को विसर्जन यात्रा का आयोजन किया जायेगा। सात दिन तक चलने वाले उत्सव की विभिन्न व्यवस्थायें कमेटी के कार्यकर्ता रामू अग्निहोत्री, गोविन्द अग्निहोत्री, विनय पाण्डेय, राजेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ खलिफा, नंदराम राठौर, रानू दीक्षित, सर्वेश श्रीवास्तव, आशु त्रिपाठी आदि लोग देख रहे है।

## राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में 257 लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया बचाव के लिए शैक्षिक संस्थानों में दवा खिलाई जा रही है। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्टॉफ सहित 257 छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी नरजीत कटियार ने बताया कि फाइलेरिया लाईलाज है। इससे बचने के लिए वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि अभी 13 सितंबर तक किसी भी कारण से छूटे हुए लोगों को अभियान चलाकर दवा का सेवन कराया जाएगा।

मलेरिया निरीक्षक संगीता ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद आपको अगर चक्कर महसूस होते हैं, जी मिचलाना, उल्टी होना, सिर भारी होना या बुखार आ जाता है तो डरें नहीं यह अपने आप सही हो जाता है। यह उन्हीं लोगों में होता है जिनके अंदर पहले से ही फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डीबीसी महेंद्र सहित विद्यालय का स्टॉफ मौजूद रहा।


फाइलेरिया की दवा वितरित करते मलेरिया अधिकारी

## छायावाद की प्रमुख स्तंभ महीयसी महादेवी वर्मा की मनायी गई पुण्यतिथि

**एसडीएम व तहसीलदार को अभिव्यंजना संस्था द्वारा किया गया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

छायावाद की प्रमुख स्तंभ और फर्रुखाबाद की गौरव महीयसी महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर अभिव्यंजना संस्था के तत्वाधान में पुष्पार्चन और माल्यार्पण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि एसडीएम सदर रजनीकांत ने कहा कि बड़े गौरव का विषय है कि फर्रुखाबाद के साहित्यकार उनको इतने श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। निसंदेह यहां जन्मी महादेवी वर्मा भारतीय साहित्य की ऐसी महान विभूति है जो चिरकाल तक दिशा दिखाती रहेगी।

उनके साहित्य में जो संवेदनशीलता है वह अपने आप में अनुपम है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने कहा कि परतंत्रता के काल में नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली महादेवी वर्मा आज भी सब की प्रेरणा स्रोत हैं और उन्हें गर्व है कि आज उनकी जन्म भूमि मेरा कार्य क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि आज की जो भी नारीवादी व्यवस्था है उसके मूल में कहीं ना कहीं महादेवी वर्मा द्वारा दिखाया हुआ रास्ता है। उन्होंने स्त्री शिक्षा पर विशेष बल दिया। जिसके परिणाम आज हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती हुई भागीदारी है। अभिव्यंजना समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शीघ्र ही महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी महादेवी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा जयपुर से बनकर आ गई है। उन्होंने कहा कि संस्था प्रमुख डा0 रजनी सरीन सदैव हिंदी भाषा और नारी उत्थान के लिए कार्यरत रहती है। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी संजय गर्ग के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर सुरेंद्र पांडेय, निमिष टंडन, कुलभूषण श्रीवास्तव, ब्रज किशोर सिंह किशोर, विनय अग्रवाल, रविंद्र भदोरिया, शरद चंदेल, राजगौरव पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ गुप्त, अरविंद दीक्षित, अनुराग पांडेय, अनिल प्रताप सिंह, उपकार मणि, सुरजीत उर्फछोटू, विपिन अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।


तहसीलदार को सम्मानित करते संजय गर्ग

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्चों को किया जागरुक


बच्चों को जागरुक करती कोआर्डिनेटर रीना दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर रीना दुबे व केस वर्कर राहुल सिंह के द्वारा मोहम्मदाबाद विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय में जाकर प्रचार प्रसार किया गया। बालक और बालिकाओं को बाल श्रम, भिक्षावृत्ति के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें गुड टच बैड टच के बारे में भी बताया गया।

बच्चों को कन्या सुमंगला योजना के साथ सभी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिससे की सभी जरूरनमंद बच्चों की सहायता हो और वे लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में पूरी जानकारी दी। इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।



## प्रोबेशन अधिकारी ने बलीपुर विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों को पढ़ाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बलीपुर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों से विज्ञान और तकनीक मैथ्स से संबंधित सवाल पूछे और पढ़ाया भी। कक्षा 6 में बच्चो को जैन और बौद्ध धर्म का विषय पढ़ाया जा रहा है। चार वेदों के नाम पूछने पर दो बच्चे द्वारा सही जवाब दिया गया। पुरस्कार के रूप में बच्चो को 50-50 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि बच्चों को ज्ञानवर्धन करने के लिए सामान्य ज्ञान की भी जानकारी होना बहुत जरुरी है। विभिन्न परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान संबंधित प्रश्न आते है। एसलिए बच्चे बेसिक पढ़ाई के दौरान सामान्य ज्ञान पर भी ध्यान दे तो आगे की पढ़ाई में सहायता मिलती है। इस मौके पर शिक्षकों से भी शैक्षिक जानकारियां ली।

## लेखपाल के खिलाफ भाकियू ने कार्यवाही की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन बलराज गुट ने लेखपाल के खिलाफ तहसीलदार अमृतपुर को ज्ञापन सौंपा। अमृतपुर क्षेत्र के सवितापुर व नगला दुर्ग के बदोबस्त लेखपाल सुभाष यादव व सावन यादव के द्वारा अवैध रुप से किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। किसानों से इंतखाब निकलवाने के नाम पर 200 से 300 रुपये लिया जाता है। न देने पर इंतखाब में बंजर व जलमग्न दिखाया जाता है और किसानों द्वारा सर्वे के नाम पर रुपये वसूले जाते है। किसानों की समस्याओं को न सुनना और न निदान करना, न निस्तारण करना और धन उगाही करना तथा परेशान करना लेखपालों की आदत बन गयी है। नगला दुर्ग के लेखपाल द्वारा बैनामा की फाइलों पर दाखिल खारिज सर्वे के लिए फाइल रोक लेते है। गरीब किसानों से कार्यों की बजह से रुपये लेते है। जिससे किसानों का समाजिक जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। ऐसे लेखपालों के खिलाफ कार्यवाही व क्षेत्र बदलने की मांग की गई है। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, शादाब खान, रोहित राजपूत, मुकेश, धीरेन्द्र, पंकज कुमार, एनए खान, उज्ज्वलकांत आदि लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

## बारिश होते ही रेलवे रोड बना टापू, सुंदरीकरण ठंडे बस्ते में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

झमाझम बारिश से रेलवे रोड की सड़के टापू बन गयी। नालियों की सफाई न होना और रेलवे रोड का सुंदरीकरण अधर में लटके रहने के कारण बारिश होते ही सड़कों पर पानी भर जाता है। मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी भरने के कारण आवागमन कई घंटे तक अवरुद्ध रहा।

जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद भी अभी तक रेलवे रोड के सुंदरीकरण का कार्य शुरु नहीं किया गया है। इसका जीता जागता नजारा बरसात में देखने को मिल रहा है। पिछले दो साल से रेलवे रोड के दुकानदार सुंदरीकरण का इंतजार कर रहे है। इस संबंध में एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने भी जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर सुंदरीकरण कराये जाने का प्रस्ताव रखा था। उसके बावजूद भी कागजों में कार्य की प्रगति रुकी हुई है। अभी तक रेलवे रोड की दुर्दशा पिछले वर्ष की तरह बनी हुई है। थोड़ी सी बारिश में नालियां बजबजाने लगती है और सड़कों पर पानी भर जाता है। ऐसी स्थिति से दूसरे जनपद से फर्रुखाबाद की तुलना करना चांद में रोशनी दिखाने के समान है। क्योंकि अब नगर पालिकाध्यक्ष भी भाजपा में शामिल हो चुके है। अब वरीयता से बात रखने वाला विपक्ष भी नहीं है। इस मनमानी के कारण शासन-प्रशासन का भी रुख स्पष्ट नहीं दिख रहा है। ऐसे में रेलवे रोड के व्यापारी व जनता परेशानियों से जूझ रहे है।


रेलवे रोड पर भरा बरसात का पानी

## मण्डलीय कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद के रहमान सहित अन्य पांच छात्र बने विजेता

- प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विजेता छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक विद्यालयों की मण्डलीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज इटावा में हुआ। मण्डलीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग 61 किलो भार वर्ग में भदंत विजय सोम इंटर कालेज संकिसा के रहमान ने बाजी मारी।

रहमान ने कड़े मुकाबले के साथ इटावा के पहलवान को हराया। अंडर-17 बालक वर्ग 44 किलो भार वर्ग में नेशनल इंटर कालेज श्योगनपुर संकिसा के सोनू यादव ने बाजी मारी व बालिका वर्ग में समीक्षा व द्वारिका सिंह, कलावती इंटर कालेज हमीरखेड़ा की स्वार्थी व अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर टीम के कोच अवधेश कुमार यादव व टीम मैनेजर अनूप यादव मौजूद रहे।



मैडल के साथ विजेता छात्र-छात्रायें

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर मांतहतों के कसे गए पेंच

- पंचायत का प्रधान व सचिव है मालिक: विधायक
- कोई भी लाभार्थी आवास से न रहे वंचित: शीलचंद राजपूत
- इस योजना का किनको मिलेगा लाभ बीडीओ ने दी जानकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

**प्रधानमंत्री आवास योजना को धार देने के लिए** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में ग्राम प्रधान व पंचायत सदस्यों तथा सचिवों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत ने दीप प्रज्वलन कर किया। ब्लाक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने विधायक व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि को बुके देकर स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत ने कहा कि जो ग्राम प्रधान तथा सचिव सही ढंग से काम व जनता का ख्याल नहीं रखते हैं उन्हें कोई भी कार्य करने की आवश्यकता नहीं है।

अक्सर देखा जाता है कि प्रधान व सचिव आरोप और प्रत्यारोप को लेकर आवास योजना के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थी वंचित रह जाते है। उन्होंने कहा कि ऐसे भी ग्रामीण है कि जिन्हे सरकारी योजनाओं को किस प्रकार प्रापत करना है यह तक नहीं पता है वह लोग वंचित रह जाते है। बीडीओ अमरेश चौहान ने बताया कि कौन-कौन इस आवास योजना के पात्र हैं तथा अपात्र हैं इसकी जानकारी दी है। एक कच्चा कमरा जिसकी छत तथा दीवारें कच्ची हो, परिवार में 16 से 59 वर्ष के मध्य आयु वर्ग को लेकर कोई भी वयस्क सदस्य ना हो, महिला के अलावा कोई भी सदस्य घर परिवार की देखभाल करने वाला ना हो, वह परिवार जिसमें दिव्यांग सदस्य हों तथा परिवार की देखभाल करने वाला कोई भी व्यक्ति वयस्क ना हो, अनु0 जाति तथा जनजाति परिवार का हो, ऐसे परिवार जिसमें 25 वर्ष से अधिक कोई भी वयस्क शिक्षित ना हो, भूमिहीन परिवार जिनकी आय का स्रोत सिर्फ मजदूरी हो। उन्होंने बताया कि अपात्रों की संख्या जैसे- जिनके पास में थ्री व्हीलर तथा फोर व्हीलर हो, जिसके पास में यंत्र चलित कृषि यंत्र हो, जिसके पास में 50 हजार रुपये तक का क्रेडिट कार्ड की लिमिट हो तथा उससे अधिक उसकी आए हो, ऐसे परिवार जिनके पास में कोई भी सरकारी सदस्य कर्मचारी ना हो, ऐसे परिवार जिसका अकर्षित उद्योग भारत सरकार में पंजीकृत हो, ऐसे परिवार जिन परिवार का कोई भी सदस्य 15 हजार रुपए प्रति माह की आए करता हो, ऐसे परिवार जो आयकर का भुगतान करते हो, ऐसे परिवार जो व्यावसायिक कर का भुगतान करते हो, ऐसे परिवार जिन परिवारों के पास में ढाई एकड़ से ज्यादा भूमि हो, ऐसे परिवार जिनके पास में 5 एकड़ से ज्यादा भूमि हो या वह उसके स्वामी हो उन लोगों के लिए यह आवास योजना नहीं है। विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि आजकल प्रधान तथा सचिवों में पात्र को अपात्र व अपात्र को पात्र बनाने की होड़ लगी है। सुनने में आता है कि प्रधान कहता है यह मेरे काम का नहीं और वही सचिव का हाल है। दोनों लोगों को यह मतभेद दूर कर सरकार की मंशा के अनुरुप कार्य करें। बीडीओ ने भी इस योजना के बारे में बारीकि से सभी को समझाया।

किसी भी प्रकार के योग्य लाभार्थी वंचित न रह पाए। ज्यादा से ज्यादा संख्या में रजिस्ट्रेशन व पंजीकरण कराने के लिए ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व सचिव को कार्य में लगने के लिए कहा गया। विधायक ने यह भी कहा कि जो पात्र है उन्हे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय योजना का लाभ मिलना चाहिए, यदि वह इससे वंचित रह जाता है तो संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ मैं कार्यवाही करवाऊंगा। इस मौके खण्ड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान, विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत सहित ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।


बैठक लेते अधिकारी मौजूद विधायक


बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान व सचिव तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य

## दुष्कर्म-हत्या मामले में सीबीआई ने चार जूनियर डॉक्टरों से की पूछताछ

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर महिला डॉक्टर के दुष्कर्म एवं हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार को कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित अपने कार्यालय में चार जूनियर डॉक्टरों से पूछताछ की।

सूत्रों के अनुसार इन चार जूनियर डॉक्टरों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। अब तक इस मामले में सिर्फ एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अस्पताल से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। सीबीआई इस मामले में और साक्ष्य जुटाने के प्रयास में है, ताकि जांच को और तेज किया जा सके। खबर लिखे जाने तक चारों जूनियर डॉक्टरों से पूछताछ जारी थी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई के दौरान पोस्टमॉर्टम प्रक्रिया पर जनहित याचिका दायर करने वाले व्यक्ति ने संदेह व्यक्त किया था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने भी पोस्टमॉर्टम से जुड़े कुछ सवाल पूछे थे और राज्य से इसके दस्तावेजों की जानकारी मांगी थी।

## शहरी क्षेत्र की पीएचसी में आयुष सुविधाएं पहुंचाने वाला देश का पहला राज्य मध्य प्रदेश

**जनजातीय क्षेत्रों में आयुष डॉक्टरों की उपलब्धता में तीसरे व जि. अस्पतालों की संख्या में देश में दूसरा स्थान**



एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहां शहरी क्षेत्र के सभी 328 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के 1440 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में से 695 में आयुष सुविधाएं उपलब्ध हैं और शेष में बढ़ाई जा रही हैं। जनजातीय क्षेत्रों में 228 प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष डॉक्टर उपलब्ध हैं। इस मापदंड पर मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रथम स्थान पर 296 की संख्या के साथ ओडिशा और 279 की संख्या के साथ छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। यह जानकारी बुधवार को जनसम्पर्क अधिकारी अवनीश सोमकुवर ने दी। सब डिविजनल स्तर पर संचालित अस्पतालों और जिला अस्पतालों की संख्या के हिसाब से मध्यप्रदेश देश के प्रथम तीन राज्यों में शामिल है। सब डिविजनल अस्पतालों की संख्या 144 है। तमिलनाडु 281 की संख्या के साथ पहले और कर्नाटक 147 की संख्या के साथ दूसरे नंबर पर है। प्रदेश में जिला अस्पतालों की संख्या 52 है।

**रिपोर्ट में सामने आई बात**

यह तथ्य हाल ही में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ डायनामिक्स ऑफ इंडिया-इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड ह्यूमन रिसोर्स रिपोर्ट में सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश वर्ष 2005 से ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करने वाले देश के पहले छह राज्यों में शामिल हो गया है। इसके अलावा सबसे ज्यादा संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों वाले दस राज्यों में सातवें स्थान पर आ गया है।

**स्वास्थ्य सेवा तंत्र कैसे काम करता है?**

उप स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था और समुदाय के बीच पहली संपर्क संस्था है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण, टीकाकरण, दस्त नियंत्रण, संचारी और गैर-संचारी रोगों के नियंत्रण के संबंध में निचले स्तर पर सेवाएं दी जाती है। आदर्श स्थिति में एक उपकेंद्र में कम से कम एक सहायक नर्स मिडवाइफ, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपलब्ध रहते हैं। यह कम से कम चार गाँव को सेवाएं देता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समुदाय और चिकित्सा अधिकारी के बीच की संपर्क संस्था के रूप में काम करता है। यह 6 उप केंद्रों के लिए एक रेफरल इकाई है। इसमें 4 से 6 बिस्तर की सुविधा होती है और यह 26 गांव को कवर करता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 चिकित्सा विशेषज्ञ, पैरामेडिकल स्टाफ, फिजिशियन, प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ और बाल रोग विशेषज्ञ होते हैं। इसमें एक आपरेशन थिएटर, एक्स-रे, लेबर रूम और प्रयोगशाला सुविधाओं के साथ 30 बिस्तर की क्षमता रहती है।

# सेमीकंडक्टर उद्योग डिजिटल इंडिया मिशन को बनाएगा मजबूत : वैष्णव

एजेंसी



**ग्रेटर नोएडा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास डिजिटल इंडिया मिशन को और मजबूत करेगा।

श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में सभी हितधारकों की उत्साही भागीदारी हमारे पीएम के विजन की सफलता, उनके क्रियान्वयन की क्षमता और जिस व्यवस्थित तरीके से उन्होंने इस नीति को संचालित किया है, उसका एक मजबूत संकेतक है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन प्रौद्योगिकी तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करना है। अब तक की गई सभी पहलों, चाहे वह डिजिटल इंडिया मिशन हो, दूरसंचार मिशन हो, सबने तकनीक को आम नागरिकों के हाथों में पहुंचाया है। हमारे देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास इस विजन को और गहरा करेगा।÷ उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है। हमारे देश के इतिहास में पहली बार सेमीकंडक्टर उद्योग के पूरे इकोसिस्टम से प्रतिभागी मौजूद हैं। एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास के लिए महत्वपूर्ण सभी हितधारक आज एक छत के नीचे मौजूद हैं। श्री वैष्णव ने कहा मैं आप सभी का बहुत-बहुत स्वागत करता हूँ। सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में सभी हितधारकों की उत्साही भागीदारी हमारे प्रधानमंत्री के विजन, क्रियान्वयन की उनकी क्षमता और जिस व्यवस्थित तरीके से उन्होंने इस नीति को संचालित किया है, उसकी सफलता का एक मजबूत संकेतक है। उन्होंने कहा कई प्रयासों के बाद, आखिरकार यह श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में था कि हम अपने देश में उद्योग लाने में सफल रहे। हमारे मिशन के पहले चरण के भीतर बहुत ही कम समय सीमा में, पाँच सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। माइक्रोन इकाई में निर्माण तेजी से चल रहा है, मोरीगांव टाटा इकाई का निर्माण शुरू हो गया है और अन्य तीन इकाइयों का निर्माण बहुत जल्द शुरू होगा। सभी अनुमतियाँ रिकॉर्ड समय-सीमा में प्राप्त की गई हैं, जिसे यदि आप बाकी दुनिया के साथ तुलना करें, तो यह वास्तव में एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा विकास मित्र सेमीकंडक्टर इंडिया कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। दस वर्षों में 85,000 इंजीनियरों और तकनीशियनों का एक मजबूत प्रतिभा पूल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना कांग्रेस की आदत



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विदेशी धरती पर दिए बयानों को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहरा किया और कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना श्री गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत बन गयी है। श्री शाह ने कहा, देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना श्री गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, श्री गांधी ने हमेशा देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना श्री गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा, गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कहकर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। भाजपा नेता कहा, मैं श्री गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

### शिमला मस्जिद विवाद : प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तोड़ी बैरिकेडिंग, लाठीचार्ज

**शिमला।** राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण के मामले में बुधवार को हिन्दू समाज के लोगों का भारी आक्रोश नजर आया। संजौली में धारा 163 लागू होने के बावजूद हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे यहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने संजौली से सटे ढली टनल में पुलिस द्वारा की गई बेरिकेडिंग तोड़ दी और वे विवादित मस्जिद स्थल की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई और पुलिस ने लाठीचार्ज भी की। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में एक पुलिस जवान घायल हुआ है। मस्जिद स्थल के आसपास पहुंच रहे प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस भरकस कोशिश कर रही है। इसके लिए पानी की बौछारें छोड़ीं। प्रदर्शनकारियों के जुटने से संजौली क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। ड्रोन कैमरों के जरिये प्रदर्शनकारियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने विवादित मस्जिद स्थल को पूरी तरह सील कर दिया है। संजौली में तनाव को देखते हुए कारोबारियों ने संजौली बाजार में दुकानें बंद कर दी हैं। आज सुबह 11 बजे कुछ प्रदर्शनकारियों ने संजौली पहुंचकर भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे भी लगाए।

# पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने माना भारत बना स्पोर्टिंग कंट्री : देवेंद्र झाझरिया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआइ) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है। भारतीय दल ने पेरिस में अपने पैरालिंपिक अभियान का समापन सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदकों के साथ किया।

पैरालिंपिक के इतिहास में भारत द्वारा जीते गए 29 पदक सबसे अधिक हैं। इस ऐतिहासिक अभियान के समापन के बाद, भारत ने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक में हासिल किए गए 19 पदकों के अपने रिकॉर्ड को भी पार कर लिया। भारत ने इस मार्की इवेंट का समापन 18वें स्थान पर किया।इससे पहले मंगलवार को पेरिस पैरालिंपिक में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय दल भारत वापस लौट आया।

झाझरिया ने कहा कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है। उन्होंने कहा, पेरिस में हमारे खिलाड़ियों ने इतिहास बनाया है सबसे बड़ा मैसैज ये है कि पेरिस पैरालिंपिक के बाद दुनिया ने ये मान लिया कि है कि भारत एक स्पोर्टिंग कंट्री बन गया है, क्यों कि हम पदक तालिका में शीर्ष 20 में शामिल हो गए हैं, जो बड़ी बात है।÷ झाझरिया ने कहा, जब हम भारत से रवाना हुए थे, तो हमने सोचा था कि हम 25 से ज़्यादा पदक जीतेंगे और शीर्ष 17-18 देशों में शामिल होंगे। भारत अब एक खेल राष्ट्र बन गया है। हमने इतिहास रच दिया है। दूसरे देशों को भी अब एहसास हो गया है कि भारत ने कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की योजनाओं की वजह से ही भारत ने बहु-खेल आयोजन में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में खेलों में काफ़ी काम हुआ है, चाहे वह टॉप्स हो, खेलो इंडिया हो, प्रशिक्षण केंद्र हो आदि। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र की योजनाओं की वजह से ही हमने इतिहास रच दिया है। झाझरिया ने आगे कहा, हमने तीरंदाज़ी में पहला स्वर्ण पदक जीता। हमने ब्लाइंड जूडो में भी पहला पदक जीता। यह शानदार प्रदर्शन था। हमने 12 महीने पहले से ही पेरिस पैरालिंपिक की तैयारी शुरु कर दी थी, हमने पेरिस में पहले ही देख लिया था कि इंडियन फूड रेस्टोरेंट कौन से अच्छे हैं। तो ये एकदिन का परिणाम नहीं है, मैं उन लोगों का भी आभार जताता हूं, जिन्होंने हमारे एथलिटों के लिए हरसंभव मेहनत की, पूरे पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया परिवार को भी बधाई देता हूं क्योंकि ये किसी एक का नहीं, बल्कि सबका योगदान है मसाजर से लेकर प्रधानमंत्री तक सभी इस सफलता के भागीदार हैं। झाझरिया ने प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया, उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में पैरा स्पोर्टस के लिए जो काम किया है वो असाधारण रहा है, उन्होंने हौसला भी बढ़ाया है और सुविधाएं भी दी हैं, उन्होंने दोनों काम किया है, समय से खिलाड़ियों से बात करना उनका हौसला अफजाई करना वो करते आ रहे हैं, जब हम पेरिस जा रहे थे तो उन्होंने सभी से मुलाकात की और हौसला बढ़ाया, सभी खिलाड़ियों के प्रति उनका उत्साह रहता है, उनके एक-एक शब्दों से खिलाड़ी हौसला लेते हैं। बता दें कि भारत ने पैरालिंपिक खेलों में कई रिकॉर्ड फिर से बनाए और पहली बार कुछ उपलब्धियां हासिल कीं।

## देर से होगी मानसून की विदाई संवेदनशील क्षेत्रों में बरतें सतर्कता

समृद्धि न्यूज

**15 सितंबर तक पहाड़ से लेकर मैदान तक खूब गरजेंगे और जमकर बरसेंगे बादल**

**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून अब अंतिम चरण में है, लेकिन विदाई से पहले राज्य के पर्वतीय जिलों में मौसम अपना तेवर दिखाएगा। प्रदेश में 12 और 13 सितंबर को भारी बारिश होंगे। इसके लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वैसे मौसम विभाग ने 15 सितंबर तक पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

उत्तराखंड में इस बार मानसून की विदाई देरी से होने के आसार हैं। प्रदेश के लोगों को अभी बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बुधवार को मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग ने 15 सितंबर तक भारी से भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि 12 और 13 सितंबर को प्रदेशभर में भारी से भारी बारिश को लेकर रेड और आरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में तेज गर्जना के साथ भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह का कहना है कि उत्तराखंड में मानसून की विदाई की आधिकारिक तिथि 15 सितंबर है। इससे पहले प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं। 15 सितंबर तक संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। आवश्यक न हो तो यात्रा करने से भी बचें। भारी बारिश के दौरान भूस्खलन की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चारधाम यात्रियों और पर्यटकों को सावधानी से यात्रा करने की हिदायत दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि नदी-नालों को पार करने की कोशिश न करें। अचानक पानी बढ़ सकता है।

### महाराष्ट्र व कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश को एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति

**नई दिल्ली।** देश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को अपने उत्पाद की बिक्री को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। कृषि मंत्रालय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन की खरीदारी करेगी। इसके लिए अभी तीन राज्यों को अनुमति दी गई है। कृषि मंत्रालय ने महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों के बाद अब मध्य प्रदेश राज्य को भी एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में यह बात कही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कृषि और किसान कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे लिए किसानों की सेवा करना भगवान से प्रार्थना करने जैसा है। पिछले कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के किसान परेशान थे क्योंकि सोयाबीन एमएसपी से नीचे बिक रहा था। सबसे पहले हमने महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों को एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की अनुमति दी।'' केंद्रीय कृषि मंत्री ने आगे कहा, हमें कल (मंगलवार) रात मध्य प्रदेश सरकार से एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने का प्रस्ताव मिला।

## वैस्टर्न डिजिटल ने लॉन्च की सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** वैस्टर्न डिजिटल ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव की रेंज प्रदर्शित की। कंपनी के पुरस्कार विजेता सैनडिस्क ब्रांड की यह रेंज उपभोक्ताओं की स्टोरेज की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं, फिर चाहे वे घर पर हों या सफर पर। आज के समय में हमारी यादें पिक्सलों में हैं, हमारे अनुभव डिजिटल हो गए हैं, ऐसे में और अधिक स्पेस की जरूरत हमेशा बनी रहती है। चाहे बच्चे के पहले कदमों को दर्ज करना हो, सैल्फी लेनी हो या सावधानी से बनाई म्यूजिक लाइब्रेरी का बैकअप लेना हो, ये नए उत्पाद जीवन के सफर को कैद करने, स्टोर करने और संभालने के लिए बनाए गए हैं।

कंपनी ने किफायती सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव भी पेश किए हैं जो आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं जैसे पीला, संतरी, लैवेंडर, नेवी ब्ल्यू, नवागियो बे, ऐबसिंथे ग्रीन व मिंट ग्रीन। इनकी कीमतें रु. 619 से शुरु होती हैं और ये वैस्टर्न डिजिटल स्टोर तथा अधिकृत सैनडिस्क रिटेलर, ई-टेलर एवं वितरकों के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। भारत में वैस्टर्न डिजिटल के वरिष्ठ निदेशक (बिक्री) खालिद वानी ने कहा, ''स्मार्टफोन ने लगभग हर व्यक्ति को एक कॉन्टेंट क्रिएटर में बदल दिया है। फिर भी रचने और खपत के लिए हमारी चाहत बढ़ती जा रही है, और इसी के साथ निर्बाध स्टोरेज सॉल्यूशंस की जरूरत भी बढ़ रही है। वैस्टर्न डिजिटल में प्रयोक्ताओं को भरोसेमंद, इस्तेमाल में आसान और तेज स्टोरेज सॉल्यूशंस से सशक्त बनाने को समर्पित हैं। आज, लखनऊ में अपनी नवीनतम इनोवेशन सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव को प्रस्तुत करते हुए मैं बहुत खुश हूं। ये शानदार फ्लैश ड्राइव विशाल स्टोरेज क्षमताओं से भरपूर हैं ताकि उपभोक्ता आसानी से अपने उपकरण से फाइलें इनमें स्थानांतरित कर सकें; इससे उनकी पसंदीदा फोटो, मूवी, म्यूजिक, गेम्स आदि के लिए काफी स्पेस खाली हो जाएगा।'' फ्लेक्सिबल और सुविधाजनक सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव प्रयोक्ता को यह सुविधा देते हैं कि वे यूएसबी टाईप-सी स्मार्टफोन, टैबलेट एवं मैक तथा यूएसबी टाईप-ए कंप्यूटर के मध्य बिना बाधा के फाइलें स्थानांतरित कर सकें। 100 एमबी प्रति सैकिंड तक की रीड स्पीड के साथ फाइलें तेजी से ट्रांस्फर करें। अब बेशुमार फोटो क्लिक करने का आनंद लें, उन्हें ऐक्सैस करें व अपने सभी उपकरणों में शेयर करें, बिना कुछ भी छोड़े। **अपनी स्टोरेज का विस्तार करें :** सैनडिस्क मोबाइल पैन ड्राइव 512जीबी तक का विशाल स्टोरेज स्पेस देती है। **ऑटोमेटिक बैकअप:** सैनडिस्क ऐप के साथ अपने फोटो, वीडियो, म्यूजिक, दस्तावेजों एवं सम्पर्कों का ऑटोमेटिकली बैकअप लें। **नए रंग :** अब उपलब्ध हैं नए आकर्षक रंगों में जैसे कि नारंगी, पीला और बैंगनी। सभी रंग अब खरीद के लिए उपलब्ध हैं, जिसकी शुरुआती कीमत आईएनआर 619 है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया।

### डल झील में राधाष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**धर्मशाला।** राधाष्टमी के मौके पर मिनी मणिमहेश के नाम से विख्यात धर्मशाला के नड्डी स्थित डल झील में बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राधाष्टमी के मौके पर पवित्र न्हौण यानि स्नान के लिए कांगड़ा जिला सहित दूसरे क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालू डल लेक पंहुचे। पवित्र स्नान में लोगों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इंतजाम किए हुए थे। डल लेक में इस बार पानी भी अच्छी मात्रा में है जिससे श्रद्धालू भी संतुष्ट हैं। पिछले लंबे समय से डल लेक में पानी का रिसाव होता रहा है। हालांकि अब पहले से काफी हद तक पानी का रिसाव रुका है जिससे श्रद्धालुओं ने भी राहत की सांस ली है। उधर इस पवित्र न्हौण के मौके पर शाहपुर के विधायक एवं विधानसभा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बतौर मुख्यातथि पंहुचे और उन्होंने यहां स्थित ऋषि दुर्गेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना कर लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## राहुल अब बचकानी नहीं, शैतानी हरकतें कर रहे हैं : सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका में राहुल गांधी के बयानों और उनसे मिलने वालों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस का हाथ भारत विरोधियों के साथ है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान कल राहुल गांधी भारत विरोधी अमेरिकी सांसद एलान उमर से मिले। एलान उमर हमेशा से पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोध के लिए जाने जाते हैं। राहुल बतौर सांसद और अब नेता प्रतिपक्ष कभी भारत समर्थक अमेरिकी सांसद गिलमैने, एकरमैन से नहीं मिले, अब तुलसी गबार्ड से भी नहीं मिलेंगे। लेकिन भारत विरोधी पत्रकार मुसिफ्फकुल फजर के साथ वे फोटो खिंचाकर इतराते हैं। भारत विरोधी गुरपतवंत पन्नू ने भी राहुल गांधी की तारीफ की है। साफ है कि राहुल गांधी भारत विरोधियों में अधिक लोकप्रिय हैं । राहुल गांधी भारत के पहले ऐसे प्रतिपक्ष के नेता हैं, जो विदेश में जाकर भारत की कमियों और यहां स्वतंत्रता न होने की बात करते हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल के चचा (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि अब ये पप्पू नहीं रहे। उनका कहना सच है, क्योंकि राहुल गांधी पहले बचकानी हरकतें करते थे पर वे अब ऐसी शैतानी हरकतें कर रहे हैं, जो देश के लिए घातक हैं। राहुल गांधी चीन की उपलब्धियों का बखान करते हैं पर यह कभी नहीं बोलते कि चीन के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और अली बाबा के प्रमुख जैक मा कहां गायब हो गए। इसके बावजूद एक तानाशाह देश में उन्हें बोलने की स्वतंत्रता दिखाई देती है और भारत में डर दिखाई देता है।

## खबरें एक नजर में

### डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ

**काठमांडू।** सत्तारूढ़ गठबंधन को प्रतिनिधि सभा के डिप्टी स्पीकर इन्दिरा राना मगर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ हो गया।गठबंधन ने इसके लिए दो तिहाई सांसदों के हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। विपक्ष भी एकजुट होकर इसका सामना करने की तैयारी कर रहा है एक दिन पहले मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक में डिप्टी स्पीकर को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय के साथ संसद में नेपाली कांग्रेस और एमाले पार्टी के सांसदों ने डिप्टी स्पीकर से इस्तीफे की मांग की। इस पर न सिर्फ इंदिरा राना मगर की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने विरोध किया बल्कि उनके बचाव में माओवादी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी सत्तारूढ़ दल पर सवाल खड़े किए। सत्तारूढ़ दल ने इस्तीफा न देने पर महाभियोग की चेतावनी दी थी।एमाले पार्टी के प्रमुख सचेतक महेश बरतौला ने कहा कि महाभियोग के लिए जरूरी समर्थन हासिल कर लिया गया है। जो सांसद काठमांडू में नहीं हैं, उन्हें तत्काल पहुंचने को कहा गया है। सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस के सांसद एन पी साउद ने कहा कि आज किसी भी समय महाभियोग प्रस्ताव लाया जाया जा सकता है। इसी बीच काठमांडू लौटे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछा ने बुधवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात कर अपने पार्टी के नेता को डिप्टी स्पीकर पद से हटाने के कारणों के बारे में पूछा। इस मुलाकात के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है।

### पंजाब एफ ने 26-सदस्यीय टीम घोषित की

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न के लिए अपनी 26-सदस्यीय टीम की घोषणा की। पिछले साल आईएसएल में प्रमोट होने के बाद यह उनका दूसरा आईएसएल सीज़न होगा। पंजाब की टीम 15 सितंबर को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपना आईएसएल अभियान शुरू करेगी और 20 सितंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच खेलेगी। टीम पर हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, ऽहमने एक ऐसी टीम बनाई है जो इस सीज़न में शीर्ष स्थानों के लिए चुनौती पेश कर सकती है। विदेशी खिलाड़ी काफी अनुभव रखते हैं और हमारे पास भारतीय खिलाड़ियों का भी एक शानदार समूह है। हमने पिछले सीज़न के भारतीय खिलाड़ियों के कोर को भी बनाए रखा है। हमारा प्री-सीज़न अच्छा रहा है और हमें उम्मीद है कि हम अपने सीज़न की अच्छी शुरुआत करेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करेंगे।ऽ हेड कोच को सहायक कोच कॉन्सटैंटिनोस काटसारास और भारतीय सहायक कोच संकरलाल चक्रवर्ती का समर्थन मिलेगा। पापा आयोनू लिओनिस को स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच और मनीष तिमसिना को गोलकीपिंग कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

### नाइटिंगेल पुरस्कार देने के लिए नड्डा ने जताया राष्ट्रपति का आभार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया। आज जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया एक्स फोटो पोस्ट करके कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 प्रदान करने के लिए धन्यवाद। यह सम्मान आपको सार्वजनिक सेवा में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कर्मियों के अथक प्रयास अनगिनत लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी नर्सें वास्तव में हमारे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की रीढ़ हैं। आपके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद।

### बिना कीमो, रेडिएशन व सर्जरी के होगा कैंसर मरीजों का इलाज



**दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** बी.आर. हेल्थकेयर और देवी अहिल्या कैंसर पेन एंड पैलिएटिव केयर सेंटर ने कैंसर के इलाज के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। दोनों संस्थानों ने मिलकर एक नए पैलिएटिव केयर सेंटर की स्थापना की है, जो कैंसर के मरीजों के लिए विशेष देखभाल और राहत प्रदान करेगा। राजधानी दिल्ली में खुला यह 50 बेड का इलेक्ट्रो होम्योपैथी अस्पताल कैंसर से पीड़ित मरीजों को बिना कीमो, रेडिएशन और सर्जरी के दर्द और जलन से राहत दिलाने के लिए इलेक्ट्रो होम्योपैथी के माध्यम से उपचार प्रदान करेगा। मुख्य अतिथि, ओम जैन ने कहा, यह केंद्र कैंसर मरीजों के लिए समर्पित एक अनूठा प्रयास है। बिना किसी सर्जरी या कीमोथेरेपी के, मरीजों को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के माध्यम से एक किफायती और प्रभावी इलाज मिलेगा। यह कदम देश की राजधानी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। विशेष अतिथि, श्री अनिल शास्त्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, कैंसर के मरीजों के लिए ऐसा समर्पित केंद्र होना बहुत ही सराहनीय है। यह सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के लिए एक संपूर्ण सहारा है, जो उन्हें जीवन की कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देगा।